आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 33°C | 22°C |

इनसाइड न्यूज

सार्वजनिक की जाय पीजीआई, केजीएमयू और अस्पतालों में...

उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

सोमवार 21 अक्टूबर, 2024 / पेज: 12 / मूल्य: ₹3.00/- लखनऊ वर्ष: 16, अंक: 11 www.janexpresslive.com/epaper
दिल्ली कोचिंग सेंटर मौत मामले... 12

# बाबा विश्वनाथ की कृपा से पूरा हो रहा स्वस्थ और समर्थ भारत का मिशन : पीएम मोदी

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने काशी में किया आर जे शंकरा नेत्र चिकित्सालय का उद्घाटन

- पीएम मोदी ने बीते 10 साल में स्वास्थ्य सुविधाओं में हुए अभूतपूर्व विस्तार का किया उल्लेख
- नई ऊर्जा और संसाधनों के साथ नवजीवनदायिनी भी बन रही मोक्षदायिनी काशी: पीएम

जन एक्सप्रेस । वाराणसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को वाराणसी में आर जे शंकरा नेत्र चिकित्सालय का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने काशीवासियों और पूरे पूर्वांचल को इस आधुनिक अस्पताल की सौगात मिलने पर बधाई दी। उन्होंने इसे काशी के लिए आधुनिकता और आध्यात्मिकता का संगम बताया और कहा कि भगवान शंकर की नगरी में स्थापित यह अस्पताल यहां के बुजुर्गों, बच्चों और गरीबों को बेहतर नेत्र चिकित्सा सेवाएं प्रदान करेगा। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि स्वस्थ और समर्थ युवा पीढ़ी ही विकसित भारत के संकल्प को पूरा कर सकेगी। उन्होंने कहा कि इस मिशन में शंकराचार्य का आशीर्वाद उनके साथ है और बाबा विश्वनाथ की कृपा से यह मिशन सफल होगा।




### 10 वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं

उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति को बीमारी से बचाना सरकार की प्रमुख प्राथमिकता है, क्योंकि बीमारी गरीब को और गरीब बना देती है। बीते 10 वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं, लेकिन एक गंभीर बीमारी उन्हें फिर से गरीबी में धकेल सकती है। इसी कारण सरकार पोषक खानपान और टीकाकरण पर विशेष जोर दे रही है।

### राकेश झुनझुनवाला की विरासत का उल्लेख

प्रधानमंत्री मोदी ने इस अवसर पर अपने मित्र और व्यापार जगत के प्रसिद्ध व्यक्ति राकेश झुनझुनवाला को भी याद किया। उन्होंने कहा, झुनझुनवाला जी की व्यापार जगत में एक विशिष्ट पहचान थी, लेकिन वह सेवा कार्यों से भी जुड़े थे। उनकी विरासत को उनका परिवार आगे बढ़ा रहा है, और यह अस्पताल उसी का एक प्रमाण है। प्रधानमंत्री ने इस मौके पर झुनझुनवाला के सेवा कार्यों की सराहना की और कहा कि उनका योगदान समाज के लिए प्रेरणादायक रहेगा।

### पूर्वांचल में स्वास्थ्य सुविधाओं का अभूतपूर्व विस्तार

प्रधानमंत्री मोदी ने पूर्वांचल में पिछले एक दशक में हुए स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा, 卐आज से 10 साल पहले पूर्वांचल में दिमागी बुखार जैसी गंभीर बीमारियों के लिए ब्लॉक स्तर पर उपचार की कोई सुविधा नहीं थी। लेकिन आज, 100 से अधिक केंद्र इन बीमारियों के इलाज के लिए कार्य कर रहे हैं।卐 उन्होंने यह भी बताया कि प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में 10,000 से अधिक बेड जोड़े गए हैं। इसके अलावा, गांवों में 5,500 से अधिक आयुष्मान आरोग्य मंदिर स्थापित किए गए हैं, और 20 से अधिक डायलिसिस यूनिट अब काम कर रही हैं।

### स्वास्थ्य सेवाओं में पुरानी सोच को बदला गया

प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति पुरानी सोच और अप्रोच को पूरी तरह बदल दिया है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी भारत की नई राजनीति के पांच स्तंभ हैं। पहला- बीमारी से पहले का बचाव, दूसरा- बीमारी की समय पर जांच, तीसरा- मुफ्त और सस्ता इलाज एवं दवाइयां, चौथा- छोटे शहरों में अच्छा इलाज और डॉक्टरों की उपलब्धता और पांचवां- टेक्नोलॉजी का विस्तार।

### काशीवासियों को समर्पित आधुनिक नेत्र चिकित्सालय

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि काशी के लिए यह दिन विशेष है, क्योंकि इस आधुनिक नेत्र चिकित्सालय की स्थापना से पूर्वांचल को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी। उन्होंने बताया कि यह अस्पताल केवल नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में ही नहीं, बल्कि रोजगार के अवसरों को भी बढ़ावा देगा। यहां मेडिकल कॉलेज के छात्रों को प्रैक्टिस का अवसर मिलेगा, वहीं सपोर्ट स्टाफ के रूप में नौकरियों के भी रास्ते खुलेंगे। उन्होंने कहा, काशी अनंत काल से धर्म और संस्कृति की राजधानी रही है, और अब यह स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में भी अग्रणी हो रही है।

### शंकराचार्य जी के आशीर्वाद से पूर्वांचल को मिला उपहार

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में शंकराचार्य जी के आशीर्वाद को विशेष रूप से याद किया। उन्होंने कहा, मेरे लिए यह बहुत संतोष का विषय है कि शंकराचार्य जी के मार्गदर्शन में मैंने कई कार्य पूरे किए हैं। उनके आशीर्वाद से पूर्वांचल को यह आधुनिक अस्पताल मिला है। यह मेरे संसदीय क्षेत्र के लोगों के लिए एक बड़ी सौगात है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्हें शंकराचार्यों का सानिध्य और स्नेह प्राप्त हुआ, और यह उनके जीवन का बड़ा सौभाग्य है। उन्होंने कहा कि जगद्गुरु शंकराचार्य का काशी आना और यहां के जनप्रतिनिधि के रूप में उनका स्वागत करना उनके लिए एक व्यक्तिगत संतोष का विषय है।

### टीकाकरण की दर में उल्लेखनीय वृद्धि हुई

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि 10 साल पहले करोड़ों बच्चे टीकाकरण से वंचित थे। उन्होंने मिशन इंद्रधनुष की शुरुआत की, जिससे टीकाकरण की दर में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। उन्होंने बताया कि यह अभियान कोरोना काल में भी काफी मददगार साबित हुआ।

### आरोग्य धाम मंदिर और डिजिटल हेल्थ आईडी का विस्तार

प्रधानमंत्री ने कहा कि बीमारी का समय पर पता लगना भी उतना ही महत्वपूर्ण है, जितना कि उसका इलाज। इसी उद्देश्य से देशभर में आरोग्य धाम मंदिर, क्रिटिकल केयर ब्लॉक, और आधुनिक लैब का नेटवर्क तैयार किया जा रहा है। इसके साथ ही डिजिटल हेल्थ आईडी और ई-संजीवनी ऐप के माध्यम से घर बैठे परामर्श की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है।

# 'नेत्र रोगियों को नया जीवन देने का प्रतिष्ठित अभियान चला रहा शंकर आई फाउंडेशन'

- शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में काशी ने रचे नित नए प्रतिमान, 2500 करोड़ की लागत से स्वास्थ्य क्षेत्र में हुए कार्य: मुख्यमंत्री
- यूपी के मुखिया ने कांचिपुरम से काशी तक की यात्रा के लिए जगद्गुरु शंकराचार्य व शंकर आई फाउंडेशन का जताया आभार

जन एक्सप्रेस । वाराणसी



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पीएम मोदी की प्रेरणा से काशी के सेवा व विकास के अभियान में नई कड़ी जुड़ी है। आज उत्तर प्रदेश में शंकर आई हॉस्पिटल की द्वितीय शाखा का उद्घाटन हुआ है। शंकर आई फाउंडेशन देश के अंदर नेत्र रोगियों को नया जीवन देने का प्रतिष्ठित अभियान चला रहा है। पूज्य शंकराचार्य की प्रेरणा से 1977 में चला यह अभियान देश के विभिन्न क्षेत्रों में शंकर आई हॉस्पिटल के माध्यम से लोगों के जीवन में नई रोशनी लाने का कार्य कर रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को वाराणसी में आरजे शंकरा नेत्र चिकित्सालय के उद्घाटन समारोह में कांची कामकोटि पीठ के शंकराचार्य जगद्गुरु शंकर विजयेंद्र सरस्वती व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में अपनी बातें रखीं। सीएम योगी ने कांचिपुरम से काशी तक की इस यात्रा के लिए जगद्गुरु शंकराचार्य व शंकर आई फाउंडेशन का अभिनंदन किया।

### स्वास्थ्य के क्षेत्र में काशी ने रचे नित नए प्रतिमान

सीएम योगी ने कहा कि पीएम मोदी की प्रेरणा, मार्गदर्शन व नेतृत्व में काशी 10 वर्ष में न केवल विकास के नए रूप में देखने को मिल रही है, बल्कि काशी ने शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में नित नए प्रतिमान भी रचे हैं। बाबा विश्वनाथ की पावन धरा में विकास व सेवा के नए-नए प्रकल्प जुड़े हैं। यहां 2500 करोड़ की लागत से स्वास्थ्य क्षेत्र में कार्य हुए हैं। काशी में पं. मदन मोहन मालवीय कैंसर हॉस्पिटल, होमी भाभा कैंसर हॉस्पिटल, 430 बेडेड सुपर स्पेशियिलिटी हॉस्पिटल बीएचयू के अंदर सर सुंदर लाल हॉस्पिटल में 100 बेडेड एमसीएच विंग, ईएसआईसी हॉस्पिटल में 150 बेडेड सुपर स्पेशियिलिटी ब्लॉक का निर्माण हुआ है। कार्यक्रम में राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, संस्था से जुड़े डॉ. एसवी बाला सुब्रमण्यम, डॉ. आरवी रमणी, मुरली कृष्णमूर्ति, रेखा झुनझुनवाला आदि की मौजूदगी रही।

### काशी, पूर्वी उत्तर प्रदेश व बिहार की बड़ी आबादी की आवश्यकता की होगी पूर्ति

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय राजकीय चिकित्सालय, लाल बहादुर शास्त्री चिकित्सालय, शिवप्रसाद गुप्त मंडलीय चिकित्सालय का उच्चीकरण, जिला महिला चिकित्सालय कबीरचौरा में 100 बेडेड मैटर्निटी विंग का निर्माण कार्य संपन्न हुआ है। काशी में स्वास्थ्य के बेहतरीन सुविधा के क्रम में आरजे शंकर आई हॉस्पिटल की नवीन इकाई का शुभारंभ हो रहा है। स्वास्थ्य के बड़े हब के रूप में यह काशीवासियों, पूर्वी उत्तर प्रदेश व बिहार की बड़ी आबादी की आवश्यकता की पूर्ति करने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करेगा।

### 10 वर्ष में यूपी में स्वास्थ्य के क्षेत्र में हुए बेहतरीन कार्य

सीएम योगी ने कहा कि काशी की तरह उत्तर प्रदेश में भी स्वास्थ्य के क्षेत्र में 10 वर्ष में बेहतरीन कार्य हुए हैं। हर जनपद में मेडिकल कॉलेज की स्थापना, डायलिसिस-सिटी स्कैन की सुविधा, 15 हजार से अधिक आयुष्मान आरोग्य मंदिर के माध्यम से ग्रामीण स्तर पर लोगों को स्वास्थ्य व ट्रेडिशनल मेडिसिन की बेहतरीन सुविधा मिली। पीएम मोदी के नेतृत्व में यह अभियान यूपी में तेजी से बढ़ रहा है। सीएम योगी ने कहा कि इस दिशा में सरकार के साथ-साथ निजी क्षेत्र व धर्मार्थ क्षेत्र का योगदान महत्वपूर्ण है।

# गंदेरबल में चार गैर-स्थानीय मजदूरों को मारी गोली, दो की मौत



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। जम्मू

जम्मू-कश्मीर में एक बार फिर आतंकियों ने कायराना करतूत को अंजाम दिया है। दहशतगर्दों ने गंदेरबल जिले के गगनगीर सोनमर्ग इलाके में निर्माणाधीन सुरंग में दो गैर स्थानीय मजदूरों की गोली मारकर हत्या कर दी। जबकि इस हमले में दो मजदूर घायल हैं, जिन्हें उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के बाद मिली सूचना पर मौके पर पहुंची सुरक्षाबलों की टीम ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी है और आतंकियों की तलाश में सर्च ऑपरेशन चलाया हुआ है। बता दें कि तीन दिन पहले ही बिहार के एक मजदूर को ऐसे ही मौत के घाट उतार दिया गया था। दक्षिण कश्मीर के शोपियां में बिहार के मजदूर अशोक चौहान की हत्या के बाद आतंकियों की तलाश में दूसरे दिन भी तलाशी अभियान चलाया गया। आसपास के संदिग्ध ठिकानों पर छापा भी मारा गया। मजदूर के फोन की कॉल डिटेल खंगाली जा रही है। इस बीच हत्या के विरोध में शनिवार को शोपियां में कॉलेज के छात्रों व स्थानीय नागरिकों ने रैली निकाली। उप राज्यपाल मनोज सिन्हा, मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला समेत तमाम राजनीतिक दलों ने लक्षित हत्या की कठोर शब्दों में निंदा की है। हत्या के खिलाफ एकजुटता दिखाते हुए शोपियां के नागरिकों व छात्रों ने विरोध मार्च शहर के मुख्य चौराहे से निकाला। शांति के संदेश वाले बैनर और तख्तियां लिए छात्रों ने इस बात पर जोर दिया कि ऐसे अमानवीय कृत्यों को रोका जाना चाहिए, क्योंकि कोई भी धर्म निर्दोष लोगों की हत्या की वकालत नहीं करता है। हम हिंसा के खिलाफ और मानवता के लिए एकजुट हैं। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने कहा कि मैं शोपियां में कायर आतंकवादियों द्वारा अशोक चौहान की नृशंस हत्या की कड़ी निंदा करता हूं। पूरा देश उनके परिवार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है।

### उमर अब्दुल्ला ने जताया दुख

इस हमले के बाद प्रदेश के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने ट्वीट पर दुख जताते हुए लिखा, सोनमर्ग क्षेत्र के गगनगीर में गैर-स्थानीय मजदूरों पर कायरतापूर्ण हमले की खबर बहुत दुखद है। ये लोग इलाके में एक प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजना पर काम कर रहे थे। इस आतंकवादी हमले में दो लोग मारे गए हैं और 2-3 अन्य घायल हुए हैं। मैं निहत्थे निर्दोष लोगों पर इस हमले की कड़ी निंदा करता हूं और उनके प्रियजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करता हूं।

# बहराइच हिंसा: हाईकोर्ट ने दी राहत, 23 अक्तूबर के पहले नहीं चल सकेगा बुलडोजर, मानने होंगे सुप्रीम कोर्ट के नियम

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। बहराइच



बहराइच हिंसा के आरोपियों के घर बुलडोजर अभी फिलहाल 23 अक्तूबर तक नहीं चल सकेगा। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने इस पर रोक लगा दी है। शुक्रवार को इन घरों पर नोटिस चस्पा कर दिया गया था। इसमें सभी को तीन दिन का समय दिया गया था। एआर मसूदी और सुभाष विद्यार्थी की खंडपीठ ने एसोसिएशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ सिविल राइट की जनहित याचिका पर फैसला सुनाते हुए कहा कि 23 अक्तूबर तक इस पूरे मामले की जांच की जाएगी। उसके बाद यह फैसला लिया जाएगा। महसी तहसील के महराजगंज कस्बे में रविवार को पूरा दिन बुलडोजर कार्रवाई के डर में बीता। दिन भर लोग बुलडोजर चलने की आशंका में सहमे रहे हालांकि प्रशासन की तरफ से कोई कार्रवाई नहीं हुई। शनिवार को लोग जहां खुद दुकान व मकान तोड़ते दिखे थे तो वहीं रविवार को भी यह सिलसिला जारी रहा। विगत 13 अक्तूबर को दुर्गापूजा के दौरान पत्थरबाजी व रामगोपाल मिश्रा हत्याकांड की घटना के बाद से महराजगंज कस्बे में सन्नाटा अभी भी पसरा है। मुख्य आरोपी अब्दुल हमीद सहित 23 लोगों के घरों पर ध्वस्तीकरण का नोटिस चस्पा किया गया था जिसके बाद से कस्बे में हड़कंप की स्थित है। हालांकि बीते दो दिनों में कुछ परिस्थितियां बदली हैं और लोगों की दुकानें खुलने लगी हैं। रविवार को महराजगंज कस्बे की मुख्य बाजार में कई दुकानें बंद रहीं।


### महराजगंज कस्बा छोड़ आसपास के बाजार में बढ़ी हलचल

महराजगंज की घटना के बाद रमपुरवा, खैरीघाट, राजीचौराहा, भगवानपुर चौराह आदि बाजारें भी प्रभावित हुई थीं। लेकिन अब यहां स्थिति लगभग सामान्य हो गई है। रविवार को सभी बजारों में रौनक बढ़ी दिखी। लोगों की भीड़ बजार में उमड़ी और लोगों ने सामान्य दिनों की भांति ही खरीदारी की। साथ ही चाय की टपरियों व होटलों पर भी रौनक रही।

# दिल्ली में घुटने लगीं सांसें!: खराब श्रेणी में वायु प्रदूषण, अगले तीन दिन भारी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

राजधानी में स्थानीय कारक हवा को प्रदूषित कर रहे है। ऐसे में वायु प्रदूषण खराब श्रेणी में बरकरार है। आने वाले दिनों में लोगों को सांस लेने में अब और परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। रविवार को लोगों ने खराब हवा में सांस ली। इस दौरान वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 277 दर्ज किया। हालांकि, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के मुताबिक बुधवार को हवा बेहद खराब श्रेणी में पहुंचने की आशंका है। साथ ही, एनसीआर में दिल्ली की हवा सबसे अधिक प्रदूषित रही। सीपीसीबी के आंकड़ों के अनुसार आनंद विहार और वजीरपुर सहित 13 इलाकों में हवा बेहद खराब श्रेणी में दर्ज की गई। जबकि अन्य इलाकों में हवा खराब श्रेणी में बनी रही।



### एनसीआर में दिल्ली की हवा सबसे अधिक प्रदूषित

सीपीसीबी के अनुसार एनसीआर में दिल्ली की हवा सबसे अधिक प्रदूषित रही। यहां एक्यूआई 277 रहा, जोकि खराब श्रेणी है। वहीं, गाजियाबाद में 243, गुरुग्राम में 219, नोएडा में 206, फरीदाबाद में 143 व ग्रेटर नोएडा में 124 एक्यूआई दर्ज किया गया।

### बुधवार तक हवा बेहद खराब श्रेणी में पहुंचने की आशंका

भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान (आईआईटीएम) के मुताबिक रविवार को हवाएं पूर्व से दक्षिण-पूर्व व उत्तर-पूर्व दिशा की ओर से चली। इस दौरान हवा की गति 8 से 14 किलोमीटर प्रतिघंटे रही। सोमवार को हवाएं दक्षिण-पूर्व दिशा से चलने का अनुमान है। इस दौरान हवा की गति 6 से 12 किलोमीटर प्रतिघंटे से चलेंगी। ऐसे में हवा बेहद खराब श्रेणी में पहुंच सकती है। मंगलवार को हवा पूर्व दिशा की ओर से चलेंगी। हवा की चाल 8 किलोमीटर प्रति घंटे रहने का अनुमान है। वहीं, बुधवार को हवा विभिन्न दिशा से चलेगी। इस दौरान हवा की गति 6-12 किमी रहने का अनुमान है।

### दिन में धूप कर रही है परेशान

राजधानी में दिन के समय धूप परेशान कर रही है। सूरज की तपिश से तापमान बढ़ रहा है। हालांकि, सुबह-शाम हल्की ठंड का अहसास हो रहा है। रविवार को कई इलाकों में न्यूनतम तापमान करीब 18 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज किया गया। दिल्ली का अधिकतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री अधिक के साथ 35.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया। जबकि न्यूनतम तापमान सामान्य से दो डिग्री अधिक के साथ 20.3 डिग्री सेल्सियस रहा। इस दौरान रिज में सबसे कम न्यूनतम तापमान 17.0 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया।

**रिपोर्ट** उत्तर प्रदेश की 9 विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव में प्रत्याशी न उतारने का मन बनाया है

# बिना लड़े भी हार स्वीकारना सीख लिया कांग्रेस ने!

- इंडिया गठबंधन के तहत समाजवादी पार्टी ने कांग्रेस को दो सीटें गाजियाबाद और खैर सीट दी हैं
- लेकिन कांग्रेस दोनों ही सीट पर अपने जीत को लेकर आश्वस्त नहीं है
- अब उसने उपचुनाव से अपने कदम पीछे खींचने का फैसला किया है, वह अब सभी सीटों पर सपा प्रत्याशी का समर्थन करेगी

जन एक्सप्रेस । डॉ.वैभव शर्मा



**लखनऊ।** कांग्रेस पार्टी ने अब बिना चुनाव लड़े भी हारना स्वीकारना शुरू कर दिया है। उत्तर प्रदेश की 9 विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव में जहां पहले ज्यादा सीट के लिए कांग्रेस नेतृत्व समाजवादी पार्टी से राजनीतिक सौदेबाजी कर रहा था। वहीं अब कांग्रेस ने प्रत्याशी न उतारने का मन बनाया है। इंडिया गठबंधन के तहत समाजवादी पार्टी ने कांग्रेस को दो सीटें गाजियाबाद और खैर सीट दी हैं। लेकिन कांग्रेस दोनों ही सीट पर अपने जीत को लेकर आश्वस्त नहीं है। लिहाजा अब उसने उपचुनाव से अपने कदम पीछे खींचने का फैसला किया है। वह अब सभी सीटों पर समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी का समर्थन करेगी। इसका एलान कांग्रेस की तरफ से जल्द किया जा सकता है।

### गठबंधन के तहत त्याग का सन्देश भी देना चाहती है

कांग्रेस नहीं चाहती की गाजियाबाद और खैर सीट पर उपचुनाव लड़कर वह हारे और कार्यकर्ताओं का मनोबल टूटे। साथ ही कांग्रेस गठबंधन के तहत त्याग का सन्देश भी देना चाहती है। ठीक वैसे ही जैसा हरियाणा चुनाव में सीट न मिलने के बाद अखिलेश यादव ने कहा था कि बीजेपी को हराने के लिए वह कुर्बानी दे रहे हैं।

### कांग्रेस की तरफ से पांच सीटों की डिमांड की गई थी

कांग्रेस की तरफ से पांच सीटों की डिमांड की गई थी। कांग्रेस ने समाजवादी पार्टी से उन सीटों की मांग की थी जहां बीजेपी को 2022 के चुनाव में हार मिली थी। लेकिन बात नहीं बन पाई तो कांग्रेस की तरफ से फूलपुर और मंझवा सीट मांगी गई। लेकिन अखिलेश यादव ने इन दोनों ही सीटों पर प्रत्याशी उतार दिए। हालांकि, गठबंधन के तहत समाजवादी पार्टी ने गाजियाबाद और अलीगढ़ की खैर सीट कांग्रेस के लिए छोड़ दी। इन दोनों ही सीटों पर इंडिया गठबंधन के लिए राह आसान नहीं है। यहां बीजेपी काफी मजबूत है। यही वजह है कि कांग्रेस अपने हिस्से की दो सीटों को बदलवाना चाह रही थी, लेकिन बात नहीं बनी, जिसके बाद अब कांग्रेस ने मन बना लिया है कि वह अपने हिस्से की दोनों सीटों को भी सपा को दे देगीताकि कार्यकर्ता का मनोबल न टूटे। कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक लोकसभा चुनाव में 6 सीटें जीतने के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ा है अब उसकी निगाहें 2027 के विधानसभा चुनाव पर है।

### आंकड़ों के हिसाब से दोनों ही सीट पर सपा-कांग्रेस गठबंधन के बावजूद कमजोर!

कांग्रेस के खाते में जो दो सीटें गई हैं, वहां सपा की स्थिति भी ठीक नहीं है। 2022 के विधानसभा चुनाव में गाजियाबाद में बीजेपी को 61.37 फीसदी, सपा को 18.25 फीसदी और कंग्रेस को 4.81 फीसदी वोट मिले थे। यहां तक कि लोकसभा चुनाव में भी बीजेपी ने इस सीट को बड़े अंतर से जीता था। लोकसभा चुनाव में गठबंधन के तहत यह सीट कांग्रेस के खाते में थी। यही हाल खैर विधानसभा सीट का रहा। 2022 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी के अनूप प्रधान को इस सीट पर 55 फीसदी से अधिक वोट मिले थे, जबकि रालोद को 16 फीसदी से अधिक वोट मिले थे। यहां सपा और रालोद का संयुक्त प्रत्याशी मैदान में था। कांग्रेस को महज 0.6 प्रतिशत वोट मिले थे। आंकड़ों के हिसाब से दोनों ही सीट पर सपा कांग्रेस गठबंधन के बावजूद कमजोर नजर आती है। ऐसे में कांग्रेस नेताओं का मानना है कि चुनाव लड़कर हारने से बेहतर है कि न लड़कर सपा को समर्थन दिया जाए।

# दीपावली मेले से पहले पूरी कर लें तैयारियां : डीएम

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने आगामी दीपावली अमावस्या मेले को सकुशल संपन्न कराने के लिए रविवार को मेला क्षेत्र की व्यवस्थाओं का भ्रमण कर जायजा लिया।

जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा के अंदर कार्यों का अनुपालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

इस दौरान जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी कर्वी को निर्देशित किया कि मुख्य मार्ग से रामघाट पर जाने के लिए बने संपर्क मार्ग में प्रकाश की व्यवस्था कराएं। रामघाट पर लगे सीसीटीवी कैमरों को ठीक कर संचालित कराएं। रामघाट में अतिक्रमण को हटवाने एवं टूटे पत्थरों बदलवाने के लिए भी निर्देशित किया। कहा कि मेले के दौरान पर्याप्त मात्रा में टॉयलेट की व्यवस्था होनी चाहिए। सफाई कर्मचारियों को लगाकर साफ सफाई काम अभी से करना सुनिश्चित करें एवं सभी जगह डस्टबिन भी लगवाए। साथ ही कंट्रोल रूम में सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराए। इसके बाद जिलाधिकारी ने सेठ राधा-कृष्ण पोद्दार इंटर कॉलिज का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया कि पार्किंग न करके टेंट लगवाएं। उन्होंने अधिशासी अभियंता लोनिवि प्रांतीय खंड को निर्देशित किया कि पार्किंग के चिन्हित किए गए 14 स्थलों पर जेई को भेज कर पार्क की जाने वाले गाडियों की संख्या की सूची प्रेषित करें। राम सैया के रैन बसेरा के निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत राज अधिकारी को साफ-सफाई एवं रंग-रोगन करवाने एवं अधिशासी अधिकारी कर्वी को टेंट लगवाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि भरतपुर से राम सैया तक की सभी ग्राम पंचायतों के प्रधानों से साफ-सफाई, टेंट, पानी व प्रकाश की व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। उन्होंने उपजिलाधिकारी कर्वी व पुलिस क्षेत्राधिकार संयुक्त टीम बनाकर अभियान चलाकर अतिक्रमण हटवाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्देशित किया कि कहीं भी विद्युत तार लटकते नहीं रहना चाहिए। साथ ही परिक्रमा मार्ग के निरीक्षण के दौरान उन्होंने यूपीपीसीएल को परिक्रमा मार्ग में लगे टूटे पत्थर बलवाने एवं अधिशासी अभियंता विद्युत को परिक्रमा मार्ग पर लगे अनावश्यक विद्युत पोल को हटवाने के निर्देश दिए। अधिशासी अधिकारी कर्वी को रामायण दर्शन स्थल में टेंट लगवाने व परिक्रमा मार्ग पर बैठने के वाली बेंचों में पेन्टिंग करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि संबंधित विभाग अपने कार्य का अनुपालन निर्धारित समय सीमा के अंदर सुनिश्चित कराएं।



इस मौके पर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक राजेश प्रसाद, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी कर्वी पूजा साहू, उपजिलाधिकारी मानिकपुर पंकज वर्मा, जिला पंचायत राज अधिकारी इंद्र नारायण सिंह, अधिशासी अभियंता लोनिवि प्रांतीय खंड संतोष कुमार सिंह, अधिशासी अभियंता जल संस्थान डी के सत्संगी, अधिशासी अधिकारी कर्वी लालजी यादव, नायक तहसीलदार कर्वी मंगल यादव, ट्रैफिक इंस्पेक्टर शैलेंद्र सिंह सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# बादलों में देर तक छिपा रहा चांद, दीदार को बेचैन रहीं सुहागिनें

**जन एक्सप्रेस । शत्रुघन सिंह यादव**



**उरई।** मन में खुद के लिए अखंड सौभाग्यवती की कामना और पति की लंबी उम्र के लिए सुहागिनों ने पूरे दिन निर्जल उपवास रहकर उनकी जोड़ी को सलामत रखने की चौथ मैया से प्रार्थना की। ज्योतिष विधा के अनुसार रात 00 पर चांद के निकलने का समय था, लेकिन प्रदूषण के चलते सुहागिनों को 00 पर चांद का दीदार हुआ। महिलाओं ने छलनी में पहले चांद का दीदार किया और फिर पति को देखकर उनका आशीर्वाद लिया। बता दे कि सुहागिनें सज संवरकर चांद को देखने के लिए रात सात बजे से ही छतों पर जाकर चक्कर लगाती रहीं। वहीं कुछ जगहों पर बच्चे मां को चांद निकलने की पल पल की जानकारी देने के लिए छत पर खड़े रहे। चंद्रमा के नजर आते ही हर ओर छतों पर महिलाओं की भीड़ दिखी। सुहागिनों ने मिट्टी से बने करवे से चांद को अर्घ्य दिया। अर्घ्य देने के बाद छलनी में पति का मुंह देखकर उन्हीं के हाथों से पानी ग्रहण किया।



सुहागिनों ने दीवारों पर चौथ माता की तस्वीर बनाकर माता की सफेद पुष्प, अक्षत, कुमकुम, हल्दी, श्रीफल, सिंदूर और दीपक से आरती की। चतुर्थी का व्रत होने से पहले भगवान गणेश की आराधना की गई। सुहागिनों ने हर रस्म रिवाजों को पूरा करने के बाद चौथ माता से पति की लंबी आयु और स्वस्थ्य रहने की कामना की। जिनके पति दूर थे, उन्होंने फोन पर विडियो कॉल कर पति से बात की और अपना व्रत खोला।

## चांद के इंतजार में नहीं लगा भूख का पता

**उरई।** शहर के आवास विकास कॉलोनी निवासी रेखा यादव ने बताया कि चांद के इंतजार में और पति की लंबी उम्र के ख्याल ने भूख का एहसास नहीं होने दिया। रात को चांद निकला तो पति का चेहरा देख उनके हाथों से पानी पिया और व्रत खोला।

## दिन भर लगती रही प्यास, लेकिन पति की लंबी उम्र की थी चिंता

**उरई।** शहर के राजेंद्र नगर निवासी मीनू मिश्रा ने बताया कि दिन भर प्यास लगती रही, लेकिन दूसरी तरफ पति की लंबी उम्र का ख्याल उस प्यास को मारता रहा। चांद को देखने के बाद व्रत खोला और फिर मंदिर में पुजारी को बायना देकर चौथ माता से पति की दीर्घायु के लिए कामना की।

## सास को बायना देकर मांगा सदा सुहागिन रहने का आशीर्वाद

**उरई।** शिव पार्वती की पूजा करने के बाद सुहागिनों ने सास को बायना देकर उनसे सदा सुहागिन रहने का आशीर्वाद लिया। महिलाओं ने बताया कि उन्होंने अपनी नंद और सास को बायना देने के लिए हफ्ते भर पहले से तैयारियां शुरू कर दी थीं। बताया कि सास के साथ चौथ माता की पूजा की और फिर उन्हें बायना देकर उनके साथ मंदिर में जाकर विधि विधान के साथ पूजन किया।

## मेहंदी स्टॉल और ब्यूटी पार्लर पर खूब दिखी भीड़

**उरई।** एक ओर जहां करवाचौथ पर पति की दीर्घायु के लिए पत्नी निर्जल उपवास रखती हैं, वहीं दूसरी ओर करवाचौथ सुहागिनों के लिए सजने संवरने का पर्व भी है। यही कारण था कि करवाचौथ के मौके पर भी रविवार को दिनभर पर बाजारों में महिलाएं मेहंदी रचाने वाले स्टॉल और ब्यूटी पार्लर में सजने संवरने को पहुंचती रहीं, जो महिलाएं करवाचौथ की पूर्वसंध्या पर मेहंदी नहीं लगवा पाई थीं, उन्होंने करवाचौथ के दिन ही मेहंदी लगवाई। दिन में करवा और पूजन सामग्री खरीदने वालों की भीड़ रही। करवा, फोटो और सीखों के साथ फलों आदि के साथ पूजन सामग्री की खरीददारी होती रही।

## जेल में पति की लंबी उम्र को धड़का दिल

**उरई।** करवाचौथ पर भले ही सुहागिन पति का दीदार न कर सकी हों, लेकिन उनकी लंबी उम्र के लिए सुहागिन कैदियों का दिल धड़का। जेल प्रशासन की ओर से सुहागिनों को पूजा सामग्री मुहैया कराई गई। जिसके बाद सुहागिन कैदियों ने सलाखों के पीछे रहते हुए रीति रिवाज से पूजा कर चौथ माता से पति की लंबी आयु की कामना की और पूरे दिन निर्जल व्रत रखने के बाद जेल की चारदीवारी से ही चांद का दीदार किया और व्रत खोला। जेलर नीरज देव ने बताया कि करवाचौथ पर्व को लेकर जेल में कैद 00 सुहागिनों को पूजा सामग्री और उनके जरूरत का सामान मुहैया कराया गया।

# एसडीएम-सीओ ने अवैध बालू भरे 5 ओवरलोड ट्रकों को पकड़ कर किया सीज

**जन एक्सप्रेस । कालपी**

एसडीएम सुशील कुमार सिंह तथा सीओ अवधेश कुमार सिंह के द्वारा खनन क्षेत्र की सड़कों में मध्य रात में चैकिंग के दौरान अवैध खनन के ओवरलोड भरे 5 ट्रकों को पकड़कर सीज करने की कार्यवाही की गई है। प्रशासन की इस कार्यवाही से खलबली मच गयी है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती रात 11 बजे से एसडीएम तथा सीओ ने कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नागेंद्र कुमार पाठक ज्ञान भारती चौकी इंचार्ज जितेंद्र सिंह, खनिज इंस्पेक्टर की टीम के द्वारा अवैध खनन तथा परिवहन का चैकिंग अभियान शुरू किया। तभी मध्य रात में कदौरा-जोल्हूपुर मोड़ रोड की सड़क में रेलवे क्रासिंग के समीप उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह तथा सीओ अवधेश कुमार सिंह ने अवैध खनन तथा ओवरलोड के खिलाफ चैकिंग के दौरान बिना खनिज प्रपत्रों के ओवरलोड मौरम लादे 4 ट्रको को पकड़ कर सीज करने की कार्यवाही की गई। इसी दौरान कदौरा-जोल्हूपुर मोड़ रोड में चौरसिया पम्प के पास टीम ने बिना रायल्टी प्रपत्रों के परिवहन करते एक ट्रक को पकड़ लिया। एसडीएम ने पकड़े गये सभी 5 वाहनों को सम्बंधित थाना पुलिस की अभिरक्षा में सीज कर गल्ला मंडी कालपी के परिसर में खड़ा करा दिया गया। चैकिंग अभियान की खबर मिलते ही वाहन चालकों में खलबली मच गयी। एसडीएम ने कहा कि आगामी दिनों में भी लगातार चैकिंग अभियान चलाया जाएगा।उल्लेखनीय हो कि बरसात के कारण तीन महीनों के लिए खनन कार्य बंद कर दिया गया था। एक अक्टूबर से पुनः नदियों से बालू खनन कार्य शुरू किया गया है। बिना खनिज प्रपत्रों के वालू परिवहन करने में काफी लोग शामिल हैं।

# अवैध शराब के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में चित्रकूट पुलिस ने तीन आरोपियों को 20 लीटर कच्ची व 19 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया।

जिसमें थाना मानिकपुर के उपनिरीक्षक रामआधार सिंह तथा उनके हमराही आरक्षी अजीजुद्दीन द्वारा आरोपी जंगली कोल निवासी ग्राम सहकत मजरा कोटा कदैला थाना मानिकपुर को 15 लीटर कच्ची शराब के साथ, थाना सरधुवा के उपनिरीक्षक अरविन्द कुमार पाण्डेय तथा उनके हमराही आरक्षी नरेन्द्र कुमार द्वारा आरोपी दयासागर आरख निवासी ब्यौहरा थाना सरधुवा को पांच लीटर कच्ची शराब के साथ तथा थाना खंडेहा के चौकी प्रभारी विनय विक्रम सिंह तथा उनके हमराही आरक्षी मनीष यादव द्वारा आरोपी जयनारायण सिंह पुत्र शिवप्रताप सिंह निवासी मवई खुर्द थाना मऊ को 19 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपियों के विरुद्ध सम्बन्धित थानों में धारा 60 आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किए गए।

# एक माह से लापता किशोर का शव पुलिस ने कुएं से किया बरामद

**जन एक्सप्रेस । उरई**

कोतवाली क्षेत्र से लापता हुए किशोर का एक माह बाद खेत में स्थित कुएं में शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर, पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

शहर कोतवाली क्षेत्र की फैक्ट्री एरिया चौकी क्षेत्र के ग्राम चौरसी में नीतू पत्नी ओमकार का मायका है। उसकी ससुराल अस्टू थाना अजीतमल जिला औरैया में हैं। वह मायके में ही किराए के कमरे में रहकर मजदूरी करती थी। 16 अक्टूबर की दोपहर को वह अपने 9 वर्षीय पुत्र विशाल के साथ आधार कार्ड बनवाने के लिए घर से निकली थी।

इसी दौरान बाजार पहुंचने पर अचानक से पैदल चल रहा विशाल कहीं गायब हो गया। मां ने उसकी काफी देर खोजबीन की लेकिन वह नहीं मिला तो अगले दिन सूचना पुलिस को दी।इसी दौरान बाजार पहुंचने पर अचानक से पैदल चल रहा विशाल कहीं गायब हो गया। मां ने उसकी काफी देर खोजबीन की लेकिन वह नहीं मिला तो अगले दिन सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने नाबालिग के गायब होने पर तुरंत अपहरण व गुमशुदगी का मुकदमा दर्जकर लिया था। रविवार की दोपहर ग्राम इकलासपुरा मौजा में संजय यादव के खेत में धान की कटाई की जा रही थी। खेत के पास स्थित कुएं के पास जैसे ही मजदूर पहुंचे तो उन्हें दुर्गंध आई तो उन्होंने कुएं में झांककर देखा तो उसमें शव पड़ा था। इसके बाद खेत मालिक ने सूचना डायल 112 व कोतवाली पुलिस को दी। कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लोगों की मदद से कुएं से किशोर का शव बाहर निकलवाया। इसके बाद लापता किशोर विशाल की मां को शिनाख्त के लिए बुलाया गया। जिसने उसकी पहचान बेटे के रूप में की।

# जिला जेल में निरुद्ध महिला बंदियों ने रखा करवा चौथ का व्रत

**जन एक्सप्रेस । उरई**

जिला कारागार में निरुद्ध महिला बंदियों ने करवा चौथ का व्रत रखकर अपने पतियों की लम्बी उम्र की कामना की है। इस दौरान जेल अधीक्षक द्वारा व्रत रखने वाली महिलाओं को पूजा सामग्री उपलब्ध कराई गई।

जिला कारागार में जेल अधीक्षक नीरज देव की निगरानी में निरुद्ध महिला बंदियों के लिए करवा चौथ का व्रत करने वाली सात महिला बंदियों के लिए जेल प्रशासन ने पूरे इंतजाम किये हैं। वर्तमान में जिला जेल में 20 महिला बंदी हैं, इनमें से 07 महिलाओं ने करवा चौथ पर व्रत रखने की सूचना जेल प्रशासन को दी। व्रत रखने वाली इन महिला बंदियों ने शाम पूरे विधि विधान से जेल के अंदर ही पूजा पाठ की और फिर जेल की चारदीवारी में चांद का दीदार कर कुछ खाया पिया। व्रत की वजह से इन सभी का जेल में पूरे दिन ख्याल रखा गया और पूजा सामग्री मुहैया कराई गई। फिलहाल पर्व को लेकर जेल अधीक्षक द्वारा किए गए सराहनीय कार्य की शहर में सराहना की जा रही है।



# 30 अक्टूबर तक करें आवेदन

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण सस्थान, मानिकपुर चित्रकूट के नोडल प्रधानाचार्य जितेन्द्र कुमार शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि अधिशासी निदेशक राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद अलीगंज लखनऊ के पत्रानुसार चतुर्थ चरण में प्रवेश के उपरान्त रिक्त सीटो में वॉक इन सिद्धान्त के अनुसार राजकीय/निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रवेश की कार्यवाही 30 अक्टूबर तक पूर्ण की जानी है। जिसमें अभ्यर्थी परिषद की वेबसाइट प्रवेश के लिए नवीन आवेदन 30 अक्टूबर तक कर सकते है। इसके बाद जनपद में संचालित राजकीय/निजी संस्थानो में जाकर प्रवेश ले सकते है।

# बाल भिक्षावृत्ति-बालश्रम रोकने के लिए पुलिस ने चलाया जांच अभियान

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में मिशन शक्ति अभियान के पांचवे चरण के अन्तर्गत चलाए जा रहे ऑपरेशन बचपन के क्रम में रविवार को प्रभारी निरीक्षक थाना एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग शिवमूरत यादव के नेतृत्व में एएचटीयू थाना की टीम द्वारा कर्वी शहर के रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड, रामघाट के आस-पास होटलों में जांच अभियान चलाया गया।

पुलिस टीम द्वारा चलाए गए।

इस जांच अभियान के दौरान होटलों में हो रहे बालश्रम की चेकिंग की गयी तथा समस्त होटल व ढ़ाबा मालिकों को जागरुक किया गया कि 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों से किसी भी प्रकार का श्रम न कराया जाये तथा पम्पलेट्स वितरित कर मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076, साइबर अपराध हेल्पलाइन नंबर 1930, वूमेन पावर लाइन नंबर 1090 की जानकारी दी गयी।

इस दौरान घुमंतू परिवार के लोगों को यह भी हिदायत दी कि बच्चों से बाल श्रम व भीख न मंगवाएं तथा स्कूल जाने के लिए प्रेरित करें।

इस मौके पर जीआरपी थाना प्रभारी उपनिरीक्षक अजय भदौरिया, महिला आरक्षी शिवानी राय, आरक्षी देवेन्द्र कुमार आदि मौजूद रहे।

## अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराकर खंदक में गिरी कार, महिला सहित पांच घायल

**जन एक्सप्रेस/माधौगढ़।** कोतवाली क्षेत्र में तेज रफ्तार कार विरिया मंदिर के पास अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराकर खंदक में पलट गई। जिसमें उस पर सवार महिला सहित पांच लोग घायल हो गए। जिन्हें सीएचसी में भर्ती कराया। माधौगढ़ कस्बा के मोहल्ला उत्तरी मालवीय नगर निवासी तेज सिंह की पुत्री विनीता देवी 16 वर्ष को कई दिनों से बुखार आ रहा था। शनिवार सुबह ज्यादा हालत खराब होने पर तेज सिंह के रिस्तेदार रामहेतपुरा निवासी अमन गौतम, मां शिव वती चचेरा भाई जयंत, चाचा बृजेश के साथ वेगनआर कार से उसको उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज उरई ले गए थे। बताया गया कि दवा दिलाने के बाद देर रात सभी लोग घर लौट रहे थे। कार जैसे ही विरिया मंदिर के पास पहुंची थी कि चालक को छपकी आ गई और कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराकर खंदक में पलट गई। घटना के बाद शोरगुल सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने घायलों को कार से वाहर निकालकर एंबुलेंस से सीएचसी में भर्ती कराया।

# डॉयल 112 ने महिलाओं व नागरिकों को किया जागरूक, नुक्कड़ नाटक के जरिए दिया संदेश

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में उपनिरीक्षक आशुतोष सिंह भदौरिया के नेतृत्व में रविवार को श्रीमंत देवराज क्रिएशन कानपुर की नुक्कड़ नाटक टीम द्वारा थाना मऊ अन्तर्गत मऊ तहसील, मेन बाजार तथा थाना बरगढ़ अन्तर्गत अशोक चैराहा पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। चित्रकूट पुलिस द्वारा चलाए जा रहे इस नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नाटक टीम के कलाकार आम जनमानस को आपातकाल की स्थिति में त्वरित सहायता के लिए तत्काल डायल-112 पर कॉल करने के लिए जागरुक किया गया। इस दौरान विभिन्न प्रकार के नाटक प्रस्तुत कर आपातकाल की स्थिति में करने वाले कार्यों को बताया गया जैसे यदि किसी व्यक्ति की सड़क दुर्घटना होती है, तो तत्काल उसे अस्पताल भेजें न कि वीडियो बनायें या फिर तत्काल 112 डायल करें। किसी भी कार्यालय में यदि किसी महिला का उनके उच्चाधिकारी द्वारा उत्पीड़न किया जात है, तो तत्काल 112 डायल करें, यदि किसी घर में पति के द्वारा महिला के साथ मारपीट की जाती है तो ऐसी स्थिति में तत्काल 112 डायल करें।

# आर्थिक तंगी से परेशान ग्रामीण ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**जन एक्सप्रेस । रामपुरा**

आर्थिक तंगी से जूझ रहे ग्रामीण ने फांसी के फंदे पर लटककर आत्महत्या कर ली है।

रामपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम टीहर निवासी सुनील कोरी 41 वर्ष पुत्र मूलचरण ने रविवार को अज्ञात कारणों के चलते साड़ी का फंदा गले में डालकर फांसी लगा ली। जिससे उसकी मौत हो गई। फांसी पर लटक रहे शव को देखकर परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की सूचना पाकर उपनिरीक्षक हर्षवर्धन त्रिपाठी, उप निरीक्षक दिनेश कुमार यादव फोरेंसिक टीम सहित फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। फॉरेंसिक टीम ने जांच पड़ताल कर साक्ष्य एकत्रित किए और पुलिस ने पूंछताछ शुरू कर दी।

बताया कि मृतक सुनील शराब जुए का लती था और भूमिहीन होने के कारण वह मजदूरी कर किसी तरह परिवार का भरण पोषण करता था। अगले माह उसकी पुत्री का विवाह भी होना सुनिश्चित था। मृतक के एक जवान पुत्री के अलावा दो छोटे पुत्र भी है। फिलहाल पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# ईश्वर के साक्षात्कार के लिए हृदय का सरल होना आवश्यक, श्रीमद्भागवत कथा का तीसरा दिन

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

जीवन में जीने के लिए जैसे भोजन की आवश्यकता होती है उसी प्रकार नित्य सत्संग, भजन, पूजन की बड़ी जरूरत है। व्यास ने कथा के तीसरे दिन महाराज मनु के वंशज भक्त ध्रुव के पावन चरित्र का वर्णन किया। राष्ट्रीय रामायण मेला प्रेक्षागृह में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन भागवताचर्य नवलेश दीक्षित ने कहा कि व्यक्ति के अंदर जैसे ज्ञान, वैराग्य, भक्ति सूक्ष्म स्वरूप से व्याप्त रहता है उसी को साक्षात रूप में लाने के लिए भागवत कथा की जीवन में एक बार नितांत आवश्यकता पड़ती है। सत्संग, कथा आदि से जीव मनुषत्व को प्राप्त करता है। भागवत कथा में महाराज मनु के वंशज का वर्णन भक्त शिरोमणि ध्रुव के बारे में बताया कि जीवन में ईश्वर को प्राप्त करना कठिन नहीं है। अपने आप को पहले सरल करें। जब तक हृदय सरल नहीं होगा तब तक जीवन में ईश्वर का साक्षात्कार होना असंभव है। जड़ भरत चरित्र की पावन कथा सुनाकर महाराज भरत के संदेह को नष्ट किया। वामन अवतार की कथा में अध्यात्म विवेचना करते हुए कहा कि जब तक जीवन में समर्पण नहीं होगा तब तक वह साध्य परमात्मा प्राप्त होने वाला नहीं है। भगवान वामन की झांकी के दर्शन कराकर आरती के बाद प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर यजमान विद्या देवी के अलावा श्रोतागण मौजूद रहे।

# गहोई महिला मंडल ने किया गरबा व डांडिया नृत्य का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

गहोई महिला मंडल द्वारा रविवार को गहोई गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माता दुर्गा की प्रतिमा की पूजा-अर्चना और दीप प्रज्जवलित कर किया गया। मंडल की अध्यक्ष विनीता बरसिया ने बताया कि कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं ने मातारानी के भजन-गायान किया। इसके साथ इस दौरान हुए गरबा समूह नृत्य में विजेता पहारिया, सीमा पहारिया, प्रभा पहारिया, श्रद्धा सेठ, समृद्धि सेठ ने शानदान प्रदर्शन किया। साथ ही रौनक पहारिया, अक्षरा बरसिया, पखुंडी पहारिया, मानवी, अवनी, मिसठी, अनन्या, आरोही सहित तमाम बच्चों ने शानदार नृत्य प्रस्तुत किया। इस दौरान हुई डांडिया क्वीन क्विज प्रतियोगिता की विजेता कोमल पहारिया को मुख्य अतिथी रजनी बरसिया, उर्मिला बरसिया और विनीता बरसिया ने ताज पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रुति पहारिया ने किया।



इस मौके पर प्रचार मंत्री विनीता सुहाने, उपमहामंत्री तारा सेठ, संगठन मंत्री ऊषा पहारिया, आराध्या बरसिया, महामंत्री पारुल पहारिया, छाया पहारिया, दिव्या पहारिया, इंदु पहारिया, सोनिया पहारिया, यथार्थ पहारिया, सुधा पहारिया, शोभा पहारिया, रजनी सेठ, रागनी सेठ, संगीता गुप्ता, अंजना बरसिया, संगीता, प्राची, विनीता, आशा, रचना, रूपल, श्रद्धा, विजेता, वैशाली, मधु, अंजना, रश्मी, सीमा, रेखा, मंजू, अनीता आदि मौजूद रहे।




### ममता बनर्जी की अपील के बाद भी जूनियर...

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राज्य के स्वास्थ्य सचिव नारायण स्वरूप निगम को हटाने से साफ इनकार कर दिया है। साथ ही उन्होंने जूनियर डॉक्टरों से आमरण अनशन खत्म कर काम पर लौटने की अपील की है। हालांकि, सीएम के अनुरोध के बाद भी... पढ़ें पेज 12 पर...

# सीएम को जलशक्ति मंत्री ने सौंपा प्रोजेक्ट्स कॉरपोरेशन के 54 लाख के लाभांश का चेक

- जलशक्ति मंत्री ने बताया, वित्तीय वर्ष 2023-24 में कॉरपोरेशन का टर्नओवर रहा 1448.24 करोड़
- सीएम योगी के मार्गदर्शन में लगातार नये कीर्तिमान गढ़ रहा यूपी प्रोजेक्ट्स कारपोरेशन




जन एक्सप्रेस। लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अथक प्रयास और सतत मॉनीटरिंग से उत्तर प्रदेश पिछले कई वर्षों से रेवन्यू सरप्लस स्टेट बना हुआ है। इसी कड़ी में यूपी प्रोजेक्ट्स कॉरपोरेशन ने रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को वित्तीय वर्ष 2023-24 के लाभांश का चेक सौंपा है। कॉरपोरेशन ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को 54 लाख लाभांश का चेक सौंपा है। इस दौरान जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बताया कि उनके मार्गदर्शन में यूपी प्रोजेक्ट्स कॉरपोरेशन नित नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रही है। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में कॉरपोरेशन का टर्नओवर 1448.24 करोड़ रुपये का रहा। कॉरपोरेशन द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 में अर्जित टैक्स पूर्व लाभ, जोकि कॉरपोरेशन की स्थापना से अब तक का सर्वाधिक 87.80 करोड़ रुपये है। वहीं वित्तीय वर्ष 2023-24 में टर्नओवर और लाभ का अनुपात 6.06 है। इस वित्तीय वर्ष में 30.65 करोड़ रुपये का आयकर भुगतान किया गया जबकि अप्रत्यक्ष कर जीएसटी 323 करोड़ रुपये रहा। इसी तरह वित्तीय वर्ष का अर्जित ब्याज का भुगतान 78 करोड़ रुपये है।

### 62.04 करोड़ का नेट प्राफिट किया अर्जित

जलशक्ति मंत्री ने बताया कि कॉरपोरेशन का वित्तीय वर्ष 2019-20 में 417.86 करोड़ रुपये, वित्तीय वर्ष 2020-21 में 478.69 करोड़ रुपये, वित्तीय वर्ष 2021-22 में 843.77 करोड़ रुपये, वित्तीय वर्ष 2022-23 में 982.54 करोड़ रुपये टर्नओवर रहा। इसी तरह नेट प्राफिट वित्तीय 2019-20 में 7.69 करोड़ रुपये, वित्तीय वर्ष 2020-21 में 13.52 करोड़ रुपये, वित्तीय वर्ष 2021-22 में 42.31 करोड़ रुपये, वित्तीय वर्ष 2022-23 में 62.04 करोड़ रुपये रहा।

# सीएम योगी ने की सिंचाई विभाग के कार्यों की समीक्षा

- सीएम ने अगले साल बाढ़ सुरक्षा के लिए दिए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश
- सिंचाई विभाग के कार्यों पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने व्यक्त किया संतोष
- मुख्यमंत्री ने विभाग के कर्मचारियों की ट्रेनिंग पर विशेष ध्यान देने को कहा



जन एक्सप्रेस। लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को एक बैठक के दौरान सिंचाई विभाग के कार्यों की समीक्षा की और संतोष व्यक्त करते हुए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने विभाग को कार्यों की समयबद्धता, गुणवत्ता, और कर्मचारियों की ट्रेनिंग पर विशेष ध्यान देने को कहा। साथ ही, उन्होंने अगले वर्ष बाढ़ से बचाव की कार्य योजना तैयार करने के निर्देश भी दिए।

### कार्य की समयबद्धता और गुणवत्ता पर जोर

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी परियोजनाओं की समय पर पूर्णता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि देरी से न केवल लागत बढ़ती है बल्कि जनता को भी लाभ मिलने में देर होती है। इसलिए कार्यों की समयबद्धता प्राथमिकता होनी चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने कार्यों की गुणवत्ता पर भी जोर देते हुए कहा कि विकास कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सिंचाई विभाग के कर्मचारियों की क्षमता बढ़ाने के लिए उन्हें उचित प्रशिक्षण दिया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि नई तकनीकों का उपयोग कर कार्यों की गुणवत्ता और दक्षता में सुधार किया जा सकता है। ट्रेनिंग के माध्यम से कर्मचारियों को आधुनिक तकनीकों से अवगत कराया जाना चाहिए, ताकि बाढ़ नियंत्रण और जल प्रबंधन के कार्य प्रभावी ढंग से किए जा सकें।

### बाढ़ सुरक्षा के लिए कार्य योजना तैयार करने का निर्देश

मुख्यमंत्री ने आने वाले वर्ष में संभावित बाढ़ के खतरे से निपटने के लिए पहले से तैयार रहने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि बाढ़ से बचाव के लिए अगले वर्ष की कार्य योजना जन प्रतिनिधियों और जिला प्रशासन के साथ मिलकर तैयार की जाए। योजना के तहत बाढ़ संभावित क्षेत्रों की पहचान कर, वहां तटबंधों की मरम्मत, जल निकासी व्यवस्था और अन्य आवश्यक तैयारियां समय रहते पूरी की जानी चाहिए। बैठक में प्रमुख सचिव सिंचाई और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भी भाग लिया और मुख्यमंत्री को विभाग के चल रहे कार्यों की प्रगति से अवगत कराया।

## एक्सप्रेस खबरें...

### सविता समाज के पदाधिकारियों ने केन्द्रीय राज्यमंत्री रामनाथ ठाकुर से की मुलाकात

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। सविता समाज युवा संस्थान के पदाधिकारियों ने भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर के पुत्र व केन्द्रीय कृषि राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर से लखनऊ स्थित वीवीआईपी गेस्ट हाउस में मुलाकात की। इस अवसर पर सविता समाज युवा संस्थान के वरिष्ठ उपाध्यक्ष विमल वर्मा, समाजसेवी भानू प्रताप व संस्था के पदाधिकारियों ने रामनाथ ठाकुर को सम्मानित किया तथा मंत्री बनने पर आभार व्यक्त किया। समाज के नेता अनिल सेन व सविता समाज युवा संस्थान के उपाध्यक्ष पंकज शर्मा ने ने रामनाथ ठाकुर को भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की फोटो व उन्हें शॉल पहनाकर सम्मानित किया।इस अवसर पर सविता समाज युवा संस्थान के पदाधिकारी सभापति शर्मा, अरविन्द कुमार सीए, प्रभात वर्मा, बुद्ध प्रकाश, गुलाब शर्मा, शिव कुमार शर्मा, शिव नारायण, रंजन शर्मा, प्रशांत कुमार, राम सुमिरन, अभिजीत वर्मा, परविन्द कुमार, अमित शर्मा के अलावा कूर्परी एकतावादी के प्रदीप ठाकुर, हरेन्द्र कुमार व वन्दना शर्मा उपस्थित रहे।

### माटीकला मेला आज से, उद्घाटन करेंगे खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री राकेश सचान

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। उत्तर प्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री राकेश सचान 21 अक्टूबर को पूर्वाह्न 11 बजे माटीकला मेला 2024 का उद्घाटन करेंगे। इस दस दिवसीय मेले का आयोजन उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड के तत्वावधान में लखनऊ स्थित खादी भवन, 8-तिलक मार्ग, डालीबाग में किया जा रहा है। मेले का समापन 30 अक्टूबर, 2024 को होगा।महाप्रबंधक उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड डॉ. उज्ज्वल कुमार ने बताया कि माटीकला मेला में प्रदेश की माटीकला इकाइयों के साथ-साथ बाहरी राज्यों की लगभग 50 स्टॉलें लगाई जाएंगी, जिनमें विभिन्न प्रकार की माटी से बनी वस्तुएं प्रदर्शित और विक्रय के लिए उपलब्ध होंगी। इस मेले में विशिष्ट और अति विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति के साथ बड़ी संख्या में स्थानीय जनता और पर्यटकों के आने की संभावना है। मेला प्रदेश के माटीकला उद्यमियों को अपनी कला और उत्पादों को प्रदर्शित करने का एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करेगा।

### भाजपा का निर्माण विकास का विषय नहीं बल्कि भ्रष्टाचार का है उपाय: अखिलेश

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व कन्नौज से सांसद अखिलेश यादव ने आज रविवार को एक्स पोस्ट पर एक वीडियो शेयर कर यूपी की योगी सरकार पर बड़ा हमला बोला है।उन्होंने लिखा कि कानपुर में भाजपा के भ्रष्टाचार की परत का परदा जब उठ गया तो उनके विधायक का नाटक शुरू हो गया।भाजपा की ये पुरानी आदत है कि पहले सफ़ेदपोश बनकर चुपचाप भ्रष्टाचार करती है और जब पोल खुल जाती है तो उसका ठीकरा अधिकारियों के सिर पर फोड़ देती है। इसका अर्थ ये हुआ कि सरकार का अधिकारियों पर कोई नियंत्रण नहीं है मतलब सराकर नाकाम भी है और निष्प्रभावी भी। यूपी की जनता पूछ रही है कि सरकार की लगाम क्या अधिकारियों के हाथ में है? उन्होंने कहा कि सच तो ये है कि भाजपा का हर निर्माण भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाता है। भाजपा के लिए कोई भी निर्माण विकास का विषय नहीं बल्कि भ्रष्टाचार करने का उपाय है।

### सुरेश यादव ग्यारहवीं बार बने प्रदेश महासचिव

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। उत्तर प्रदेश चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी संघ वाणिज्य कर विभाग कार्यालय आयुक्त राज्य कर लखनऊ मे सम्पन्न हुआ। दो द्विवार्षिक अथिवेशन चुनाव आधिकारी आखिलेश कुमार दुबे कि देख रेख मे सम्पन हुआ।चुनाव में प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए नरेन्द्र सिंह रावत चुने गए तो प्रदेश महामत्री सुरेश सिंह यादव ग्यारहवीं बार निवाचित हुए। अर्जुन सिंह भदोरिया प्रदेश काहवाहक अध्यक्ष राजवीर सिंह प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमित पांडे प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष छगल चंद्र यादव वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रभु दयाल प्रदेश उपाध्यक्ष अरुण सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष बासुदेव सिंह संयुक्त मंत्री प्रदीप कुमार संयुक्त मंत्री रामदयाल प्रदेश एडिटर चंदन प्रसाद संयुक्त मंत्री मोहित अग्रवाल प्रदेश मीडिया प्रभारी दया शंकर सिंह , कोषाध्यक्ष धर्मवीर भारती प्रदेश उपाध्यक्ष अमित श्रीवास्तव रामकुमार प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र मीणा मंत्री प्रदीप कुमार संगठन मंत्री राकेश कुमार सतंविर सिंह सगंठन मंत्री राकेश आर्य चुने गए।

# सार्वजनिक की जाय पीजीआई, केजीएमयू और अस्पतालों में बेड की उपलब्धता

- स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाया जाये: मनोज सिंह

जन एक्सप्रेस। लखनऊ



प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने कहा, पीजीआई, केजीएमएयू, सिविल, लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान, बलरामपुर, और लोक बंधु अस्पतालों व राज्य के अन्य में अस्पतालों में बेड की उपलब्धता सार्वजनिक की जाए। इसे पब्लिक डोमन में डाला जाए। टेक्नालॉजी का उपयोग कर स्वास्थ्य सेवाओं को बनाया जाए।मुख्य सचिव ने आज रविवार को चिकित्सा संस्थानो के प्रमुखों के साथ बैठक में कहा कि मरीजों को उच्चस्तरीय स्वास्थ्य सेवायें उपलब्ध कराने में उत्तर प्रदेश शासन का सर्वाधिक फोकस रहा है। प्रदेश में तेजी से हेल्थ इंफास्ट्रक्कर पर कार्य हो रहा है। हेल्थ सेक्टर में बहुत सारा निवेश हुआ है। सरकारी अस्पतालों व संस्थानों में बेस्ट डॉक्टर्स व इंफास्ट्रक्कर तथा पर्याप्त मात्रा में स्टाफ उपलब्ध है। निजी चिकित्सा संस्थानों में प्रायः शासकीय अस्पतालों व संस्थानों से सेवानिवृत्त चिकित्सक कार्य करते हैं। सरकारी अस्पताल आने वाले मरीज व तीमारदार अच्छा अनुभव लेकर जायें।बाहर जाकर अस्पताल व डॉक्टर की तारीफ करें, इस पर सोचने व कार्य करने की जरूरत है। मुख्य सचिव ने कहा कि अस्पताल एंट्रेंस पॉइंट पर टीम मौजूद रहे, जो सुनिश्चित करे कि आने वाले मरीज के साथ सही व्यवहार हो, उसे वार्ड ब्वाय, व्हीलचेयर व स्ट्रेचर की सुविधा मिले। स्ट्रेचर, व्हीलचेयर से मरीज को कहां जाना है और क्या करना है, इस बारे में गाइड की व्यवस्था हो। कहीं भी स्ट्रेचर व व्हीलचेयर को ताले में न रहे। इमरजेंसी वार्ड के पास अस्पताल प्रशासन की टीम होनी चाहिए।अस्पतालों में मरीजों से अच्छा बर्ताव हो ।मुख्य सचिव ने कहा कि मरीज के साथ अच्छा बर्ताव, बीमारी के बारे में सही से ब्रीफिंग और उचित गाइडेंस देने से किसी तरह की कोई शिकायत की गुंजाइश नहीं रह जाएगी। अस्पताल आने वाले व्यक्ति अच्छा अनुभव लेकर जायेंगे और बाहर जाकर वह संस्थान व डॉक्टर्स की प्रशंसा करेंगे।बैठक में प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा पार्थ सारथी सेन शर्मा, महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा किंजल सिंह, महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य डॉक्टर बृजेश राठौर, केजीएमयू की वीसी सोनिया नित्यानंद, निदेशक राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान प्रो. सीएम सिंह सहित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सरकारी अस्पतालों के प्रमुख व प्रशासनिक अधिकारी आदि उपस्थित थे।

# दिल्ली में धमाके के बाद प्रदेश में भी हाई अलर्ट, प्रदेश से जुड़ी सीमाओं पर चौकसी, सभी जिलों में जांच

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

दिल्ली के रोहिणी में प्रशांत विहार इलाके में सीआरपीएफ स्कूल के पास कार में हुए धमाके के बाद यूपी में भी हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया है। दिल्ली के सीमावर्ती जिलों में संदिग्धों को दबोचने के लिए चौकसी बढ़ा दी गई है तो यूपी एटीएस भी इस घटना के पीछे शामिल संगठनों के बारे में सुराग जुटा रही है। एडीजी कानून-व्यवस्था अमिताभ यश ने बताया कि दिल्ली की घटना के बाद सभी जिलों को अतिरिक्त सतर्कता बढ़ाने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने बताया कि त्योहारों के दृष्टिगत पूरे प्रदेश में पहले ही अलर्ट जारी किया जा चुका था, हालांकि दिल्ली की घटना ने संवेदनशीलता बढ़ा दी है। इसके दृष्टिगत सभी जिलों को खास सतर्कता बरतने और संदिग्धों पर नजर रखने को कहा गया है। बता दें कि दिल्ली की घटना की अभी किसी संगठन ने जिम्मेदारी नहीं ली है, लेकिन यह आशंका जताई जा रही है कि इसे अंजाम देने वाले यूपी में पनाह लेने की कोशिश कर सकते हैं। साथ ही, यूपी में भी इस तरह की घटना को अंजाम देने की साजिश रची जा सकती है। लिहाजा पुलिस समेत सभी सुरक्षा बलों के प्रतिष्ठानों, भीड़भाड़ वाले बाजारों, एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन, बस अड्डे आदि की सुरक्षा बढ़ाई जा रही है। वहीं एटीएस की टीमें सहारनपुर, अलीगढ़, मेरठ समेत संवेदनशील जिलों में आतंकी संगठनों के स्लीपिंग माड्यूल्स की टोह लेने में जुटी हैं।

### दहशत का माहौल

प्रशांत विहार इलाके में रविवार सुबह सीआरपीएफ स्कूल के पास हुए धमाके के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। सुबह में हुए धमाके के बाद ही आसपास के कई लोगों की नींद खुली। स्थानीय लोगों का कहना है कि पहले तो उन्हें सिलिंडर विस्फोट या फिर मकान गिरने का अंदेशा हुआ। लेकिन घटनास्थल के पास पहुंचने पर अहसास हुआ कि यहां पर विस्फोट किया गया है। लोगों ने बताया कि गनीमत है कि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है। अगर धमाका सोमवार को होता तो हताहतों की संख्या का अंदाजा लगाना मुश्किल होता।

# पुलिस स्मृति दिवस आज, शहीदों के परिजनों को सम्मानित करेंगे सीएम योगी

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर राजधानी स्थित पुलिस लाइन में शहीदों के परिजनों को सम्मानित करेंगे। इसके अलावा पुलिसकर्मियों का वर्दी भत्ता बढ़ाने, मृतक आश्रितों की भर्ती में शारीरिक दक्षता परीक्षा के नियमों को शिथिल करने समेत पुलिसकर्मियों के कल्याणार्थ कुछ अहम घोषणाएं भी कर सकते हैं। बता दें कि पुलिस स्मृति दिवस में इस बार फतेहगढ़ के शहीद आरक्षी रोहित कुमार और कन्नौज के शहीद आरक्षी सचिन राठी के परिजनों को योगी सम्मानित करेंगे। पुलिस लाइन में आयोजित होने वाले पुलिस स्मृति दिवस कार्यक्रम को लेकर सोमवार को यातायात परिवर्तित रहेगा। सुबह छह बजे से कार्यक्रम की समाप्ति तक बदलाव जारी रहेगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शामिल होंगे। इमरजेंसी की स्थिति में पुलिस शव वाहन, एंबुलेंस, स्कूल वैन व फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को निकलवाएगी। आईटी चौराहा से गेट नंबर-पांच (पुलिस अस्पताल), सेंट्रल बैंक तिराहे तक सड़क के दोनों तरफ किसी भी प्रकार के वाहन नहीं खड़े होंगे।

### ऐसे आ-जा सकेंगे वाहन

- निशातगंज से आईटी चौराहे की ओर आने वाले वाहन इंदिरा ओवरब्रिज ढाल तिराहे से सीधे नहीं जा सकेंगे। ये वाहन तिराहे से बाएं न्यू हैदराबाद निशातगंज (पुलिस लाइन के पीछे) से एनसीसी कार्यालय, बंधा रोड होकर जा सकेंगे।
- छन्नी लाल चौराहे से सेंट्रल बैंक तिराहे की ओर आने वाले वाहन सेंट्रल बैंक तिराहा से पुलिस लाइन अस्पताल गेट नंबर-पांच, आईटी चौराहे की ओर नहीं जा सकेंगे। ये वाहन सेंट्रल बैंक तिराहे से बाएं इंदिरा ओवर ब्रिज ढाल तिराहे से सीधे निशातगंज या दाएं न्यू हैदराबाद निशातगंज से एनसीसी कार्यालय, बंधा रोड होकर जा सकेंगे।
- अयोध्या रोड, जीटीआई की ओर से आने वाले कॉमर्शियल वाहन (रोडवेज व सिटी बसें) बादशाहनगर चौराहे से निशातगंज, आईटी चौराहे की ओर नहीं जा सकेंगे। ये बादशाहनगर चौराहे से ओवरब्रिज होते हुए पेपर मिल तिराहा, सुशीला स्मृति वाटिका होकर जा सकेंगे।
- सुभाष चौराहा, हनुमान सेतु या डालीगंज पुल से आने वाले वाहन आईटी चौराहे से पुलिस लाइन गेट नंबर-पांच अयोध्या रोड, निशातगंज की ओर नहीं जा सकेंगे। ये आईटी चौराहे से सीधे या बाएं निराला नगर, विवेकानंद ओवर ब्रिज, कपूरथला, छन्नीलाल चौराहा होकर जा सकेंगे।

# दिनेश सिंह के पुतला दहन पर 12 कांग्रेसी नेताओं सहित 22 पर एफआईआर, दरोगा की तहरीर पर केस दर्ज

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

वीआईपी गेस्ट हाउस के पास शनिवार को उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह का पुतला फूंकने वाले 12 कांग्रेसी नेताओं और 10 अज्ञात के खिलाफ गौतमपल्ली थाने में केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने केस दरोगा की तहरीर पर लिखा है। गौतमपल्ली थाने में तैनात दरोगा रमेश चंद्र पांडेय का आरोप है कि कांग्रेसियों के इस प्रदर्शन के चलते यातायात बाधित हो गया और आम लोगों को दिक्कत का सामना करना पड़ा। दरोगा की तहरीर पर देर रात दीपक शिवहरे प्रदेश यूथ कांग्रेस अध्यक्ष, श्रीमंत कुमार प्रदेश सचिव, सूफी शाह संत प्रदेश प्रवक्ता युवा कांग्रेस,शरद शुक्ला प्रदेश उपाध्यक्ष मध्य, अभिषेक तिवारी प्रदेश सचिव, अजय कुमार सिंह सेंठवार प्रदेश उपाध्यक्ष यूपी ईस्ट, रिपुंजय उपाध्याय प्रदेश महासचिव युवा कांग्रेस मध्य, अभिजीत तिवारी प्रदेश महासचिव, हरिओम उपाध्याय जिला अध्यक्ष आजमगढ़, प्रद्युमन सिंह प्रदेश संगठन महासचिव मध्य जोन लखनऊ, पवन पटेल प्रदेश महासचिव मध्य जोन लखनऊ, विपुल मिश्र जिलाध्यक्ष बहराइच और 10 अज्ञात के खिलाफ गौतमपल्ली थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस घटना के वीडियो व फोटो की मदद से और लोगों को चिन्हित करने का काम कर रही है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को यूपी सरकार के मंत्री दिनेश प्रताप सिंह का लखनऊ में पुतला जलाया। इस दौरान एक कांग्रेस कार्यकर्ता खुद भी झुलस गया। कार्यकर्ता मंत्री द्वारा प्रियंका गांधी पर दिए गए बयान के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे थे। इसके पहले, लखनऊ व अमेठी में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया था।

# महाकुंभ 2025 के दौरान कोई भी श्रृद्धालु नहीं सोएगा भूखा

- महाकुंभ के दौरान मेला क्षेत्र में भी मुफ्त राशन की सुविधा उपलब्ध कराएगी योगी सरकार
- मेला क्षेत्र में स्थित सभी सेक्टर्स में स्थापित की जाएंगी 160 उचित मूल्य के राशन की दुकानें

जन एक्सप्रेस। लखनऊ



प्रयागराज में होने जा रहे महाकुंभ 2025 के दौरान यहां आने वाला कोई भी श्रद्धालु, कल्पवासी भूखे पेट नहीं सोएगा। योगी सरकार की ओर से इसके लिए मेला क्षेत्र में व्यापक तैयारियां की हैं। पूरे मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं के लिए भंडारों का तो आयोजन किया ही जाएगा, साथ ही उन्हें मुफ्त राशन की सुविधा का भी लाभ मिलेगा। कई-कई दिनों तक महाकुंभ में रहने वाले कल्पवासियों और श्रद्धालुओं के राशन कार्ड बनाए जाएंगे और उन्हें राशन की सुविधा प्राप्त होगी। पहले से राशन कार्ड धारण करने वालों को भी राशन कार्ड दिखाने पर राशन प्रदान किया जाएगा। इसके लिए खाद्य एवं रसद विभाग द्वारा पूरे मेला क्षेत्र के सभी सेक्टर्स में कुल 160 उचित दर वाली राशन की दुकानों की स्थापना की जाएगी, जहां से दो बार (जनवरी-फरवरी) में राशन प्रदान किया जाएगा। राशन के भंडारण के लिए 5 गोडाउन भी स्थापित होंगे। इस पूरी परियोजना पर 43 करोड़ से ज्यादा की धनराशि खर्च की जाएगी।

### जनवरी और फरवरी में मिलेगी सुविधा

एडीएम मेला, विवेक चतुर्वेदी के अनुसार महाकुंभ के दौरान कई ऐसे श्रद्धालु आते हैं जो कई-कई दिनों तक मेला में प्रवास करते हैं। इन्हें कल्पवासी कहा जाता है। ये अपना भोजन स्वयं पकाते हैं। इनकी सुविधा के लिए खाद्य एवं रसद विभाग की ओर से पूरे मेला क्षेत्र के सभी सेक्टर्स में उचित दर वाली कुल 160 राशन की दुकानें स्थापित की जा रही हैं। जहां न सिर्फ इनका राशन कार्ड बनाया जाएगा, बल्कि इन्हें राशन की सुविधा भी प्रदान की जाएगी। जिनके पास पहले से ही राशन कार्ड है, उन्हें भी सुविधा प्राप्त होगी। यह सुविधा दो बार यानी जनवरी और फरवरी 2025 में उपलब्ध कराई जाएगी। राशन की कमी न हो, इसके लिए मेला क्षेत्र के अंदर ही 5 गोडाउन भी स्थापित किए जा रहे हैं।

### एलपीजी सिलेंडरों की बिक्री के लिए अलग से होगी आउटलेट्स

परियोजना के अनुसार कल्पवासियों एवं श्रद्धालुओं को खाद्यान्न, चीनी एवं रसोई गैस उपलब्ध कराया जाएगा। एलपीजी सिलेंडरों की बिक्री के लिए अलग से आउटलेट्स लगाए जाएंगे। 10 लाख स्थायी आबादी के अतिरिक्त अस्थायी आबादी के भोजन के लिए भंडारों का आयोजन किया जाएगा, जहां प्रतिदिन राशन की आपूर्ति की जाएगी। एक अनुमान के अनुसार एक राशन कार्ड में 5 लोग होते हैं तो इस लिहाज से दो माह में तकरीबन 2 लाख राशन कार्ड की आवश्यकता होगी। खास बात ये भी होगी कि इस सुविधा का लाभ बड़े अखाड़ों और शिविरों में रहने वाले श्रद्धालुओं और कल्पवासियों को भी मिलेगा।

### प्रति व्यक्ति प्राप्त होगा 3 किलो गेहूं और 2 किलो चावल

परियोजना के तहत राशन कार्ड धारक को 3 किलो प्रति व्यक्ति के हिसाब से गेहूं/आटा प्रदान किया जाता है, जबकि प्रति व्यक्ति 2 किलो चावल फोर्टिफाइड की आपूर्ति होगी। इसी तरह 2 किलो चीनी (प्रति व्यक्ति), 2 ली. मिट्टी का तेल प्रति राशन कार्ड और एक डॉमेस्टिक गैस कनेक्शन प्रदान किया जाता है। डॉमेस्टिक गैस कनेक्शन को एक बार रीफिल कराने की भी सुविधा मिल सकती है।

# कुंभ क्षेत्र में श्रद्धालुओं को मिल सकती है स्लीपिंग पॉड्स की सुविधा

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार प्रयागराज महाकुंभ आने वाले श्रद्धालुओं के लिए विश्वस्तरीय सुविधाएं प्रदान कर रही है। शहर के अतिरिक्त कुंभ क्षेत्र में आगंतुकों के ठहरने के लिए टेंट सिटी का निर्माण किया जा रहा है। टेंट सिटी के साथ ही पहली बार अत्याधुनिक स्लीपिंग पॉड्स की सुविधा प्रदान किए जाने पर विचार किया जा रहा है। पर्यटन विभाग ने इसके लिए रोड मैप तैयार कर लिया है और यदि सब कुछ सही रहता है तो इस बार श्रद्धालुओं को स्लीपिंग पॉड्स की सुविधा प्रदान की जा सकती है। प्रयागराज के जंक्शन रेलवे स्टेशन में स्लीपिंग पॉड की सुविधा प्रदान करने के बाद अब कुंभ क्षेत्र में भी श्रद्धालु और पर्यटक विश्वस्तरीय सुविधाओं वाले स्लीपिंग पॉड्स का आनंद उठा सकेंगे। प्रयागराज की क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अपराजिता सिंह का कहना है कि कुंभ क्षेत्र में श्रद्धालुओं के लिए परेड ग्राउंड में परम्परागत टेंट सिटी का निर्माण किया जा रहा है। इसके अलावा अरैल और झूंसी में भी पीपीपी मोड पर लग्जरी सुविधाओं वाली दो टेंट सिटी बसाई जा रही हैं। टेंट सिटी को लेकर पर्यटकों और श्रद्धालुओं का अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी के मुताबिक अरैल में 2000 टेंट की क्षमता वाली टेंट सिटी में अभी 1600 टेंट की बुकिंग हो चुकी है। इसमें झूंसी में प्रस्तावित दूसरी टेंट सिटी में 400 स्लीपिंग पॉड्स बनाने का रोड मैप तैयार कर लिया गया है। स्लीपिंग पॉड्स बनाने के लिए टेंडर प्रकियाधीन है।

## शोभित कौशल हत्याकांड के मामले में उनके घर पहुंचे कांग्रेस प्रदेश सचिव अतुल सिंह



**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

रायबरेली ऊंचाहार कांग्रेस प्रदेश सचिव एवं पूर्व विधानसभा प्रत्याशी अतुल सिंह ने विधानसभा ऊंचाहार के मदारीगंज निवासी शोभित कौशल की अपहरण कर हत्या की सूचना पर उनके घर पहुंचकर परिजनों से गहरी शोक संवेदना व्यक्त की एवं मृतक आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की श्री सिंह ने कहा कि प्रदेश में अपराध बढ़ रहा है, अपराधियों के हौंसले बुलंद हैं। अपहरण करने के बाद जिस तरह शोभित की निर्मम हत्या की गयी उसकी जितनी निंदा की जाये कम है मैं प्रदेश सरकार से मांग करता हूं कि पीड़ित परिवार को एक करोड़ रूपये मुआवजे के रूप में दिया जाये एवं अपराधियों पर कड़ी से कड़ी से कार्यवाही की जाये। मैं पूरी तरह से पीड़ित परिवार के साथ हूँ,पीड़ित परिवार के हर निर्णय में परिवार को न्याय दिलाने का प्रयास करूँगा। इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी ने कहा कि प्रदेश में जंगलराज कायम है, पीड़ित परिवार को न्याय मिलना चाहिए। इस अवसर पर प्रमुख रूप से ब्लाक अध्यक्ष शम्भू पाल, जिला सचिव शैलेन्द्र सिंह, मो. शाजू नकवी, अनुज सिंह, रामदत्त पांडेय, बादल सिंह, सुरेश मौर्या, पप्पू मिश्रा, गोलू अग्रहरि, रवि सिंह, राकेश यादव उपस्थित रहे।

# प्रार्थना सभा के बहाने चल रहा धर्मांतरण का खेल

- मौके पर पहुंच पुलिस ने तीन लोगों को हिरासत में लिया

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**



जनपद के बाजार शुक्ल थाना क्षेत्र के पूरे जगई मजरे ऊंचगांव में ईसाई मिशनरी की प्रार्थना सभा की आड़ में धर्मांतरण का खेल चल रहा था। खबर पाकर पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचने के बाद तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दिया है।मौके से कुछ धार्मिक पुस्तकें और पूजा की सामग्री भी बरामद की गई है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार हिन्दू समाज के लोगों का प्रार्थना सभा की आड़ में धर्म परिवर्तन कराया जा रहा था।यह काफी दिनों से चल रहा था।सूचना मिलने पर उप निरीक्षक चंद्रशेखर यादव मय फोर्स के साथ पहुंचे,तो धर्म परिवर्तन के इस खेल का खुलासा हो गया।गांव में पुलिस ने प्रार्थना सभा में शामिल होने आए दो महिला एक पुरुष को मौके से हिरासत में लिया है ढ्ढवहीं ग्रामीणों के मुताबिक दर्जनों लोग प्रार्थना सभा में थेढ्ढजब पुलिस पहुंची तो वहां हड़कंप मच गया और धर्म परिवर्तन में शामिल लोग मौके से भाग निकले।कुछ आसपास घरों में छिप गए।ग्रामीणों के मुताबिक प्रार्थना सभा में लोगों को धर्म परिवर्तन के लिए लालच दिया जाता है।

वहीं जानकारी मिलने पर हिन्दूसंगठनों के कार्यकर्ता भी जमा हो गए।घटना की सूचना हिन्दू संगठन के कार्यकर्ताओं ने पुलिस को दी थी।गांव के ही सुशील कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उसे ईसाई मिशनरी वाले मिले और कहा कि प्रार्थना सभा में आने से बीमारी और गरीबी दोनों मिटती है।पचास हजार रुपये देने का भी लालच दिया था। जिससे यह प्रार्थना सभा शुरू हुई है।

क्षेत्र में और कई गांवों में प्रार्थना सभा कर लोगो से धर्मान्तरण के लिए लालच देकर उकसाया जाता है।बताते चले कि गतिविधि संदिग्ध दिखने पर ग्रामीणों ने इसकी सूचना विश्व हिंदू परिषद जिला कार्यालय अध्यक्ष अवधेश मिश्र, सामाजिक कार्यकर्ता हरकेश तिवारी, रमेश तिवारी को दिया। सूचना मिलने पर हिंदू संगठन के लोग मौके पर पहुंच गए।और इसकी सूचना पुलिस को दी।सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीन लोग को मौके से हिरासत में लेकर पूछताछ में जुट गई है। शुकुलबाजार थाना क्षेत्र के सूर्य कला पत्नी लालचंद निवासी पूरे जगई पांडे व प्रहलाद उसकी पत्नी को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है।

थानाध्यक्ष दयाशंकर मिश्र ने बताया कि तीन लोगो को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही। इसमें मुख्य लोगों की भी तलाश की जा रही है।जो मुख्य भूमिका निभाकर पर्दे के पीछे रहते है।जांच के बाद जो तथ्य सामने आयेंगे।उसी अनुसार आगे की कार्रवाई की जायेगी।

# रायबरेली में सर्राफ व्यापारी के पुत्र की चाकू से गोदकर हत्या, व्यापारियों में आक्रोश

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



ऊंचाहार सर्राफ व्यापारी के पुत्र को ज्वैलरी का आर्डर लेने के बहाने करीब दस किमी सुनसान स्थान पर ले जाकर चाकू से गोदकर विभत्स तरीके से हत्या कर दी गई । उसका शव शारदा सहायक नहर के किनारे झाड़ी में मिला है। घटना को लेकर नगर के व्यापारियों में काफी आक्रोश है, व्यापारियों ने राजमार्ग जाम करके प्रदर्शन किया है। पुलिस ने दो लोगों को इस मामले में गिरफ्तार किया है घटना शुक्रवार को हुई है। जिसका सच शनिवार को सामने आया है ऊँचाहार कोतवाली क्षेत्र के गांव मदारीपुर निवासी राकेश कौशल की ऊंचाहार में मुख्य चौराहा के पास ज्वैलरी की दुकान है। शुक्रवार को राकेश का बेटा शोभित दुकान पर बैठा हुआ था। तभी उसको दो लोग उसकी बाइक से कहीं लेकर चले गए। इसके बाद वह वापस नहीं लौटा। जो लोग उसे अपनी बाइक से ले गए थे, उसमें से एक व्यक्ति वापस उसकी दुकान पर बाइक लेकर पहुंचा और दुकान में चोरी का प्रयास कर रहा था, तभी ज्वेलर्स राकेश मौके पर पहुंच गए और उसको पकड़ लिया। उन्होंने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाला तो पूरा माजरा सामने आ गया। इसके बाद पुलिस ने क्षेत्र के नजनपुर गांव निवासी एक व्यक्ति को रात में पकड़ा और दोनों से गहन पूछताछ की गई। जिसके बाद शनिवार को पुलिस ने प्रतापगढ़ जनपद के थाना नवाबगंज के गांव गोसाई का पुरवा के पास शारदा सहायक नहर के किनारे झाड़ियां से अपहृत का शव बरामद किया है। उसकी चाकू से गोद कर हत्या की गई है। इस घटना की सूचना ऊंचाहार नगर में पहुंचते ही नगर के व्यापारी आक्रोशित हो गए और व्यापारियों ने मुख्य चौराहा पर लखनऊ प्रयागराज राजमार्ग जाम करके प्रदर्शन करना शुरू कर दिया व्यापारियों का आरोप है कि पुलिस की लापरवाही के कारण व्यापारी के बेटे की हत्या हुई है।

**पूर्व विधायक अजय पाल सिंह के समझाने पर शांत हुए व्यापारी**

सर्राफ व्यापारी के पुत्र की हत्या से आक्रोशित व्यापारियों ने नगर के मुख्य चौराहा पर लखनऊ प्रयागराज राजमार्ग जाम कर दिया था । करीब दो घंटे तक राजमार्ग जाम रहने के बाद मौके पर कांग्रेस नेता और पूर्व विधायक कुंवर अजय पाल सिंह मौके पर पहुंचे और उन्होंने व्यापारियों को समझा बुझाकर शांत किया वह व्यापारियों को लेकर कोतवाली गए और अपर पुलिस अधीक्षक के साथ पीड़ित परिवार को लेकर वार्ता की व्यापारियों की मांग थी कि मृतक परिवार को एक करोड़ रुपए सरकारी मदद दी जाए, मृतक परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी के साथ नगर के व्यापारियों की सुरक्षा की व्यवस्था की जाए।

**क्षेत्रीय विधायक भी पहुंचे कोतवाली**

क्षेत्रीय विधायक व पूर्व मंत्री डा. मनोज पांडेय भी शनिवार की अपराह्न कोतवाली पहुंचे और मृतक के परिजनों को ढांढस बंधाया और उनकी मांग को लेकर पुलिस अधिकारियों से वार्ता की विधायक ने कहा कि घटना में शामिल किसी को भी बक्सा नहीं जाएगा। पीड़ित परिवार को न्याय दिलाया जाएगा

# विश्व हिंदू परिषद लालगंज का कार्यकर्ता अभ्यास शिविर प्रारंभ



**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

लालगंज नगर के रामलीला मैदान स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में विहिप का दो दिवसीय कार्यकर्ता अभ्यास वर्ग शुरु हुआ जिसमें प्रांतीय मंत्री देवेन्द्र मिश्र ने उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि 1964में विहिप की स्थापना के समय जो उदेश्य निश्चित किए गए थे आज वह पूर्ण होतें हुए स्पष्ट परिलक्षित हो रहें है उन्होंनें कहा कि सभी हिंदू सहोदर भाई है न कोई छोटा है न कोई बड़ा है सभी समरस हैं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता अवध प्रांत के उपाध्यक्ष रामगोपाल त्रिपाठी ने की ।जिलाध्यक्ष अजय पांडेय नें बताया कि सात प्रखंडों के 150 कार्यकर्ता जिसमें दुर्गा वाहिनी की 25 बहिनें भी शामिल है प्रशिक्षण प्राप्त करके समाज में एकजुटता बनाए रखनें हेतु संकल्प ग्रहण करेगें।

इस अवसर पर जिला संरक्षक रमाशंकर, विभाग के विशेष सम्पर्क प्रमुख शिवकुमार अवस्थी नीरज बाजपेई, श्याम नारायण साहू शालिकराम मौर्य राधेश्याम साहू लक्ष्मी शंकर पंकज पांडेय एडवोकेट विश्वकर्मा,रजनी तिवारी रोशनी गुप्ता रमन सिंह अमन दीक्षित समीर मिश्र आदि उपस्थित रहे संचालन रुपेश अवस्थी ने किया।

## अवधेश प्रसाद ने कहा जानबूझ कर याचिका नहीं कराई गई खारिज, चुनाव लटकाने की कोशिश

**जन एक्सप्रेस । अयोध्या**

मिल्कीपुर सीट पर उपचुनाव को लेकर फंसे पेंच के बीच रविवार को सपा सांसद अवधेश प्रसाद ने अपना पक्ष रखा और भाजपा के आरोपों को सिरे से खारिज किया। प्रेसक्लब में आयोजित प्रेसवार्ता में उन्होंने कहा कि चुनाव टालने के लिए भाजपा ने जान-बूझकर याचिका वापस लेने की प्रक्रियाओं का पालन नहीं किया। इस वजह से याचिका खारिज नहीं हो सकी। अब भाजपा के लोग जनता के बीच अपने कृत्यों को छिपाने के लिए भ्रामक बयानबाजी कर रहे हैं, लेकिन जनता सब जान रही है।

उन्होंने कहा कि न्यायालय नियम-कानून के आधार पर चलता है। याचिका वापस लेने के लिए तमाम प्रक्रियाएं होती हैं। जब उन्होंने 12 जून को विधानसभा की सीट से इस्तीफा दे दिया और 13 जून को इसे स्वीकार कर लिया गया तो सीट रिक्त हो गई। यह याचिका मिल्कीपुर विधायक को लेकर दायर थी, लेकिन जब वह विधायक रहे ही नहीं, तो किस हैसियत से वकील खड़ा करेंगे। यदि भाजपा चुनाव की पक्षधर थी तो सीट रिक्त होते ही उन्हें याचिका वापस लेने की प्रक्रिया शुरू करना था।

जान-बूझकर चुनाव टालने के मकसद से ही ऐसा किया गया है।

उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में जीत के लिए भाजपा ने ऐड़ी-चोटी का जोर लगाया। तमाम बड़े नेताओं की फौज उतार दी, लेकिन जनता ने उन्हें नकार दिया। इससे देश-दुनिया में अयोध्या-फैजाबाद की खूब चर्चा हुई। इसी से भाजपा डरी-सहमी है और एक साथ उपचुनाव नहीं कराना चाहती है। ताकि पूरा फोकस वह मिल्कीपुर पर ही कर सके और तंत्र का दुरुपयोग हो सके।

# बालिकाओं के सशक्तिकरण हेतु संचालित मीना मंच प्रदेश के टॉप 15 में रायबरेली शामिल

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



प्रदेश सरकार द्वारा बालिकाओं के सशक्तिकरण एवं उन्हें स्वास्थ्य,शिक्षा एवं सुरक्षा के प्रति सजग एवं जागरूक बनाने के लिए सभी परिषदीय उच्च प्राथमिक एवं कंपोजिट तथा केजीबीवी में मीना मंच का संचालन किया जा रहा है। सीमैट प्रयागराज मे आयोजित 75 जनपद के जिला समन्वयको की आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला के दौरान राज्य स्तर पर बेहतर 15 मीना मंच संचालन में जनपद रायबरेली को शामिल किए जाने पर एस.एस पाण्डेय को उनकी मेहनत एवं लगन तथा समर्पण पर रवि दयाल स्टेट एजुकेशन ऑफीसर यूनिसेफ एवं समग्र शिक्षा कार्यालय लखनऊ कि राज्य सलाहकार बालिका शिक्षा सरिता सिंह तथा गौरव त्रिपाठी जोनल कोऑर्डिनेटर यूनिसेफ द्वारा संयुक्त रूप से सम्मानित किया गया।

राज्य सलाहकार बालिका शिक्षा सरिता सिंह ने कहा की श्री पाण्डेय द्वारा बीते कई वर्षो से लगातार पूरे जनपद में बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने का भरपूर एवं अथक प्रयास किया जा रहा है उन्होंने कहा कि कोरोना जैसे संक्रमण काल में भी समाज को कोरोना से बचने के लिए मीना मंच के बैनर तले मीडिया के सहयोग से निरंतर जागरूकता अभियान चलाया गया। जनपद की सभी सुगमकर्ताओ ने कहा कि प्रदेश के टॉप 15 जनपद में रायबरेली शामिल किए जाने पर उन्हें बेहद खुशी है और इसका पूरा श्रेय मीना मंच टीम लीडर एस.एस. पाण्डेय को जाता है साथ ही काफी दिन बाद त्याग एवं समर्पण का सम्मान करने के लिए यूनिसेफ एवं समग्र शिक्षा अभियान लखनऊ को बधाई दी है। इस अवसर पर यूनिसेफ टीम नदीम, रचिता, नादिर, करतार सहित अन्य लोगों ने बधाई दी।

# रायबरेली के चंदापुर मंदिर के सामने बाजपेई कांप्लेक्स में लगी भीषण आग

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**



रायबरेली के सदर कोतवाली थाना क्षेत्र के सुपर मार्केट चंदापुर मंदिर के सामने बने स्थित बाजपेई काम्पलेस के नीचे बने एक जूते के गोदाम में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई जिसके वजह से कई दुकानें जलकर खाक हो गई जानकारी के अनुसार यह आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी जिससे परिसर में अफरा-तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया

दमकल कर्मियों ने आग पर पाया काबू। यह घटना आज दोपहर की है नीचे बने बेसमेंट में अंदर अचानक आग लग गई आग और धुएं की वजह से परिसर में मौजूद अन्य दुकानदार और ग्राहक भागकर अपनी जान बचाने लगे आग लगने की सूचना मिलने के बाद सदर कोतवाली पुलिस और दमकल की गाड़ियों ने तुरंत घटनास्थल पर पहुंचकर आग पर काबू पाया

इस घटना के कारण सुपर मार्केट चौराहे के चारों रास्तों पर आवागमन बाधित हो गया पुलिस और दमकल की टीम ने तुरंत स्थिति को नियंत्रित कर लिया सदर कोतवाली प्रभारी राजेश सिंह ने बताया कि जैसे ही धुएं की लपटें देखी गईं चौकी इंचार्ज जहानाबाद मौके पर पहुंचे उन्होंने यह भी बताया कि इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है।

# छः दिवसीय भेड़, बकरी, सूकर पालन प्रशिक्षण हुआ सम्पन्न

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

राष्ट्रीय पशुधन मिशन योजनान्तर्गत कृषि विज्ञान केन्द्र दरियापुर रायबरेली में जनपद स्तरीय छः दिवसीय भेड़ बकरी सूकर पालन प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण में उ0प्र0 गो सेवा आयोग के अध्यक्ष श्याम बिहारी गुप्ता द्वारा प्रतिभाग कर प्रशिक्षण ले रहे पशुपालकों को जैविक खेती-जैविक उत्पाद, घर एवं पशुवाड़ा के साथ पशुओं को खेत में ही पालने, उनके द्वारा उत्पन्न गोबर, मूत्र व अन्य खेती के अवशिष्ट पदार्थों का खेती में ही उपयोग कर किसानों / पशुपालकों की आय दोगुनी से चार गुनी करने पर जोर दिया। पशुपालकों द्वारा प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम में उन्नत नस्ल के गाय भैंस, भेड़, बकरी, सूकर के नर पशुबाड़ों की स्थापना कर निःशुल्क उच्च गुणवत्तायुक्त जर्म प्लाज्म के नर पशुओं को किसानों को निःशुल्क उपलब्ध कराने की योजना लागू किये जाने हेतु मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा0 अनिल कुमार को निर्देशित किया गया। डा0 अनिल कुमार द्वारा छः दिवसीय कार्यक्रम की रूपरेखा रखने के साथ पशुपालकों को राष्ट्रीय पशुधन मिशन अन्तर्गत संचालित लाभार्थीपरख योजनाओं के लाभ के बारे में विस्तार से बताया गया। सुरेन्द्र पाल सिंह, वरिष्ठ समाजसेवी जनपद जालौन द्वारा भेड़ बकरी पालने के महत्व, जैविक खेती एवं अत्यधिक औषधियों के प्रयोग से होनेवाले फायदे एवं नुकसान के बारे में अवगत कराया गया। उप कृषि निदेशक विनोद कुमार द्वारा फॉरमर्स प्रोड्यूसर ऑर्गनाइजेशन को आगे आकर योजना का लाभ लेने तथा कृषि विभाग की अनुदान की योजनाओं से समेकित करने की



जानकारी प्रदान की गयी। डा0 आर0पी0एन0 सिंह अध्यक्ष, कृषि विज्ञान केन्द्र दरियापुर द्वारा केन्द्र में जैविक खेती के प्रक्षेत्रों का समय समय पर किसानों को भ्रमण कराने, चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर में दिनांक 24 व 25 अक्टूबर, 2024 को आयोजित किसान मेले में प्रतिभागिता करने आदि विषयों के साथ कृषि वैज्ञानिक आर0के0 कनौजिया द्वारा एकीकृत कृषि एवं पशुपालन प्रबन्धन की तकनीकी जानकारी प्रदान की गयी प्रशिक्षण कार्यक्रम में पशु चिकित्सा विज्ञान एवं पशुपालन महाविद्यालय कुमारगंज अयोध्या के डा0 आर0पी0 दिवाकर के नेतृत्व में 04 सहायक प्राध्यापकों के दल द्वारा भी प्रतिभाग कर बकरी, भेड़ एवं सूकर पालन के सम्बन्ध में उत्कृष्ट तकनीकी जानकारी प्रदान की गयी। कार्यक्रम का संचालन कर रहे नोडल अधिकारी डा0 पी0एस0 निरंजन द्वारा समस्तप्रशिक्षार्थियों से प्रशिक्षण उपरान्त प्रश्नोत्तरी कार्यकम का बेहतर संचालन किया गया तथा चयनित बकरी पालकों को पुरस्कार वितरित किये गये। अग्रणी बैंक प्रबन्धक द्वारा बैंक को प्रस्तुत आवेदन पत्रों पर प्रमुखतः के साथ अन्य बैंक शाखा प्रबन्धकों के माध्यम से आपत्ति का निराकरण जल्द से जल्द किये जाने का आश्वासन दिया गया तथा भविष्य में निःशुल्क भेड़, बकरी, सूकर पालन का प्रशिक्षण दोबारा कराने के लिये आवश्यक कार्यवाही से भी मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को अवगत कराया गया अध्यक्ष उ0प्र0 गो सेवा आयोग द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षार्थियों को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र वितरित किया गया मुख्य पशु चिकित्साधिकारी सचिव केतकी वेलफेयर सेवा संस्थान प्रतापगढ़ एवं सूरज सिंह विसेन उपाध्यक्ष हिन्दू युवा वाहिनी रायबरेली द्वारा अध्यक्ष उ0प्र0 गो सेवा आयोग को स्मृति चिन्ह एवं अंग वस्त्र भेंट किया गयाप्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभागियों के साथ लगभग एक सैकडे से अधिक लोग उपस्थित रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### तीन साल के मासूम की गलत उपचार से मौत, तीन सदस्यीय जांच कमेटी का गठन

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** तीन साल के मासूम की गलत उपचार के कारण मौत हो गई। इसकी शिकायत महराजगंज थाना के केशवपुर सेमरिया निवासी भगवान सिंह ने जिलाधिकारी से की है। डीएम के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय जैन ने तीन सदस्यीय जांच कमेटी का गठन किया है। सीएमओ डॉव?टर संजय जैन ने बताया क? कमेटी को जांच पूरी कर रिपोर्ट पांच दिन में उपलब्ध करानी है। तीन वर्षीय बच्चे की गलत उपचार के कारण मौत हो गई। इसकी शिकायत महराजगंज थाना के केशवपुर सेमरिया निवासी भगवान सिंह ने जिलाधिकारी से की है। डीएम के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय जैन ने तीन सदस्यीय जांच कमेटी का गठन किया है। कमेटी को पांच दिन में जांच रिपोर्ट देनी है। भगवान सिंह ने आरोप लगाया है कि उन्होंने तीन वर्षीय पौत्र शौर्य सिंह की तबीयत खराब होने पर पांच सितंबर को डॉ. केएन कौशल को दिखाया था। घर जाने पर उसकी हालात बिगड़ती गयी। सात सितंबर को दोबारा दिखाने के लिए पहुंचने चिकित्सक ने भर्ती कर लिया और 40 मिनट में दो यूनिट प्लेटलेट्स चढ़ा दी। इससे उसे झटका आने लगा। इस पर लखनऊ रेफर कर दिया गया। रास्ते में उसकी मौत हो गई। उनका आरोप है कि ओवरडोज प्लेटलेट्स चढ़ाने से उसका शरीर नीला पड़ गया और मौत हो गई।

### अयोध्या पहुंचे इजरायली राजदूत ने रामलला के किए दर्शन, खूब की तारीफ

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** इजरायल के राजदूत रूवेन अजार ने बुधवार को अपनी पत्नी के साथ अयोध्या के भव्य राम मंदिर का दौरा किया। राजदूत ने दौरे के बाद कहा कि वे तीर्थयात्रियों और भक्तों की भक्ति से अभिभूत हैं। इजरायली राजदूत अजार ने लोगों से जुड़ने और भारत की संस्कृति को गहराई से जानने के महत्व पर जोर दिया। भारत में इजरायल के राजदूत रूवेन अजार ने बुधवार को अपनी पत्नी के साथ अयोध्या के भव्य राम मंदिर का दौरा किया। राजदूत ने दौरे के बाद कहा कि वे तीर्थयात्रियों और भक्तों की भक्ति से अभिभूत हैं। इजरायली राजदूत अजार ने लोगों से जुड़ने और भारत की संस्कृति को गहराई से जानने के महत्व पर जोर दिया।

### अयोध्या दुष्कर्म कांड में दर्ज हुई पीड़िता की गवाही, अब रोज होगी सुनवाई

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** भदरसा सामूहिक दुष्कर्म कांड में बुधवार को दुष्कर्म पीड़िता किशोरी की गवाही विशेष न्यायाधीश पॉक्सो-एक्ट प्रथम निरुपमा विक्रम की अदालत ने दर्ज कर ली है। मामले की सुनवाई अब प्रतिदिन होगी। पीड़िता की गवाही के साथ ही आरोपित मोईद की ओर से अधिवक्ता ने जिरह की। समय के अभाव के कारण सह आरोपित राजू खान के अधिवक्ता ने जिरह के लिए समय मांगा। अयोध्या के बहुचर्चित भदरसा सामूहिक दुष्कर्म कांड में बुधवार को दुष्कर्म पीड़िता किशोरी की गवाही विशेष न्यायाधीश पॉक्सो-एक्ट प्रथम निरुपमा विक्रम की अदालत ने दर्ज कर ली है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ खंडपीठ ने आरोपित सपा नेता मोईद खान की जमानत निरस्त करने के साथ विचारण न्यायालय को चार सप्ताह के अंदर पीड़िता व वादी की गवाही दर्ज कराने का निर्देश दिया था। मामले की सुनवाई अब प्रतिदिन होगी। विचारण न्यायालय ने गवाही के लिए 10 अक्टूबर को पीड़िता व वादी (पीड़िता की मां) को बयान दर्ज कराने के लिए समन जारी किया गया था। न्यायालय में हाजिर न होने पर मंगलवार को जमानती वारंट जारी कर दिया गया था, जिसके बाद दुष्कर्म पीड़िता ने बुधवार को न्यायालय में उपस्थित हो कर अपना बयान दर्ज कराया। पीड़िता की गवाही के साथ ही आरोपित मोईद की ओर से अधिवक्ता ने जिरह की। समय के अभाव के कारण सह आरोपित राजू खान के अधिवक्ता ने जिरह के लिए समय मांगा। अब उच्च न्यायालय के आदेश के क्रम में मुकदमे की कार्रवाई प्रतिदिन होगी। घटना में मुख्य आरोपित सपा नेता मोईद खान को स्थानीय न्यायालय व उच्च न्यायालय ने जमानत देने से इनकार कर दिया था। घटना का राजफाश होने पर दोनों आरोपितों के विरुद्ध बीती 27 जुलाई को प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी।

### किशोरी से दुष्कर्म का आरोपित दोषमुक्त

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** किशोरी के साथ दुष्कर्म करने और बताने पर जान से मारने की धमकी देने के मामले में गांव के ही आरोपित अजीत कुमार शर्मा के विरुद्ध न्यायालय ने पर्याप्त साक्ष्य न पाते हुए दोषमुक्त कर दिया है। यह आदेश विशेष न्यायाधीश पॉक्सो-एक्ट प्रथम निरुपमा विक्रम की अदालत ने दिया। आरोपी की ओर से पैरवी कर रहे अधिवक्ता रजनीश सिंह के अनुसार घटना तीन वर्ष पूर्व 10 दिसंबर को रौनाही की है। नाबालिग किशोरी के पिता ने आरोपित अजीत के विरुद्ध के प्राथमिकी दर्ज कराते हुए आरोप लगाया था कि जब पीड़िता खेत देखने जा रही थी, तभी आरोपित ने पीड़िता को जबरन घसीट कर खेत में ले जाकर दुष्कर्म किया व किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। घटनास्थल पर पहुंचे गांव के ही गुड्डू ने पीड़िता को आरोपित के चंगुल से बचाया। बचाव पक्ष ने अपने तर्क में कहा कि पीड़िता व आरोपित एक-दूसरे को आठ-नौ वर्षों से जानते थे व एक-दूसरे को पसंद करते थे। दोनों के मध्य संबंध आपसी सहमति से था। पीड़िता ने मजिस्ट्रेट को दिए बयान में इसकी पुष्टि की है। घटनास्थल पर दोनों को आपत्तिजनक हालत में देखकर गुड्डू ने पीड़िता के पिता को सूचना दे दी थी। न्यायालय ने किशोरी के मजिस्ट्रेट को दिए बयान को देखते हुए व पर्याप्त साक्ष्य न होने के कारण आरोपित को दोषमुक्त करार दिया।

### सपा को हार का भय, गोरखनाथ बाबा ने अखिलेश की पार्टी पर फोड़ा मिल्कीपुर उपचुनाव टालने का ठीकरा

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** मिलकीपुर उपचुनाव को लेकर बीजेपी के पूर्व विधायक गोरखनाथ बाबा ने समाजवादी पार्टी पर निशाना साधा है। उनका कहना है कि सपा हार के डर से उपचुनाव टालना चाहती है। गोरखनाथ बाबा ने कहा कि विपक्ष पूरी तरह से नकारात्मक राजनीति कर रहा है। झूठ भ्रम तथा अफवाह फैला कर लोगों को गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा है। मिल्कीपुर से भाजपा के पूर्व विधायक गोरखनाथ बाबा ने उपचुनाव टलने का ठीकरा सपा पर फोड़ा है। उन्होंने कहा कि विपक्ष पूरी तरह से नकारात्मक राजनीति कर रहा है। झूठ, भ्रम तथा अफवाह फैला कर लोगों को गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा है। मिल्कीपुर के लोग पूरी तरह से भाजपा के पक्ष में लामबंद हैं। इसी कारण सपा उपचुनाव टालना चाह रही है। सिविल लाइन स्थित अपने आवास पर पत्रकार वार्ता में पूर्व विधायक ने कहा कि वर्ष 2022 में उन्होंने उच्च न्यायालय में अवधेश प्रसाद के निर्वाचन को निरस्त करने के लिए याचिका दाखिल की थी। चुनाव आयोग ने इसी याचिका के कारण उपचुनाव की तिथियों की घोषणा नहीं की। इसके बाद गुरुवार को हाईकोर्ट के समक्ष प्रस्तुत होकर याचिका वापस लेने का निवेदन किया गया। पूर्व विधायक ने कहा कि यदि सपा की मंशा साफ थी तो किस कारण से कोर्ट में प्रकरण को लटकाने के लिए दर्जन भर अधिवक्ताओं को खड़ा किया गया।

### सपा–भाजपा में खलनायक साबित करने की होड़, प्रदेश अध्यक्ष ने अवधेश प्रसाद पर लगाए आरोप

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** मिल्कीपुर उपचुनाव टलने को लेकर सपा और भाजपा के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेन्द्र सिंह ने सांसद अवधेश प्रसाद पर चुनाव हारने के डर से उच्च न्यायालय में याचिका वापसी में विरोध करने का आरोप लगाया है। वहीं सांसद ने पलटवार करते हुए कहा कि विधानसभा से त्यागपत्र देने के कारण वह पक्षकार नहीं रह गए हैं। मिल्कीपुर उपचुनाव टलने को लेकर सपा व भाजपा के बीच शुरू आरोप-प्रत्यारोपों के बीच प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेन्द्र सिंह भी कूद गए हैं। उन्होंने भी चुनाव हारने के डर से उच्च न्यायालय में याचिका वापसी में विरोध करने का आरोप सांसद अवधेश प्रसाद पर जड़ा है। सांसद ने पलटवार में कहाकि विधानसभा से त्यागपत्र देने के कारण वह पक्षकार नहीं रह गए। सत्तापक्ष व विपक्ष में ऐसे आरोपों को लेकर मिल्कीपुर की जनता की नजर में एक-दूसरे को खलनायक साबित करने की होड़ है। उच्च न्यायालय 15 दिन बाद शिवमूर्ति के प्रार्थनापत्र पर उस याचिका को वापस लेने पर सुनवाई करेगा। 15 दिन का समय दो नवंबर को पूरा होगा। निर्वाचन आयोग ने उसी की वजह से प्रदेश के अन्य विधानसभा चुनावों के साथ मिल्कीपुर का कार्यक्रम जारी नहीं किया। शिवमूर्ति का प्रार्थनापत्र विचाराधीन उसी यायचिका को वापस लेने को लेकर है, जिसे पूर्व विधायक गोरखनाथ बाबा ने 2022 में सपा से निर्वाचित विधायक अवधेश प्रसाद के निर्वाचन में दाखिल शपथपत्र को चुनौती दे रखा है।

### तेजी से बन रहा राम मंदिर का मुख्य शिखर

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** अयोध्या में राम मंदिर के मुख्य शिखर का निर्माण तेजी से हो रहा है। नवरात्रि से शुरू हुए निर्माण में अब तक तीन परतें पूरी हो चुकी हैं। देवी-देवताओं और सप्तर्षियों के मंदिरों का निर्माण भी तेज है। शेषावतार लक्ष्मण जी के मंदिर का निर्माण भी शुरू हो गया है। राम मंदिर के भूतल की प्राण प्रतिष्ठा के बाद प्रथम और द्वितीय तल का निर्माण भी पूरा हो गया है। राम मंदिर के मुख्य शिखर का निर्माण तेज गति से निरंतर आगे बढ़ रहा है। नवरात्र के दिन से प्रारंभ हुए शिखर निर्माण में अब तक शिलाओं की तीन परत का संयोजन पूरा हो गया। इसके साथ रामजन्मभूमि परिसर में बन रहे छह देवी-देवताओं व सप्तर्षियों के मंदिरों के निर्माण की गति भी तेज हो गई है। परिसर में प्रस्तावित शेषावतार लक्ष्मण जी के मंदिर का निर्माण भी प्रारंभ हो गया है। वर्तमान में इसका प्लिंथ (नींव) तैयार किया जा रहा है। राम मंदिर के भूतल की प्राण प्रतिष्ठा के उपरांत प्रथम व द्वितीय तल का भी निर्माण पूर्ण हो गया है। मंदिर के दोनों तलों पर वर्तमान में अंतिम चरण के कार्य चल रहे हैं। साथ ही स्तंभों पर आइकनोग्राफी के माध्यम से मूर्तियां उकेरी जा रहीं। नवरात्र के प्रथम दिन शिला पूजन के उपरांत मुख्य शिखर का निर्माण भी प्रारंभ हो गया था। इसके बाद से निरंतर टावर क्रेन के माध्यम से वजनी शिलाएं ऊपर पहुंचाई जा रही हैं।



**नगर पालिका और ट्रस्ट के झगड़े में लटका मेला...**

श्री रामलीला मेले में दुकान लगाने वाले व्यापारियों की दिक्कतें कम होती नहीं दिख रही हैं। गुस्साए दुकानदारों ने गया प्रसाद ट्रस्ट के खिलाफ धरना शुरू कर दिया है... ▸ शेष पेज 07 पर...

# हाईवे पर 161 वाहनों का चालान

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



कानपुर में राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे खड़े और उल्टी दिशा से आने वाले वाहनों के खिलाफ शनिवार को यातायात पुलिस और आरटीओ ने संयुक्त रूप से अभियान चलाया। इटावा-कानपुर हाईवे, सागर हाईवे, जीटी रोड और कानपुर-प्रयागराज हाईवे पर सड़क किनारे खड़े और उल्टी दिशा से आ रहे 161 वाहनों का चालान किया गया। इस दौरान भौंती गोशाला अंडरपास के पास फॉर्च्यूनर से उल्टी दिशा से आ रहे ढाबा मालिक और स्कूल संचालक दीपू चौहान पुलिस से उलझ गए। पुलिस ने उनकी कार का चालान भी किया है।

अमर उजाला ने लगातार ट्रक, डंपर व दूसरे वाहनों के चालकों की मनमानी के खिलाफ खबरें प्रकाशित की। इस पर डीसीपी यातायात रविंद्र कुमार और आरटीओ प्रवर्तन विदिशा सिंह के निर्देश पर अभियान चलाया गया। दोपहर 12:20 से 2:30 बजे तक यातायात पुलिस के पश्चिम जोन प्रभारी सतेंद्र कुमार टीम के साथ भौंती स्थित पांडु नदी पुल के पास पहुंचे। यहां से पीएसआईटी तक सड़क के किनारे खड़े और उल्टी दिशा से आ रहे 28 वाहनों का चालान किया। दोपहर करीब 3:00 बजे एआरटीओ अंबुज के साथ अभियान चलाया गया।

64 वाहनों का चालान किया गया। इसमें ढाबा, होटलों के सामने और सड़क के किनारे खड़े वाहनों के अलावा, उल्टी दिशा, प्रेशर हार्न और रिफ्लेक्टर न होने वाले वाहन शामिल हैं। वहीं, जीटी रोड पर मंधना से आईआईटी के बीच भी पश्चिमी जोन प्रभारी सतेंद्र कुमार ने टीम के साथ सुबह 9:00 से 11:30 बजे तक अभियान चलाकर सड़क के किनारे खड़े 45 और 24 उल्टी दिशा से आ रहे वाहनों का चालान किया। इसी तरह महाराजपुर और कानपुर सागर हाईवे पर नौबस्ता से बिधनू तक सड़क के किनारे खड़े और उल्टी दिशा से आ रहे वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की गई।

### थाने की सेवा करते है- हमें तो उल्टी दिशा से आने की अनुमति है

यातायात पुलिस टीम ने भौंती गौशाला के पास उलटी दिशा से आ रहे सीमेंट लदे ट्रैक्टर को रोका तो चालक पुष्पेंद्र ने कहा कि बगल वाली सड़क पर जाना है इसलिए शार्ट कट से जा रहा हूं। पुलिस ने उसे फटकारा तो उसने ट्रैक्टर मलिक सत्येंद्र सिंह को बुला लिया। सतेंद्र भी बाइक लेकर उल्टी दिशा से आया तो पुलिस के पूछने पर बोला हम सचेंडी थाने की सेवा करते हैं। हमें उल्टी दिशा से आने-जाने की अनुमति है। पुलिस ने सख्ती की तो बोला,आज छोड़ दो आगे से ऐसा नहीं होगा। ट्रैफिक पुलिस ने ट्रैक्टर का चालान कर दिया।

### किसी ने नींद तो किसी ने गाड़ी का इंजन गर्म होने का बनाया बहाना

अभियान के दौरान सड़क के किनारे खड़े वाहनों के चालक केबिन में सोते मिले। पुलिस के पूछने पर किसी चालक ने नींद आने की बात कही तो किसी ने गाड़ी का इंजन गर्म होने पर उसे खड़ा करने का बहाना बनाया। इसी तरह किसी वाहन के चालक ने गाड़ी का सेल्फ खराब होने तो किसी ने लोडिंग के लिए गाड़ी खड़ी करने की बात कही, लेकिन पुलिस ने किसी की नहीं सुनी। कार्रवाई करने के साथ चेतावनी भी दी।

### विपरीत दिशा में दौड़ाई फॉर्च्यूनर

भौंती गोशाला अंडरपास के पास चेकिंग के दौरान पश्चिमी जोन प्रभारी सत्येंद्र कुमार ने उल्टी दिशा से आ रही फॉर्च्यूनर को रोका। कार में बैठे स्कूल व होटल संचालक दीपू चौहान ने रौब भरे अंदाज में पुलिस वालों से कार रोकने का कारण पूछा। कार्यवाहक टीआई सत्येंद्र कुमार ने उल्टी दिशा से आने पर चालान काटने की बात कही तो दीपू भड़क गए और उल्टे सड़क की गलतियां गिनाने लगे। इस पर टीआई ने दीपू से कहा कि आप हमें ज्ञान न दो आप संबंधित विधायक और सांसद से इसकी शिकायत करिए।

### टीआई ने किया 2500 का चालान

इस पर दीपू बोले, आप अभियान ही गलत जगह पर चला रहे हैं। मेरा ढाबा, स्कूल व एक होटल भौंती से पनकी वाली लेन के किनारे है। मैं रोजाना ऐसे ही जाता हूं। इसके बाद भी वह मनमानी करते हुए उल्टी दिशा से ही गंतव्य को चले गए। कार्यवाहक टीआई ने बताया कि खुद को दीपू चौहान बताने वाले शख्स की कार का 2500 रुपये का चालान किया गया है। इसमें 2000 रुपये विपरीत दिशा में गाड़ी दौड़ाने व 500 रुपये चालक के डीएल न दिखा पाने के अपराध में किया गया है।

### बच्चों से भरी स्कूली वैन को भी सीज किया

भौंती गोशाला के सामने उल्टी दिशा से आ रही स्कूली वैन को पुलिस ने रोका तो उसमें कक्षा एक से आठ तक के बच्चे क्षमता से अधिक मिले। कार्यवाहक टीआई ने वैन में बैठे बच्चों की गिनती की तो उसमें 17 बच्चे मिले। गंभीरपुर सचेंडी निवासी वैन चालक सुशांत न तो ड्राइविंग लाइसेंस दिखा सका और न ही परमिट। प्राइवेट में दर्ज वैन का वह कामर्शियल प्रयोग कर रहा था। पुलिस ने वैन सीज कर दी। चालक से कहा कि बच्चों को घर छोड़ने के बाद गाड़ी को थाने में खड़ी कर दें।

# नगर आयुक्त की बल्लेबाजी से जीती सीपी इलेवन





■ सीपी इलेवन में पुलिस कमिश्नर, जिलाधिकारी और नगर आयुक्त व अन्य अधिकारी रहे शामिल

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



शहर की साफ सफाई और विकास का जिम्मा संभालने वाले नगर आयुक्त सुधीर कुमार के हाथों में जब बल्ला आया तो उन्होंने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए महज 53 गेंदों पर 11 चौकों की मदद से 93 रन बनाए और नाबाद रहे। उनके रनों की बदौलत पालिका स्टेडियम में हुए सीपी इलेवन और टीएसएच इलेवन के बीच उद्घाटन मैच को सीपी इलेवन की टीम ने छह विकेट से जीत लिया। इसके पहले टास जीतकर सीपी इलेवन की टीम ने फील्डिंग करने का फैसला किया।

पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार की कप्तानी में हुए मैच में उन्होंने इस प्रकार की फील्डिंग सजाई की टीएसएच इलेवन की टीम 20 ओवर में पांच विकेट की नुकसान पर 175 रन ही बना सकी। टीएसएच की तरफ से करन दवे ने 41 गेंद पर 60 रन और शिखर ने 34 गेंद पर 47 रन बनाए। विकेट कीपर बल्लेबाज तरंग ने 33 रन बनाकर नाबाद रहे और सनी 12 रन बनाकर आउट हो गये। इसके बाद कोई भी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा नहीं छू सका। अच्छी फील्डिंग और गेंदबाजी का परिचय देते हुए सीपी इलेवन से एडीसीपी मनीष सोनकर, गौरांग राठी, रिषभ और जोगिंदर कुमार ने एक विकेट लिये। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी सीपी इलेवन की टीम केस्को एमडी सैमुअल पाल और नगर आयुक्त सुधीर कुमार ने सधी हुई शुरुआत की। सैमुअल पाल 10 गेंद में 10 रन बनाकर आउट हो गये लेकिन नगर आयुक्त अंतिम तक डटे रहे। एडीजी जोन आलोक सिंह ने 5 रन, पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार ने 5 रन, गौरांग राठी ने 33 रन बनाकर आउट हुए। विकेट कीपर बल्लेबाज रिषभ ने नगर आयुक्त का साथ दिया और 8 गेंद पर 17 रन बनाकर नाबाद रहते हुए टीम को विजय दिलाई। गेंदबाजी में टीएसएच इलेवन की टीम से सनी, असीम जैन, नितिन गोयल को एक-एक विकेट प्राप्त हुए। शनिवार शाम साढ़े छह बजे से शुरु हुए टी-20 मैच में मैन आफ द मैच, बेस्ट बैट्समैन, बेस्ट बालर, बेस्ट फील्डर, अधिकतम सिक्सर आफ द मैच के अवार्ड टीएसएच के निदेशक प्रणीत अग्रवाल, पूर्व टेस्ट क्रिकेटर गोपाल शर्मा, पूर्व रणजी खिलाड़ी शशिकांत खांडेकर, राहुल सपरु ने किया। टीएसएच के निदेशक प्रणीत अग्रवाल ने विजेता व उप विजेता टीमों को ट्राफी प्रदान की।

# कलक्टर गंज में चोरों ने चोरी की घटना को दिया अंजाम, 5 लाख रुपए कैश किया पार



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

शहर में चोरों के हौसले लगातार बुलंद होते जा रहे है। शनिवार रात कलक्टरगंज थाने और एसीपी ऑफिस से महज कुछ मीटर की दूरी पर चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम देकर कानपुर कमिश्नरेट पुलिस को एक बार फिर चुनौती दी है। घटना को अंजाम देने के बाद चोर मौके से फरार हो गए। चोर शिवाय ट्रेडर्स से करीब पांच लाख रुपये का कैश ले गए। वहीं, रविवार सुबह दुकान का ताला टूटा देख लोगों ने मालिक और पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर कलक्टरगंज एसीपी मो.मोहसीन खान समेत पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल की। उधर, घटना की जानकारी पाकर उद्योग व्यापार मंडल के भी पदाधिकारी पहुंचे और नाराजगी जाहिर की। कलक्टरगंज थानाप्रभारी का कहना है कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की मदद से चोरों की तलाश की जा रही है। जल्द ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

### व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने जताया विरोध

चोरी की जानकारी मिलते ही प्रदेश वरिष्ठ महामंत्री भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ज्ञानेश मिश्रा, प्रदेश मंत्री रोशन गुप्ता, अवधेश बाजपेई, अब्दुल वहीद, राजा गुप्ता, आशीष मिश्र, दिनेश शुक्ला, राकेश गुप्ता, क्षेत्रीय पार्षद शिवम दीक्षित मौके पर पहुंचे और नाराजगी जाहिर की। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस गश्त न होने से चोरों के हौसले बुमेंलंद है। थाने से महज कुछ दूरी पर चोरी हो गई और पुलिस को भनक तक नहीं लगी।


### दुकान बंद करके आए घर, सुबह चोरी की सूचना मिली के बाद पैरों के नीचे से जमीन खिसकी

जनरलगंज निवासी विजय कुमार गुप्ता की नयागंज किराना बाजार में शिवाय ट्रेडर्स नाम से दुकान है। जहां मिर्चा का काम होता है। उन्होंने बताया कि शनिवार रात वह दुकान बंद करके घर चले गए थे। रविवार सुबह उनके स्थानीय लोगों ने फोन कर चोरी की सूचना दी। वह मौके पर पहुंचे तब देखा कि दुकान का ताला टूटा पड़ा था। अंदर दाखिल होने पर कैश बॉक्स से चोर करीब पांच लाख रुपये कैश लेकर फरार हो गए।

# करवा चौथ के दिन चंद्रमा का पूजन कर, मांगी पति की लंबी आयु







**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



कार्तिक मास की चतुर्थी तिथि को करवा चौथ का व्रत किया जाता है। करवा चौथ के व्रत का संबंध करवा माता और गणेश जी से है। साल की गणेश चतुर्थी को गणेश जी पूजन किया जाता है और कार्तिक मास की चतुर्थी बड़ी होती है, इसलिए इस दिन करवा चौथ का व्रत होता है। इसलिए इस दिन करवा माता और गणेश जी की कहानी पढ़ी जाती है। इस व्रत में कथा सुनने का विधान है। सभी लोग अपनी-अपनी परंपरा के अनुसार व्रत कथा सुनते हैं। यह व्रत कथा सुनने के बिना अधूरा है। करवा चौथ के दिन रति महिलाएं शाम के वक्त सच सवर कर चंद्रमा का पूजन करता हैं। शनिवार के खासकर कानपुर में यह त्यौहार बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया।

### करवा चौथ के दिन कथा सुनने का रिवाज

अगर आप भी करवा चौथ का व्रत कर रही हैं, तो नीचे दी गई इन 4 कथाओं में से एक कथा जरूर सुनें। इस व्रत कथा में साहूकार की बेटी और गणेश जी कथा प्रमुख है। कुछ लोग धोबिन से जुड़ी कथा भी सुनते हैं। कथा सुनते समय अपने हाथों में चावल रखें और कछा पूरी होने पर इन्हें भगवान को अर्पित कर दें। इसके अलावा कथा सुनाने वाले को दक्षिणा जरूर दें। किसी के कथा दोपहर 12 बजे के बाद पढ़ी जाती है और किसी के शाम को तारों की छांव में कथा पढ़ने का विधान है। इसके अलावा करवा चौथ पर कथा समाप्त होने पर मन में प्रार्थना करें कि मां जैसे आपने उसके सुहाग की रक्षा करी, वैसे ही हमारी भी सुहाग की रक्षा करना।

### करवा नाम की पतिव्रता धोबिन से शुरु हुए करवा

करवा चौथ की धोबिन वाली कहानी करवा नाम की एक पतिव्रता धोबिन अपने पति के साथ तुंगभद्रा नदी के किनारे रहती थी। एक दिन जब पति कपड़े धो रहे थे, तब एक मगरमच्छ ने उन्हें अपने दांतों में दबाकर यमलोक ले जाने लगा। पति की पुकार सुनकर करवा वहां पहुंचीं और मगर को कच्चे धागे से बांधकर यमराज के पास ले गईं। करवा ने यमराज से अपने पति की रक्षा करने की गुजारिश की और कहा कि अगर उन्होंने अपने पति को बचाने में मदद नहीं की, तो वह उन्हें श्राप देंगे। करवा के साहस से डरकर यमराज ने मगर को यमलोक भेज दिया और पति को दीर्घायु होने का वरदान दिया। मान्यता है कि तब से कार्तिक कृष्ण की चतुर्थी को करवा चौथ का व्रत रखा जाने लगा। करवा चौथ के व्रत में सुहागिन महिलाएं करवा माता से प्रार्थना करती हैं कि जैसे उन्होंने अपने पति को मृत्यु के मुंह से वापस निकाला था, वैसे ही उनके सुहाग की भी रक्षा करें।

# आयकर अधिकारी की बहू से चेन लूट



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

कानपुर के शुक्लागंज में कोतवाली गंगा घाट क्षेत्र में आयकर अधिकारी की बहू की आधी चेन लूटकर लुटेरे भाग निकले। पीड़िता गांधीनगर मोहल्ला स्थित गली से ननद के साथ दुर्गा मंदिर से दर्शन कर घर को लौट रही थी। करवाचौथ के दिन हुई लूट की घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी खंगालने शुरू कर दिए हैं। पीड़िता ने अज्ञात लुटेरों के खिलाफ तहरीर पुलिस को दी है।

बालू घाट चौकी क्षेत्र के मोहल्ला श्रीनगर शनिदेव मंदिर वाली गली निवासी सुनीता मौर्य पत्नी संतोष मौर्य ने पुलिस को बताया कि रविवार सुबह करीब छह बजे राजधानी मार्ग स्थित दुर्गा मंदिर से दर्शन करते हुए अपनी ननद श्रीनगर निवासी किरन के साथ वह घर को पैदल वापस लौट रही थी। गांधीनगर स्थित अग्रवाल स्टूडियो के निकट गुजरते समय पीछे से आए लुटेरे ने उनकी चेन गले से खींच ली। इसके बाद अपने बाइक सवार अन्य साथी के साथ भाग निकला। गनीमत रही कि खींचतान के बीच उनकी आधी चेन उनके पास रह गई। बाइक पर दो लुटेरे थे। पीड़िता और उसकी ननंद ने काफी शोरगुल किया दौड़ने का प्रयास भी किया, लेकिन लुटेरे भाग निकले। घटना की जानकारी होने पर कोतवाली गंगा घाट प्रभारी निरीक्षक अनुराग सिंह मय पुलिस बल के पहुंचे।

### प्रभारी निरीक्षक बोले- जल्द ही चेन लुटेरे पकड़े जाएंगे

पुलिस ने जांच शुरू करते हुए सीसीटीवी कैमरे चेक किए। सुनीता ने बताया कि साल 2015 में उसने 45,000 कीमत की करीब डेढ़ तोला की चेन खरीदी थी। उसके ससुर राजाराम कानपुर आयकर विभाग में कार्यालय अधीक्षक के पद पर तैनात हैं। वहीं, करवाचौथ के दिन चेन लूट की घटना होने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही चेन लुटेरे पकड़े जाएंगे।

# ट्रैंक्विल टोन स्पोर्ट्स क्लब में फुटसल टूर्नामेंट का हुआ जबरदस्त मुकाबला

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर।** फुटसल टूर्नामेंट 2024 का जबरदस्त मुकाबला गाँधी ग्राम स्थित ट्रैंक्विल टोन, अव्यांश स्पोर्ट्स क्लब में रविवार को हुआ। फुटसल प्रतिस्पर्धा में कानपुर समेत मौदहा की टीम ने पार्टिसिपेट किया। कुल 14 टीमों ने नॉक आउट मैच खेले। विनर टीमों के बीच क्वाटर फाइनल और फाइनल मैच खेला गया। खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन कर अपनी वापसी की। फाइनल टीम में एफसी पिंक पैंथर और कैंटोनमेंट एफसी के बीच जबरदस्त टक्कर हुई। दोनों टीमों ने एक से बढ़कर एक गोल दागे। फाइनल मैच एक-एक से ड्रा रहा। एफसी पिंक पैंथर ने पेनल्टी शूटआउट में खिताब जीता। पिंक पैंथर अपनी खेल का जबरदस्त प्रदर्शन कर विनर टीम घोषित हुई। रनर अप कैंटोनमेंट एफसी टीम रही। टॉप स्कोर अक्षय कैंडी, प्लेयर का टूर्नामेंट आयुष, बेस्ट गोलकीपर फैज़ रहे। विनर टीम कैश प्राइज छ- हजार रूपये और रनर अप टीम ने दो हजार रूपये जीते। फुटसल टूर्नामेंट में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा कानपुर बुंदेलखंड खण्ड के क्षेत्रीय संयोजक विनोद गुप्ता ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और विजेता टीम को ट्राफी दी।

# दादा के फर्जी हस्ताक्षर से ट्रस्ट के खाते का संचालन कराया अपने नाम



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

कानपुर में कालपी रोड निवासी प्रनवपत सिंघानिया का दावा है कि फर्जी दस्तावेजों के सहारे न सिर्फ आरोपियों ने बैंक खाते खुलवाए, बल्कि दादा हेमंतपत सिंघानिया के फर्जी हस्ताक्षर बनाकर एक प्रस्ताव भी जारी करा लिया। इसमें उदितपत और विदुषपत के हस्ताक्षर से ही ट्रस्ट का खाता संचालित होने की बात लिखी हुई थी।

इसके बाद बैंक अधिकारियों से उदितपत सिंघानिया के ओमेक्स रायल रेजिडेंसी स्थित कार्यालय के पते को पत्राचार के लिए प्रयोग करने के लिए प्रार्थनापत्र भी दिया ताकि दादा को खातों में होने वाले ट्रांजेक्शन के बारे में उन्हें कोई जानकारी न हो सके। ट्रस्ट का पता भी कलिंद्री कालोनी नई दिल्ली का दिखाया गया। उस पते का रेंट एग्रीमेंट मीनाक्षी सिंघानिया के नाम से कराया गया। इसके बाद बाबा हेमंतपत सिंघानिया के नाम पर लोगों से करोड़ों रुपये इन नए बैंक खातों में लेकर हड़प लिए। प्रनवपत का कहना है कि जब उन्होंने इस संबंध में आरोपियों से बात की तो आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। यही नहीं, स्वरूपनगर निवासी दोस्त सुयश अस्थाना जब उनसे मिलने पहुंचे तो आरोपियों ने दोनों पर बैट से हमला कर दिया।

### कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज

पुलिस ने तब केस दर्ज नहीं किया तो वह कोर्ट चले गए। इंस्पेक्टर फजलगंज सुनील कुमार सिंह ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर 18 अक्तूबर को उदितपत सिंघानिया, विदुषपत सिंघानिया व उनके पिता शरदपत सिंघानिया व मां मीनाक्षी सिंघानिया और अद्वैत सिंघानिया के खिलाफ केस दर्जकर जांच की जा रही है।

# दोस्तों से संबंध न बनाने पर की थी किशोरी की हत्या



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

कानपुर देहात में शिवली कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से लापता किशोरी की हत्या उसके दोस्त ने अपने दो मित्रों के साथ मिलकर की थी। हत्या से पहले किशोरी के दोस्त ने उससे संबंध बनाए थे। इसी बीच युवक के दो मित्र वहां आ गए और किशोरी से संबंध बनाने की जिद करने लगे। किशोरी ने इन्कार कर दिया तो तीनों ने मिलकर मुंह व गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। इसके बाद शव को नाले में फेंक दिया। पुलिस ने चारों नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। इसमें किशोरी के दोस्त का भाई भी शामिल है। पुलिस ने उसे वारदात के बारे में जानकारी छिपाने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पूछताछ व साक्ष्य के आधार पर पुलिस ने मुख्य आरोपी सचिन पर पॉक्सो, दुष्कर्म व आपराधिक साजिश की धाराएं बढ़ाईं हैं।

### शव को नाले में फेंक दिया था

थाना अध्यक्ष शिवली केएन राय ने बताया कि 10 अक्तूबर की दोपहर से लापता छात्रा से गांव के सचिन उर्फ हरिश्चंद्र ने खेत में बुलाकर दुष्कर्म किया। इसके बाद राजाबाबू और प्रेम के साथ मिलकर उसकी मुंह व गला दबाकर हत्या कर दी। अपराध छिपाने के लिए शव को नाले में फेंक दिया था। पुलिस हिरासत में लिए गए आरोपी सचिन ने पुलिस को बताया कि उसके छात्रा से संबंध थे।

### दोस्त से संबंध बनाने का दबाव डाला

10 अक्तूबर को छात्रा उससे मिलने खेत में आई थी। वहीं पर वह कोल्डड्रिंक पी रहा था। इसी दौरान उससे संबंध बनाए। इसके बाद राजाबाबू और प्रेम पहुंच गए। उक्त दोनों उसके बीच संबंध की बात जानते थे। दोनों ने उसकी दोस्त से संबंध बनाने का दबाव डाला। इस पर छात्रा ने इन्कार कर दिया। विवाद होने पर छात्रा ने मुकदमा लिखाने की धमकी दी।

### चारों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया

इस पर तीनों ने मुंह और गला दबाकर उसकी हत्या कर दी और शव नाले में फेंक दिया। पुलिस ने तीनों के साथ सचिन के भाई विमल को भी पकड़ा है। थानाध्यक्ष शिवली ने बताया कि छात्रा के सचिन के साथ संबंध थे, इसकी जानकारी विमल को थी, उसने वारदात को छिपाया। चारों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। दर्ज केस में सचिन के खिलाफ दुष्कर्म व अन्य के खिलाफ पॉक्सो, आपराधिक साजिश की धारा बढ़ाई गई है।

### यह था मामला

शिवली क्षेत्र के एक गांव से 10 अक्तूबर को लापता किशोरी का 17 अक्तूबर को गांव के बाहर घर से करीब 500 मीटर दूर नाले में शव मिला था। शव एक सप्ताह पुराना होने के कारण सड़ गया था। मृतका के चाचा, मां व पिता ने बेटी से दुष्कर्म के बाद हत्या कर शव फेंके जाने के आरोप लगाए थे। उनका यह भी आरोप था कि 12 अक्तूबर तक बेटी के न मिलने पर चौकी बाघपुर में तहरीर दी थी तो पुलिस ने दो आरोपियों को पकड़ने के बाद छोड़ दिया था।

### पूरी तरह सड़ गया था शव

इधर, वारदात के बाद परिजनों के हंगामा करने व शिवली-कल्यानपुर मार्ग जाम करने के बाद मां की तहरीर पर सचिन उर्फ हरिश्चंद्र, राजाबाबू, प्रेम, विमल के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। वहीं, शुक्रवार को हुए पोस्टमार्टम में शव पूरी तरह से सड़ जाने के कारण मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका था। इस पर विसरा सुरक्षित किया गया था।

किशोरी के गायब होने और गुमशुदगी न दर्ज करने पर परिजनों ने कार्रवाई की मांग की थी। साथ ही आरोप लगाए थे कि पकड़े गए आरोपियों को चौकी से छोड़ा गया था। इस मामले में एसपी बीबीजीटीएस मूर्ति ने चौकी प्रभारी को निलंबित कर दिया था।

### सिखों ने मनाया गुरू रामदास जी महाराज का प्रकाश पर्व, शबद कीर्तन से संगत को किया निहालज्लंगर भी छका

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर।** कानपुर में सिखों के चौथे गुरू रामदास जी महाराज का प्रकाश पर्व शनिवार को धूमधाम से मनाया गया। उत्तर प्रदेश सिख फाउंडेशन ने मोतीझील में इसे गुरमत समागम के रूप में मनाया। इसमें दिल्ली से आए जगजीत सिंह बबीहा ने गुरू रामदास रखना गरीब की लाज करना ना मोहताज...शबद कीर्तन कर संगत को निहाल किया। कानपुर से 32 स्त्री सत्संग जत्था के ओर से रेहरास साहिब का पाठ किया गया। इसके बाद भक्तों ने गुरु का अटूट लंगर भी छका, जो देर रात तक चलता रहा। मोतीझील मैदान में सबसे पहले पंज प्यारों की अगुवाई में गुरु ग्रंथ साहिब का प्रकाश किया गया। फिर लखनऊ से आए हुए गगनदीप सिंह ने धन-धन रामदास गुरु जिन सीरिया तिन्हें सवारिया, पूरी होई करामात आप सिर जन हारे धारेया... से संगत को निहाल किया। वहीं, कवलजीत सिंह चंबे वाले ने रामदास सर हाथ धरंयो शब्द गायन करके संगत को निहाल किया। चंडीगढ़ से आए हुए ज्ञानी नरेंद्र सिंह ने गुरु रामदास के जीवन पर प्रकाश डाला। वहीं, लुधियाना पंजाब से आए हुए गुरु गोविंद सिंह स्टडी सर्किल के कन्वीनर सरदार विजेंद्र पाल सिंह ने गुरु रामदासजी के इतिहास का वर्णन कर लोगों को भाव विभोर कर दिया।

# जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# स्वास्थ्य पर हमला है खाद्य पदार्थों में थूक मिलाना


**यह धार्मिक अधिकारों का भी हनन करता है। जहां हिन्दू धर्म में हर वस्तु पवित्र रूप में देवों पर अर्पण की जाती है, तो वहीं इस प्रकार सब्जी, फल आदि को थूक और पेशाब से दूषित करना, धार्मिक अधिकारों पर बहुत बड़ा हमला है। यह घिनौना कार्य सामाजिक अपराध है। यह समाज में समुदायों के प्रति अविश्वास व घृणा को उत्पन्न करता है। यह उस अविश्वास को जन्म देता है, जिसकी परिणिति नाम देख कर सामान खरीदने के रूप में आती है। भोजन की शुद्धता ही स्वस्थ जीवन और स्वस्थ समाज का आधार है और जो भी इसमें खिलवाड़ करता है उसे कठोर सजा मिलनी चाहिए।**

*इन दिनों एक मुद्दे पर लगातार विवाद मचा हुआ है। यह मुद्दा सभी के स्वास्थ्य के साथ जुड़ा हुआ है और साथ ही धार्मिक अधिकार, भोजन की शुचिता और शुद्धता के साथ भी जुड़ा हुआ है। उत्तर प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे देश में देखा जा रहा है कि कुछ लोग जानबूझ कर भोजन की शुद्धता को बर्बाद कर रहे हैं। पिछले दिनों गाजियाबाद में एक ऐसा मामला आया था, जिसने सभी को हैरान कर दिया। जूस में पिशाब मिलाकर ग्राहकों को दिया जा रहा था। इसके बाद सभी के मन में प्रश्न उठा कि आखिर वह क्या सोच है जो इतना घिनौना काम करने के लिए प्रेरित करती है। दूसरों के भोजन में थूकने का विचार रखती है। गाजियाबाद के इस मामले के अतिरिक्त न जाने कितने ऐसे वीडियो और समाचार आए जिसमें रोटियों में लोग थूकते दिखे, सब्जियों को मूत्र से धोते दिखे और सब्जियों को नाली के पानी से धोते हुए दिखे। चूंकि इन सभी मामलों में एक खास मजहब के लोगों का नाम सामने आया तो भारत का लिबरल और कथित सेक्युलर वर्ग इसे विकृत मानसिकता और हिंदुओं के प्रति घृणा न बताते हुए बीमारी बताने लगा। जबकि सभी उदाहरणों से यह प्रमाणित होता जा रहा था कि यह कोई बीमारी नहीं है, बल्कि अपने मजहब से ताल्लुक न रखने वाले सभी समुदायों के प्रति घृणा थी। यह घृणा इस सीमा तक थी कि वे अपने पेशे के साथ भी अन्याय करने लगे थे। उनके पेशे में ग्राहक के प्रति कुछ जिम्मेदारियाँ भी शामिल थीं मगर ये जिम्मेदारियाँ दूसरे समुदाय के लोगों के प्रति घृणा से हार गईं। कौन भूल सकता है वह वीडियो, जिसमें एक युवक का फेशियल करते समय पानी के स्थान पर एक आदमी थूक इस्तेमाल कर रहा है। जिस भारत में तहजीबी अतिक्रमण की विकृत मानसिकता के कारण इन दिनों खाद्य पदार्थों में थूक, पेशाब आदि मिलाए जा रहे हैं, उसी भारत में खानपान को लेकर शुद्धता के जो मानक हैं, वह सहज किसी भी संस्कृति में नहीं पाई जा सकते हैं। चरक संहिता में आहार को जीवों का प्राण कहा गया है। ऐसा कहा गया है कि वह अन्न प्राण-मन को शक्ति देता है, बल, वर्ण और इंद्रियों को प्रसन्नता देता है। छान्दोग्य उपनिषद् में आहार विषयक मंत्र है, आहारशुद्धौ सत्वशुद्धिः। सत्वशुद्धौ ध्रुवा स्मृतिः। स्मृति लाभै सर्व ग्रन्थीनां विप्रमोक्षः- आहार की शुद्धि से हमारे जीवन की सत्व शुद्धि है। सत्व शुद्धि से स्मृति मिलती है।÷ भोजन का अर्थ हमारे परिप्रेक्ष्य में कभी मात्र पेट भरना नहीं था। देह को मंदिर माना जाता है, जिसमें उस परमात्मा का वास है। यदि देह मंदिर है और इसमें परमात्मा का वास है, तो क्या इस परमात्मा को कुछ भी अर्पित कर दिया जाएगा? जब आत्मा तृप्त होगी तभी इस देह में उपस्थित परमात्मा संतुष्ट होंगे। हमारा भगवान किसी आसमान पर बैठ कर हमें नहीं देखता, हमारे यहाँ तो हम सभी उन्हीं का अंश हैं, तभी देह को मंदिर की संज्ञा दी गई है। जैसे हम मंदिर को स्वच्छ रखते हैं, वैसे ही अपनी देह को स्वस्थ और स्वच्छ रखना चाहिए। तभी हम एक स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकते हैं। मगर क्या हो जब देह से लेकर आहार तक दूषित हो जाए? भोजन और खाद्य पदार्थों को थूक या पेशाब के माध्यम से दूषित करने का कुकृत्य अपराध है। यह धार्मिक अधिकारों का भी हनन करता है। जहां हिन्दू धर्म में हर वस्तु पवित्र रूप में देवों पर अर्पण की जाती है, तो वहीं इस प्रकार सब्जी, फल आदि को थूक और पेशाब से दूषित करना, धार्मिक अधिकारों पर बहुत बड़ा हमला है। यह घिनौना कार्य सामाजिक अपराध है।*

## एक्सप्रेस आलेख

**जाति का कोई औचित्य नहीं है। भारत को जातिभेद विहीन समाज बनाना होगा। सामाजिक, आर्थिक और राजनैतिक न्याय भारतीय संविधान की उद्देशिका के मूल तत्व है। राजनैतिक न्याय ने मताधिकार दिया है। सरकारें विधायिका के प्रति जवाबदेह हैं। प्रशासन उत्तरदायी नहीं है। वंचित वर्गों के लिए बहुत सारा नीति निर्माण हुआ है तो भी प्रशासनिक संवेदनहीनता के चलते सामाजिक न्याय दूर है। दार्शनिक क्षेत्र में भारत विश्वप्रतिष्ठ है। यहां कण-कण में परमात्मा की बातें कही जाती हैं लेकिन जन-जन में जाति है और जाति भेद भी है। जाति की चर्चा से बचा नहीं जा सकता। सामाजिक यथार्थ को स्वीकार करना चाहिए। एकात्मवादी विचार आदर्श है।**

# जाति के सामाजिक यथार्थ को स्वीकार करने की जरूरत



हृदयनारायण दीक्षित

**भारत के कुछेक लोगों ने उस वक्त दलितों को अलग नस्ल बताया था लेकिन डॉ. अम्बेडकर ने दलितों को कभी भी अलग नस्ल नहीं माना था। उन्हें उम्मीद थी कि जातियां खत्म ही होंगी। लिखा था जाति का चलते रहना असंभव है। ऐसा कार्य दिक्कतों से भरा है। सामाजिक समता अनिवार्य है।**

हम असीम अस्तित्व के अंग हैं। इसलिए लघु से महत होने की संभावनाएं भी हैं। हम शरीरधारी हैं। हमारी पहली सीमा शरीर है। इससे सम्बंधित बड़ी सीमा परिवार है। परिवार के बाद बड़ी संस्था है समाज। परिवार तक ही सीमित रहे तो समाज से अलग रहते हैं। यूरोप और अमेरिकी समाज परिवार से भी पहले वाली सीमा में है। वे व्यक्तिवादी हैं। भारत में परिवार और समाज से राष्ट्रभाव का विकास हुआ है। भारतीय पूर्वज राष्ट्र की सीमा के बाहर भी आत्मीय रूप में संवेदनशील थे। 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की अनुभूति भारतीय चिन्तन से ही निकली है। इसके बाद आकाश, सौरमण्डल और फिर असीम ब्रह्म विस्तार का आच्छादन। यहां इकाई अनंत हो गई है। मैं इन पंक्तियों का लेखक भारतीय समाज की जाति सच्चाई के अनुसार ब्राह्मण जाति का हूं। जाति सीमा को तोड़ कर बाहर आऊं तो मानव समाज का हिस्सा हूं। हम इसे और गहरे अनुभव करते हैं तो मैं विश्व मानवता का सदस्य। इसे और फैलाता हूं तो प्रकृति का भाग हूं। अब मैं कीट, पतिंग और वनस्पति जगत का भी सहोदर हूं। मैं अन्ततः ब्रह्माण्ड का हिस्सा हूं। संपूर्णता पूर्ण है। पूर्ण में पूर्ण घटाओ तो पूर्ण ही बचता है। सम्पूर्णता आनंदित करती है। संसार का ज्ञान जरूरी है लेकिन हम स्वयं से पूरा परिचित नहीं हैं। आखिरकार हम हैं कौन? प्रश्न का उत्तर आसान नहीं है। हम ही प्रश्नकर्ता है और हम उत्तरदाता। मोटे तौर पर हम सबका उत्तर होगा कि हम मनुष्य हैं। मनुष्य का अर्थ है मनु के। मनु का उल्लेख ऋग्वेद में है, अथर्ववेद में भी है। दर्शन अनुभूति में हम चेतन हैं। लोक व्यवहार में हम भारतीय अमेरिकी या जापानी वगैरह भी है। हम विराट प्रकृति का अंग है। आस्तिकता के कारण हम जरथुस्त्र, ईशा, इस्लाम या भारतीय धर्म के अंग हैं। हमारे बहिरंग परिचय के अनेक रूप हैं। हम पिता हैं, पुत्र हैं। अनेक रिश्तों के बंधन में हैं। अनेक परिचय हैं हमारे। हम किसी न किसी जाति के भी हैं और जाति में होने का कारण हमारा किसी समूह विशेष में जन्म लेना ही है। लेकिन भारत में जातियां सामाजिक यथार्थ हैं। वे न होतीं तो अच्छा होता। जातियां सामाजिक एकता में बाधक हैं। जाति सामाजिक सच्चाई है। जातियां जन्मना हैं। कोई भी व्यक्ति स्वयं अपनी जाति नहीं चुन सकता। इनका ढांचा सोपान क्रम में है। इसके शीर्ष वाली जातियों का सम्मान रहा है।



**इस विचार के लिए विमर्श भी जरूरी है। परंपरा के साथ विज्ञान और जाति मुक्त चिन्ता के साथ जाति समूहों का व्यथा चिन्तन भी होना चाहिए। जाति अतिक्रमण का यही मार्ग है। यह काम सभी सामाजिक कार्यकर्ताओं, बुद्धिजीवियों और धर्मगुरुओं को भी करना चाहिए।**

सीढ़ी में निचली जातियां काफी लम्बे समय से सामाजिक सम्मान से भी वंचित रही हैं। डॉ. अम्बेडकर ने कोलम्बिया विश्वविद्यालय (1916) में जातियों की उत्पत्ति और संरचना पर शोध प्रस्तुत किया था। उन्होंने कहा था प्रत्येक समाज में भिन्न-भिन्न वर्ग होते हैं। बौद्धिक आर्थिक या अन्य कारणों से बने वर्ग अपना अस्तित्व भी रखते हैं। भारत में भी ऐसे ही वर्ग रहे होंगे। पुरानी भारतीय वर्ण व्यवस्था को कर्मश्रम आधारित वर्ग कहा जा सकता है। पहले वर्ण जन्मना नहीं थे। वर्ग भी जन्मना नहीं होते। डॉ. अम्बेडकर ने कहा कि, किसी समय किसी एक वर्ग वर्ण ने अपने ही वर्ण वर्ग में विवाह करने का बंधन लगाया होगा। वे कहते हैं जाति के उद्भव के अध्ययन से हमें इस प्रश्न का उत्तर मिलना चाहिए कि वह वर्ग कौन-सा था जिसने अपने लिए बाड़ा खड़ा किया। मैं इसका प्रत्यक्ष नहीं अप्रत्यक्ष उत्तर ही दे सकता हूँ। हिन्दू समाज में कुछ प्रथाएं सर्वव्यापी थीं। अपने समस्त प्रतिबंधों के साथ वे ब्राह्मणों में थीं। ब्राह्मण वर्ग ने स्वयं की घेराबंदी जाति रूप में क्यों की? यह एक भिन्न प्रश्न है? प्रश्न उचित है। ऋग्वैदिक काल में जाति वर्ण नहीं थे। उत्तर वैदिक काल में वर्ण हैं। वर्ण जन्मना नहीं थे। इसलिए जाति नहीं थी। जाति की जन्मतिथि खोजना असंभव है। जाति बंधन मजबूत है। ब्राह्मणों पर जाति प्रथा लागू करने के आरोप अक्सर लगाए जाते हैं। डॉ. अम्बेडकर ने इसी शोध में कहा था, जाति व्यवस्था का प्रसार और विकास एक विशाल कार्य था। ब्राह्मण अनेक गल्तियां करने के दोषी रहे हों, कह सकता हूं कि वे ऐसे थे लेकिन जाति व्यवस्था को गैर ब्राह्मणों पर लाद सकने की क्षमता उनमें नहीं थी। सही बात है। कोई शक्तिशाली राजव्यवस्था भी अपने शासित लोगों के बड़े वर्ग समूह को जन्मना किसी जाति में ही रहने के लिए विवश नहीं कर सकती। जाति का उद्भव पूर्वजों के अचेत कर्म का परिणाम है। सामाजिक परिवर्तन की निरंतरता में जन्मना जातियां बनी। लेकिन हमारे सचेत पूर्वजों ने जाति समाप्ति के लिए अथक श्रम भी किये। गांधी, डॉ. अम्बेडकर, डॉ. हेडगेवार, डॉ. लोहिया, ज्योतिबा फुले और विवेकानंद दयानंद ने भी जाति भेद के विरोध में नवजागरण किया। इस श्रम के बावजूद कतिपय लोगों ने दलित जातियों को जब कब भिन्न नस्ल भी बताया। डरबन में अगस्त 2001 में ÷नस्लवाद, नस्ली भेदभाव और असहिष्णुता पर विश्व कांग्रेस का आयोजन था। भारत के कुछेक लोगों ने उस वक्त दलितों को अलग नस्ल बताया था लेकिन डॉ. अम्बेडकर ने दलितों को कभी भी अलग नस्ल नहीं माना था। उन्हें उम्मीद थी कि जातियां खत्म ही होंगी। लिखा था जाति का चलते रहना असंभव है। ऐसा कार्य दिक्कतों से भरा है। सामाजिक समता अनिवार्य है। सामाजिक न्याय की दिशा में बेशक भारत का काम आगे बढ़ा है। जाति की अस्मिता ज्यादा दिन नहीं चल सकती है। राजनीति को सामाजिक परिवर्तन का काम भी करना चाहिए। जाति की विभाजनकारी शक्ति के विरुद्ध जन अभियान चाहिए। संविधान निर्माताओं ने जाति, लिंग या धर्म के आधार पर विभेद का निषेध किया है बावजूद इसके उत्पीड़न या प्रतिष्ठा जैसे सभी अवसरों पर जाति की पहचान आगे चलती है। अपने जिले या राज्य क्षेत्र में किसी के भी प्रतिष्ठित होते ही जाति के प्रश्न उठ जाते हैं। अनुसूचित या अन्य पिछड़े वर्गों के प्रतिष्ठित होने वाले लोग आशावाद भी जगाते हैं। वे वंचित निराश लोगों की प्रेरणा भी बनते हैं।

## आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | पंचमी 26:29 तक |
| नक्षत्रः | रोहिणी 06:50 तक |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | सोमवार |
| योगः | वारीयन, 11:11 |
| सूर्योदयः | 06:26 |
| सूर्यास्तः | 17:44 |
| चंद्रमाः | मिथुन राशि में |
| राहुकालः | 07:51-09:16 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वतः | 1946 |
| मासः | कार्तिक |
| शुभ मुहूर्तः | 11:42-12:28 |

## जन एक्सप्रेस

### सीटों पर बवाल !

*फंसा हुआ है पेंच अभी ।*
*सीटों पर बवाल ।।*
*चाह रहे हैं खुद का ।*
*खुद से ही कमाल ।।*
*हो रही है सार्वजनिक ।*
*सुर लय और ताल ।।*
*एकता पर फिर से ।*
*उठने लगे सवाल ।।*
*हक जताते सारे ।*
*त्याग नहीं स्वीकार ।।*
*देकर केवल भाषण ।*
*बनना असरदार ।।*
*जगहंसाई हो रही ।*
*नहीं है फिर भी ध्यान ।।*
*सबका अपना अपना ।*
*है भी तो सम्मान ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस कविता

*इतनी खामोश हवाएं क्यों है,*
*इतनी गमगीन फिजाएं क्यों है।*
*बीमार ए-दिल में बे-असर दवाएं*
*अब इतनी बे-असर दुआएं क्यों हैं।*
*दर्द हमारा तो ला- इलाज है,*
*बे-असर इतनी दवाएं क्यों हैं ।*

*नजरें बता गई बेरुखी का सबक,*
*आंखों में ढेर लाल अंगारे क्यों हैं।*
*अब तो इंतजार की इन्तेहाँ हो गई*
*यादों के ये गमगीन इशारे क्यों हैं।*
*लोरियां सो गई दर्द बयां करते संजीव,*
*आसुओं के जुगनू इतने बेचारे क्यों हैं।*
*उम्मीद पर ही कायम है दुनिया संजीव*
*गहन अंधेरे के बाद सूर्य रोशन जो है।*

संजीव ठाकुर

## एक्सप्रेस ज्ञान

*कड़ी मेहनत से ही सफलता नहीं मिलती उसके साथ उस कार्य को करने का कौशल भी आवश्यक है*

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# शरीर में सभी दोषों को संतुलित रखता है केसर का पानी, सेहत के लिए होता है फायदेमंद

**केसर** की खुशबू जितनी मन को लुभाती है उतना ही इसका सेवन सेहत के लिए लाभकारी साबित होता है। केसर अपनी खुशबू, रंग और औषधीय गुणों के लिए जाना जाता है, यही कारण है कि केसर का उपयोग प्राचीन काल से आयुर्वेद और पारंपरिक चिकित्सा में होता आ रहा है। यह न केवल हमारे भोजन को स्वादिष्ट बनाता है, बल्कि हमारे शरीर और मन के लिए भी बेहद लाभदायक होता है। केसर में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण हमारे शरीर की इम्यूनिटी को बूस्ट करने में मदद करते हैं, जिससे बीमारियों और संक्रमणों से बचाव होता है। आयुर्वेद में केसर का विशेष स्थान है। ऐसा इसलिए, क्योंकि यह तीनों दोषों (वात, पित्त और कफ) को संतुलित करने में मदद करता है। केसर का गुनगुना पानी सेहत के लिए फायदेमंद होता है।

**केसर का पानी पीने के फायदे:** डॉक्टर ने बताया कि केसर का गुनगुना पानी पीने से शरीर में तीनों दोषों का संतुलन हो सकता है। वात दोष का असंतुलन आमतौर पर चिंता, अनिद्रा और गैस्ट्रिक समस्याओं का कारण बनता है। ऐसे में केसर का गुनगुना पानी पीने से मन को शांति मिलती है और पाचन तंत्र सुधरता है। वहीं, पित्त दोष के असंतुलन के कारण गर्मी, जलन और चिड़चिड़ेपन का एहसास होता है। ऐसे में केसर में ठंडक प्रदान करने वाले गुण होते हैं जो पित्त दोष को शांत करने में मदद करते हैं। यह शरीर की गर्मी को कम करता है और मन को शांत करता है। इसके अलावा कफ दोष का असंतुलन ठंड और वजन बढ़ने का कारण बनता है, ऐसे में केसर का गुनगुना पानी पीने से कफ दोष को संतुलित करने में मदद मिलती है, यह शरीर से टॉक्सिंस को निकालता है और मेटाबॉलिज्म को बढ़ावा देता है। केसर में एंटीऑक्सीडेंट और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं जो इम्यूनिटी को मजबूत करते हैं। केसर का गुनगुना पानी पीने से शरीर को बीमारियों से लड़ने की शक्ति मिलती है और संक्रमणों से बचाव होता है। केसर युक्त गर्म पानी पाचन तंत्र को उत्तेजित करता है और अपच जैसी समस्याओं से राहत दिलाता है। यह पाचन एंजाइमों को बढ़ावा देता है,



जिससे भोजन का पाचन बेहतर होता है। गुनगुने पानी में केसर का सेवन मानसिक तनाव और चिंता को कम करने में मदद करता है। यह मूड को सुधारता है और नींद की क्वालिटी को बेहतर करता है। केसर में मौजूद गुण मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में सहायक होते हैं। केसर में कई तरह के जरूरी एंटीऑक्सीडेंट गुण होते हैं जो त्वचा को निखारने और उम्र बढ़ने के लक्षणों को कम करने में मदद करते हैं। केसर युक्त गर्म पानी पीने से त्वचा हेल्दी होती है, जिससे नेचुरली निखार आता है। केसर का पानी हार्ट हेल्थ के लिए भी लाभदायक होता है, यह ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में सहायक होता है और कोलेस्ट्रॉल के लेवल को कम करता है, जिससे हार्ट डिजीज का जोखिम कम होता है।

**केसर का पानी कैसे बनाएं?:** केसर का पानी बनाने के लिए 1 कप गुनगुने पानी में 4-5 केसर के पंखुड़ियां (धागे) डालें और 5-10 मिनट तक इसे भीगने दें। जैसे ही इसका अच्छा रंग और खुशबू पानी में आ जाए, वैसे ही इसका सेवन करें। स्वाद बढ़ाने के लिए आप इसमें शहद भी मिला सकते हैं। इसके अलावा आप केसर के धागों को रातभर के लिए पानी में भिगोकर रखें और अगली सुबह इसे गर्म करके पिएं।

## एक्सप्रेस विशेष

# भारत की प्रगति अवरुद्ध करने का षड्यंत्र



रमेश शर्मा

**यह भारत की विकसित तकनीकि का प्रमाण है की अब दुनियाँ के पन्द्रह देश अपने उपग्रहों के प्रक्षेपण में भारतीय तकनीकी की सहायता ले रहे हैं। इससे चीन जैसे अनेक देश ही नहीं अमेरिका और कनाडा की भी एक विशेष लॉबी चिंतित है।**

**किसी भी परिवार, समाज या राष्ट्र की प्रगति और समृद्धि के लिये सबको एकजुट होना आवश्यक है। सबके साथ से ही सबका विकास संभव है। लेकिन यदि परिवार समाज या राष्ट्र के आंतरिक वातावरण में तनाव है, भय है या टकराव है तो सबसे पहले विकास गति ही प्रभावित होती है। पिछले दस वर्षों से भारत ने जो विकास गति पकड़ी है उससे आयात घटा है, आत्मनिर्भरता बढ़ी है।**

**पूरे** देश में स्कूलों, हवाई अड्डों, विमानों को बम से उड़ाने की धमकी, रेल पटरियों पर कहीं डेटोनेटर, कहीं लकड़ी के गट्ठर, कहीं गैस सिलेंडर मिलने लगे। इसके साथ हिन्दू त्यौहारों पर हमले बढ़ गये। यह भारतीय समाज जीवन में भय, आतंक और तनाव फैला कर प्रगति अवरुद्ध करने का नया षड्यंत्र है। इसमें भारत विरोधी अंतरराष्ट्रीय और भारत के भीतर की दोनों शक्तियों का गठजोड़ दिखता है। देशभर में हुए दुर्गा विसर्जन में पथराव और बहराइच में क्रूरता पूर्वक की गई हत्या के दर्द से देश उबरा भी नहीं था कि भारतीय विमानों को उड़ाने की धमकियाँ आने लगीं। दुर्गा विसर्जन से शरद पूर्णिमा के बीच चार दिनों में कुल उन्नीस धमकियाँ मिलीं। सावधानी के लिये सात उड़ानों को या तो स्थगित किया गया अथवा आपात लैंडिंग की गई। कुछ तो ऐसे विमानों की भी आपात लैंडिंग हुई जो विदेश जा रहे थे। हालाँकि विमानों को उड़ाने धमकी भरे ईमेल या फोन और हिन्दू त्यौहारों पर हमलों की घटनाएँ पहले भी हुई हैं। लेकिन पिछले छै महीनों से भारतीय समाज जीवन में आतंक और तनाव फैलाने वाली इन घटनाओं में बाढ़ सी आ गई है। ये घटनाएँ तीन प्रकार की हैं। इनमें स्कूल, अस्पताल और विमानों और विमानतलों को बम से उड़ाने की धमकियाँ सोशल मीडिया अथवा ईमेल से आईं, दूसरा रेल पटरियों पर कहीं डेटोनेटर, कहीं गैस सिलेंडर, कहीं पत्थर, कहीं लकड़ी के गट्ठर तो कहीं लोहे की राड रखकर रेल दुर्घटना करने का कुप्रयास हुआ और हिन्दु त्यौहारों पर हमले। भारत में ये घटनाएँ नई नयी हैं, ऐसी घटनाएँ पहले भी हुईं हैं लेकिन पिछले छह महीनों में घटी घटनाओं में अंतर है। एक तो संख्या में कई गुना बढ़ोत्तरी हुई है, दूसरे क्रूरता बढ़ी है। हमलों और पथराव का यह क्रम कांवड़ यात्राओं से आरंभ हुआ था। जो गणेशोत्सव और दुर्गा उत्सव में निरंतर बढ़ता रहा। दुर्गाउत्सव में ऐसा कोई दिन नहीं बीता जब दो चार स्थानों से झांकियों पर पथराव का समाचार न आया हो। कुछ घटनाओं में तो झांकियों के भीतर घुसकर प्रतिमा खंडित करने और महिलाओं के साथ मारपीट करने के समाचार भी आये। बहराइच में भीड़ की आक्रामकता से हमलावरों की क्रूरता आसानी समझी जा सकती है। यह सब ऐसे समय हो रहा है जब भारत में एकजुटता की आवश्यकता थी। इन दिनों भारत विकास की नई अंगड़ाई ले रहा है। आर्थिक समृद्धि से लेकर अंतरिक्ष की ऊँची उड़ान तक नये कीर्तिमान बन रहे हैं। यह विश्व में भारत की बढ़ती साख और प्रतिष्ठा का नया अध्याय है कि गाजा पट्टी का तनाव रोकने और यूक्रेन-रूस युद्ध के समाधान के लिये दुनिया भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से आगे आने की अपेक्षा कर रही है। भारत की यह प्रगति और प्रतिष्ठा की मंजिल नहीं है, पहला चरण है। लक्ष्य तो विश्व में सर्वश्रेष्ठ स्थान अर्जित करने का है। इसके लिये प्रधानमंत्री मोदी ने वर्ष 2047 निर्धारित किया है। वह भारत की स्वतंत्रता का शताब्दी वर्ष होगा। मोदीजी का संकल्प है कि स्वतंत्रता की शताब्दी वर्षगांठ पर भारत राष्ट्र विश्व में सर्वश्रेष्ठ स्थान पर प्रतिष्ठित हो। यह काम केवल मोदीजी के संकल्प और सरकार की नीति निर्णयों से नहीं होगा। इसके लिये संपूर्ण भारत और भारत वासियों को एकजुट होकर आगे बढ़ना होगा। तभी वर्तमान प्रगति यात्रा अनवरत रह सकेगी और भारत का परम् वैभव पुनर्प्रतिठित हो सकेगा। जिस समय संपूर्ण राष्ट्र में एकत्व और सक्रियता की आवश्यकता है तब बम से उड़ाने की धमकियों से आतंक का वातावरण बनाना, रेल की पटरियों को क्षतिग्रस्त करके समाज जीवन में भय उत्पन्न करना और हिन्दू त्यौहारों पर लगातार हमले करके साम्प्रदायिक तनाव उत्पन्न करना साधारण नहीं हो सकता। यह आशंका निराधार नहीं हो सकती कि यह भारत की विकास गति अवरुद्ध करने का षड्यंत्र है। इन तीनों के परिणाम पर विचार करें तो इसमें देश विरोधी गहरे कुचक्र की गंध आती है। किसी न किसी स्तर पर इन तीनों प्रकार की घटनाओं के सूत्र एक दूसरे से जुड़े लगते हैं। चूँकि ये घटनाएँ किसी प्राँत या क्षेत्र में घटीं हों इनमें साम्य है। तीनों प्रकार की सर्वाधिक घटनाएँ उत्तरप्रदेश में घटीं। इसके अतिरिक्त बंगाल, असम, राजस्थान, झारखंड, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, कर्नाटक, महाराष्ट्र और गुजरात से भी आईं। इन सभी प्राँतों के समाज जीवन में बहुत विविधता है। लेकिन सभी प्राँतों में तनाव फैलाने वाली घटनाओं की शैली एक ही है । रेल पटरियों पर अवरोध खड़ा करने और फिश प्लेट ढीली करने की आरंभिक घटनाएँ कैमरे की नजर में आ गईं थीं। जिससे पुलिस आरोपियों तक पहुँच गई थी और कुछ गिरफ्तारी भी हुई।

# बहुआयामी संस्था द्वारा पत्रकारिता समीक्षा एवं सम्मान समारोह का किया गया आयोजन

- त्याग और बलिदान के पथ पर चल कर ही हो सकता है पत्रिका के कर्तव्यों का निर्वाह–आमिर रज़ा।




**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी**

बहुआयामी शिक्षा तकनीकी एवं अनुसंधान समिति के अंतर्गत पत्रकारिता विषय पर संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें जनपद के विभिन्न पत्रकारों को सम्मानित किया गया।इस मौके पर मुख्य वक्ता की हैसियत से आमिर रज़ा ने कहा कि त्याग और बलिदान के पथ पर चल कर ही सही ढंग से पत्रिका के कर्तव्यों का निर्वाह किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि देश के इस नाजुक माहौल में बड़े ही सूझबूझ और संयम के साथ में पत्रकारिता करने की जरूरत है। मुख्य अतिथि नंदकुमार मिश्रा ने पत्रकारिता के क्षेत्र में नए जुड़ने वाले साथीयों को पत्रकारिता के विभिन्न प्रकार की बारीकियों पर ध्यान आकर्षित कराते हुए पत्रकारों को हमेशा सतर्क रहने की सलाह दी।राष्ट्रीय अध्यक्ष के एम आमिश के माध्यम से संस्था में किए जा रहे शिक्षा तकनीकी एवं अनुसंधान के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य करने क्या लगातार प्रयास कर रहे हैं। संस्था के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सैय्यद अज़ीम अहमद व शिक्षक दिलीप रस्तोगी ने भी विभिन्न सुझाव दिए।वही इस मौके पर संस्था ने पत्रकारों को पत्रकारिता प्रमाण पत्र व अधिकार पत्र देकर सम्मानित किया गया।

वही संस्था के राष्ट्रीय नियंत्रक इश्तियाक अली मंसूरी, सलाहकार एडवोकेट जावेद अली, बहुआयामी समाचार के प्रदेश सहायक ब्यूरो प्रमुख शिवम दीक्षित, ज़िला लखीमपुर ब्यूरो प्रमुख अकील अहमद, परवेज़ आलम, सियाराम, अरुण वर्मा व सर्वेश शुक्ला के अतिरिक्त अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित रहे है।

# ज्ञापन देने के चौथे दिन चेता प्रशासन मौके पर पहुंच कर बंद कराया अवैध निर्माण कार्य



**जन एक्सप्रेस । मोहम्मदी खीरी**

नगर पालिका अध्यक्ष संदीप मेहरोत्रा कन्हैया व कश्यप समुदाय के बीच मंदिर की जमीन को लेकर जो बात विवाद चल रहा था जिस पर 16 अक्टूबर 2024 को कश्यप समुदाय के समर्थन में उतरे नेता क्रांति कुमार सिंह ने उपजिला अधिकारी से मिलकर तहसीलदार मोहम्मदी को ज्ञापन सौपा था जिसमें दिए गए ज्ञापन में कहा था कि मोहम्मदी नगर पालिका अध्यक्ष व उनके समर्थक जबरन जबरदस्ती मंदिर की जमीन पर अवैध हरे भरे आम के पेड़ों को काटकर बाउंड्री खींच रहे हैं,वही पर ज्ञापन को उच्च अधिकारियों ने संज्ञान में लेते हुए चौथे दिन नायब तहसीलदार व पुलिस बल को मौके पर भेज कर तत्काल अवैध निर्माण कार्य को बंद कराया गया इस मौके पर नायब तहसीलदार मोहम्मदी कस्बा इंचार्ज बाबूराम सहित पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा प्रशासन की इस कार्रवाई से कश्यप समुदाय में खुशी की लहर दौड़ पड़ी वही कश्यप समुदाय को एक राहत की साँस मिली वही कश्यप समुदाय का भी कहना है, मेरे साथ नगर पालिका अध्यक्ष अपनी चेयरमैनी का और उनके समर्थक सत्ता पक्ष का दुरुपयोग कर रहे हैं, जो की एक नगर अध्यक्ष के लिए निंदनीय है?

# नगर पालिका और ट्रस्ट के झगड़े में लटका मेला, धरने पर बैठे दुकानदार



**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी**

श्री रामलीला मेले में दुकान लगाने वाले व्यापारियों की दिक्कतें कम होती नहीं दिख रही हैं। गुस्साए दुकानदारों ने गया प्रसाद ट्रस्ट के खिलाफ धरना शुरू कर दिया है। उनका कहना है कि उन्होंने ट्रस्ट से रसीद कटवाई, लेकिन नगर पालिका भी उनकी रसीद काटने का दबाव बना रही है। ट्रस्ट अब उनके पैसे भी वापस नहीं कर रहा है।लखीमपुर शहर का ऐतिहासिक मेला इस बार नगर पालिका और ट्रस्ट के बीच चल रही रार में फंस गया है। दोनों की लड़ाई में मेले में दुकान लगाने वाले व्यापारी फंस गए हैं। व्यापारियों ने बताया कि उन्होंने गया प्रसाद ट्रस्ट से रसीद कटवाई थी, जिसके बाद दुकान भी मेले में लगाई। अब नगर पालिका ट्रस्ट की रसीद को नहीं मान रहा है। उसका कहना है कि व्यापारी नगर पालिका की रसीद कटवाएं, तभी दुकानें खोल सकते हैं। इससे नाराज व्यापारियों ने अपनी दुकानें बंद कर रखी हैं। कई दिनों से दुकानों के बंद होने से उनके खाने-पीने के साथ ही तमाम दिक्कतें खड़ी हो गई हैं। गुस्साए व्यापारी रविवार को धरने पर बैठ गए हैं। उनका कहना है कि जब उन्होंने ट्रस्ट से अपना पैसा वापस मांगा, तो ट्रस्ट ने पैसे वापस करने से साफ इनकार कर दिया। व्यापारियों ने बताया कि जब तक सेठ गया प्रसाद ट्रस्ट उनका पैसा वापस नहीं करता, तब तक उनका अनशन जारी रहेगा।

## लाइन मैंने के विरुद्ध पत्रकारों ने दिया ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी।** मितौली पावर हाउस मितौली में आज पत्रकार संगठन ने मितौली पवार के फीडर कस्ता के लाइन मेन शिवम के विरुद्ध मोर्चा खोल दिया है। दर्जनों पत्रकार इकट्ठा हुए और शांति प्रिय ढंग से तहसीलदार मितौली को ज्ञापन सौंपा।लाइन मेन शिवम का स्थानांतर और दंडात्मक कार्यवाही करने की बात की गई।

# हिंदी भाषा की तरह लोक भाषाओं को भी तकनीक से जोड़कर आज हम उसका प्रचार प्रसार वैश्विक पटेल पर कर सकते हैं




**जन एक्सप्रेस । सीतापुर**

हिंदी भाषा की तरह लोक भाषाओं को भी तकनीक से जोड़कर आज हम उसका प्रचार प्रसार वैश्विक पटेल पर कर सकते हैं। यह वक्तव्य आरएमपी महाविद्यालय में हिंदुस्तानी एकेडमी उत्तर प्रदेश प्रयागराज एवं हिंदी विभाग आरएमपी पीजी कॉलेज सीतापुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में संगोष्ठी के मुख्य अतिथि प्रो0 एन.बी. सिंह, कुलपति, ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विवि लखनऊ ने दिया। इस अवसर पर कार्यक्रम के उद्घाटन शब्द के मुख्य वक्ता प्रोफेसर ओंकार नाथ द्विवेदी ने कहा अवधी भाषा में करुणा, प्रेम, वात्सल्य, त्याग, विरह आदि संवेदनाओं की सहज अभिव्यक्ति होती है। इलाहाबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय की हिंदी विभाग के प्रोफेसर डॉ. वाईपी सिंह ने कहा कि उदात्त मानव मूल्यों को जन सामान्य तक पहुंचने में लोक भाषा की महती भूमिका होती है। यह जानकारी एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर रजनीकांत श्रीवास्तव ने दिया। उन्होंने कहा या प्रथम अवसर है जब सीतापुर में किसी अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें देश-विदेश के कई विद्वान आचार्य एवं प्रबुद्ध जन शामिल हुए। इस संगोष्ठी में प्रोफेसर उमेश कुमार सिंह हिंदी पीठ, मॉरीशस से तथा डॉ0 गंगा प्रसाद शर्मा क्वांगतोंग वैदेशिक अध्ययन विवि चीन से शामिल हुए। उन्होंने कहा इस आयोजन से न सिर्फ अवधी भाषा के प्रति युवाओं में संवेदनशीलता आएगी बल्कि लोक भाषाओं के प्रयोग को भी बढ़ावा मिलेगा। द्वितीय सत्र की अध्यक्षता कर रहे लखनऊ विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के प्रोफेसर डॉक्टर पवन अग्रवाल ने अवधी भाषा की समृद्धता पर जोर देते हुए कहा कि लोक संस्कृति को समझने के लिए अवधी भाषा अपरिहार्य है। संगोष्ठी के समापन सत्र की अध्यक्षता कर रहे राम बहादुर मिश्रा ने का अवधी भाषा परंपरागत ज्ञान मीमांसा एवं लोक संस्कृति की समझ के लिए आधारभूत है। यह जन चेतना के संचार में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। संगोष्ठी के विशिष्ट अतिथि देवेंद्र प्रताप सिंह सचिव, हिंदुस्तानी एकेडमी उत्तर प्रदेश, प्रयागराज ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि हिंदुस्तानी एकेडमी के द्वारा अवधी भाषा के प्रचार प्रसार के साथ इसके संरक्षण एवं संवर्धन के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे आरएमपी महाविद्यालय के प्रबंध समिति के अध्यक्ष अनूप गुप्ता ने महाविद्यालय में पहली बार अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार के सफल आयोजन पर प्राचार्य, कार्यक्रम के संयोजक तथा सभी प्राध्यापकों एवं छात्र–छात्राओं को बधाई दी। इस संगोष्ठी में मुख्य संरक्षक के रूप में महाविद्यालय के प्रबंध समिति के अध्यक्ष अनूप कुमार गुप्त, संरक्षक द्वय में प्राचार्य प्रो रजनीकांत श्रीवास्तव एवं श्री देवेंद्र प्रताप सिंह, सचिव, हिंदुस्तानी एकेडमी उत्तर प्रदेश प्रयागराज रहे। सहसंरक्षक द्वय के रूप में डॉ0 जयवीर सिंह विभाग प्रभारी हिंदी विभाग एवं श्री दुर्गेश कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष, हिंदुस्तानी एकेडेमी उत्तर प्रदेश प्रयागराज रहे। इस संगोष्ठी के संयोजक डॉ0 शशांक कुमार सिंह, सह संयोजक डॉ0 अभिषेक कुमार एवं डॉ0 हरिकेश गौतम तथा आयोजन सचिव की भूमिका में डॉ0 विजय प्रकाश एवं आयोजन सह सचिव की भूमिका में डॉ0 जयदीप सिंह रहे। महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक एवं प्रतिभागी छात्र–छात्राएं इस अवसर पर उपस्थित रहे।

# ऐतिहासिक 89वां जुलूस–ए–मोहम्मदी पूरी शान शौकत साथ नगर में निकला



**जन एक्सप्रेस । सीतापुर**

**महमूदाबाद।** महमूदाबाद का ऐतिहासिक 89वां जुलूस-ए-मोहम्मदी पूरी शान शौकत साथ नगर में निकाला गया। जुलूस की शुरुआत कारी फहीमुद्दीन नदवी ने कुराने पाक की आयात से किया लखनऊ से आए हुए मुख्य अतिथि मौलाना अब्दुल बारी फारुकी और हाफिज अब्दुल अजीम फारूकी ने जुलूस के इतिहास और उसके मकसद बताए। मस्जिद के सामने उत्साह से लबरेज अन्जुमनों एवं अन्य लोगों की भीड़ लगी थी। जुलूसे-ए-मोहम्मदी मदहे सहाबा जुलूस के लिये जामा मस्जिद रेलवे स्टेशन से ठठेरी बाजार तक सड़क को दोनों ओर विद्युत झालरों एवं रंगीन गुब्बारों से जहां सजावट की गई वही दर्जनों स्वागत गेट बनाये गये थे। राष्ट्रीय ध्वज तिरगें के साथ चांद तारा बने बड़े-बड़े झंडों के साथ दर्जनों अन्जुमनें नबी और सहाबा की शान में मनतखब पढ़ते हुए विशाल जुलूस के साथ रवाना हुई। जुलूस तीन बजे रेलवे स्टेशन स्थित जामा मस्जिद से शुरू होकर खुदागंज, पुरानी बाजार, कायस्थी टोला, स्टेट बैंक, चिकमंडी चैराहा, बजाजा चैराहा होता हुआ ठठेरी बाजार पहुंचा। बड़ी संख्या में पुलिस बल के साथ सीओ दिनेश शुक्ल, कोतवाल अनिल सिंह सहित रामपुर मथुरा, थानगांव, सदरपुर आदि कई थानों की फोर्स व दमकल गाड़ी, पीएसी आदि मौजूद थी। इस मौके पर सेक्रेटरी मो इस्लाम, हाजी वसी, चेयरमैन प्रतिनिधि आमिर अराफात, नदीम अहमद, मकसूद, यासिर अराफात, हमजा, सैफुल इस्लाम, कलाम अहमद, सलाउद्दीन, इस्तियाक शाद, आमिर चैधरी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। जुलूस का संचालन मौलाना कासिम उस्मानी ने किया। इस मौके पर जुलूस में करीब पांच दर्जन अंजुमनें शामिल रही जिन्हें जगह जगह अंजुमनों को लोगों के द्वारा पुरस्कृत किया गया।

# पंचायती राज मंत्री से भेंटकर मनरेगा विकास कार्यों पर लगी रोक हटाने की मांग की



**जन एक्सप्रेस । सीतापुर**

**महमूदाबाद।** अखिल भारतीय प्रधान संगठन के पदाधिकारियों ने पंचायती राज मंत्री से भेंटकर जिले में मनरेगा से होने वाले विकास कार्यों पर लगी रोक हटाने की मांग की। मंत्री ने प्रधानों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण का आश्वासन दिया। प्रधान संगठन के जिला महामंत्री सतनाम सिंह के नेतृत्व में करीब एक दर्जन प्रधान लखनऊ में पंचायत राज मंत्री ओमप्रकश राजभर से मिले। प्रधानों ने मंत्री को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि जिले में मनरेगा के माध्यम से पक्के कार्यों पर रोक लगी है जिससे जनहित के कार्य प्रभावित हो रहे हैं। छोटी ग्राम पंचायतों में वित्त के माध्यम से कार्य करवाना संभव नहीं है। प्रधानों ने अविलंब रोक हटाने की मांग की। मंत्री ने प्रधानों की समस्या सुनकर डीएम से वार्ता करने और निस्तारण का आश्वासन दिया।

# महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान, स्वावलम्बन हेतु मिशन शक्ति फेज–5 का हुआ क्रियान्वयन




**जन एक्सप्रेस । राजीव दिवाकर सिंह**

महिला हिंसा से संबंधित अन्य शिकायतों के निवारण हेतु 1. वीमेन पावर लाइन (1090) 2. पुलिस आपातकालीन सेवा (112) 3. सीएम हेल्पलाइन नंबर (1076) 4. चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर (1098) 5. वन स्टॉप सेन्टर (181) 6. साइबर हेल्पलाइन नंबर (1930) 7. स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन नंबर (102) 8. एम्बुलेन्स सेवा (108) 9.जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने की हेल्प डेस्क, राष्ट्रीय,राज्य महिला आयोग के सम्बन्ध में जानकारी देकर जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है।

**सीतापुर।** उत्तर प्रदेश शासन की मंशानुसार प्रदेश में चलाये जा रहे मिशन शक्ति पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु विशेष अभियान मिशन शक्ति फेज-5 के क्रम में समस्त थानों की महिला सुरक्षा पुलिस टीमो द्वारा सुरक्षा, शांति एवम् कानून व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत अपने अपने थाना क्षेत्रांतर्गत पड़ने वाले भीड़-भीड़ वाले इलाको, सुनसान क्षेत्रों, मंदिरो, कोचिंग संस्थानो, रेलवे स्टेशनों, बस स्टॉप आदि पर निरंतर सतर्क दृष्टि रखी जा रही है तथा बेवजह घूमने वाले संदिग्ध व्यक्तियों, मनचलों आदि को कड़ी चेतावनी देते हुए बच्चो, महिलाओं, बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के प्रयास किये जा रहे है। साथ ही बच्चो, महिलाओं व बालिकाओं को सशक्त बनाने एवम् जागरुक करने के उद्देश्य से जनपद के थाना नैमिषारण्य टीम द्वारा ग्राम जलालपुर, थाना कोतवाली देहात टीम द्वारा ग्राम बंभन पुरवा, थाना मछरेहटा टीम द्वारा ग्राम कुदोली, थाना महमूदाबाद, हरगांव, बिसवां की टीमों द्वारा बस स्टॉप, कोचिंग संस्थान, स्टेशन आदि एवं अन्य समस्त थानों के महिला सुरक्षा दलों, मिशन शक्ति पुलिस टीमों द्वारा भी अपने थाना क्षेत्रांतर्गत ग्रामो, कस्बो, मोहल्लो, कोचिंग संस्थानों आदि में पुलिस की पाठशाला, चौपाल आदि लगाकर महिलाओं, बच्चों, छात्राओं को उनकी सुरक्षा व सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु सम्बन्धित समस्याओं एवं मुद्दों पर समझ बनाना व घरेलू हिंसा से संरक्षण, दहेज प्रतिषेध, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण, पॉक्सो, बाल विवाह प्रतिषेध व महिलाओं की गरिमा के विरुद्ध प्रमुख अपराधों की जानकारी दी जा रही है। बालिकाओं को पिंक बूथ एवम् थानो पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के विषय में बताते हुए उन्हें अपनी समस्या निर्भीक होकर पिंक बूथ या महिला हेल्प डेस्क, महिला चौकी पर तैनात महिला पुलिसकर्मी को बताने के लिये कहा गया एवम् बच्चो से गुडटच-बैडटच के विषय में चर्चा कर इस तरह की किसी भी समस्या के बारे में अपने अभिभावको या पुलिस को अवश्य बताने के विषय में बताया।

# बदमाशों के हौसले बुलंद, तमंचा दिखा कर स्कूटी सवार महिला से बदमाशों ने लूटे कंगन



**जन एक्सप्रेस । सुनहरा**

लखीमपुर खीरी। रविवार को सुबह करीब 9 बजे बाइक सवार बदमाशों ने स्कूटी से जा रही एक महिला को ओवरटेक कर गुरुनानक इंटर कॉलेज के पास रोक लिया। और बदमाशों ने तमंचे के बल पर महिला के सोने के कंगन लूटकर भाग निकले। दिनदहाड़े हुई इस वारदात से पूरे शहर में हड़कंप मच गया।

गुरुनानक इंटर कॉलेज के पास रहने वाली राजकुमारी सुबह घर से हवन करने के लिए स्कूटी से जा रही थीं। कॉलेज के मुख्य गेट के सामने स्थित एक निजी गेस्ट हाउस के पास बाइक सवार दो बदमाशों ने आवाज देकर उन्हें रोकने की कोशिश की। राजकुमारी ने बताया कि जब उन्होंने स्कूटी नहीं रोकी, तो बदमाशों ने ओवरटेक कर कुछ दूरी पर उनकी स्कूटी रोक ली और कहा कि शहर में बवाल चल रहा है। बदमाशों ने यह भी कहा कि एक युवती की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई है और वे उसके पास मौजूद सामान की चेकिंग करेंगे। जब महिला ने इसका विरोध किया, तो एक बदमाश ने तमंचा तान दिया और सोने के कंगन निकालकर पर्स में रखने को कहा। घबराई महिला ने दोनों कंगन निकालकर पर्स में रख दिए। तभी लुटेरे पर्स से कंगन लूटकर भाग निकले।

पीड़िता के शोर मचाने पर जब तक लोग मौके पर पहुंचे, बदमाश भाग चुके थे। घटना के बाद शहर में सनसनी फैल गई। सूचना पर महिला के परिवार के लोग भी मौके पर पहुंच गए। परिजनों के साथ पीड़िता एलआरपी चौकी पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। पीड़ित महिला ने पुलिस को तहरीर दी है, लेकिन अभी तक पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की है।

# नगर पालिका परिषद गोला ने गोला टूरिज्म को बनाया स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर




**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी**

नगर पालिका परिषद गोला गोकर्णनाथ ने स्वच्छता अभियान को और प्रभावी व सशक्त करने हेतु गोला टूरिज्म संगठन को स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर नियुक्त किया है।नगर पालिका कार्यालय द्वारा जारी किए गए पत्र में यह जिम्मेदारी संस्था के अध्यक्ष विनायक श्रीवास्तव एवं निदेशक मिलिन्द शुक्ल को दी गयी है।स्वच्छ भारत मिशन नगरीय योजनान्तर्गत स्वच्छता के प्रति नागरिकों को जागरूक करने एवं स्वच्छता के प्रति निकाय द्वारा आई0ई0सी0 (सूचना शिक्षा एवं संचार) के अन्तर्गत की जा रही गतिविधियों में प्रतिभाग करने हेतु स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर नियुक्त किया गया है।गोला टूरिज्म द्वारा पूर्व से स्वच्छता अभियान को बल देने के लिए जागरूकता कार्यक्रम,अभियान एवं प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती रही हैं, पालिकाध्यक्ष द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण के समय भी गोला टूरिज्म को सर्वेक्षण की जिम्मेदारी सौंपी गयी थी, जो बेहद सफल हुआ था एवं नगर को राज्य व राष्ट्र स्तर पर अच्छी रैंकिंग भी प्राप्त हुई थी। नगर पालिका परिषद द्वारा सौंपे गए इस दायित्व से गोला गोकर्णनाथ नगर में स्वच्छता की अलख जगाने का सफल कार्य होगा। संस्था के अध्यक्ष विनायक श्रीवास्तव ने बताया की नगर पालिका परिषद द्वारा दी गई इस जिम्मेदारी को हम पूरी निष्ठा के साथ निभायेंगे एवं पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ल रिंकू जी द्वारा स्वच्छता के प्रति किए जा रहे प्रयासों को और बल देंगे। हमारी योजना में टेक्नोलॉजी से स्वच्छता के प्रति जागरूकता, स्वच्छ गोला अभियान को पुनः प्रारंभ करना एवं प्रतियोगिता व नवाचार से इस अभियान को नगर में सफल बनाना होगा।

# पटेल सेवा संस्थान की सभा का किया गया आयोजन

**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी**

मितौली रविवार को पटेल सेवा संस्थान कस्ता मितौली की एक सभा सत्यम पब्लिक स्कूल मितौली में संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता लाल जी वर्मा सेवानिवृत्ति सहायक विकास अधिकारी मितौली द्वारा की गई। सभा का संचालन पारस वर्मा पूर्व अध्यक्ष पटेल संस्थान गोला द्वारा किया गया। बैठक में समाज की एकजुटता पर बल दिया गया बैठक में समाज में व्याप्त तमाम प्रकार की बुराई, आडंबर, अंधविश्वास, कुप्रथाएं, रूढ़िया प्राचीन मान्यताएं आदि से ऊपर उठकर शिक्षा एवं सियासत के क्षेत्र में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने पर बल दिया गया। बैठक में अस्थाई रूप से कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें संत कुमार वर्मा सत्यपाल पटेल, प्रकाश वर्मा, सुरेश वर्मा, रामदास वर्मा रामशरन वर्मा, चंद्रशेखर वर्मा, सुमेश वर्मा, श्रवण कुमार वर्मा, शंकर लाल वर्मा शामिल हुए। बैठक को प्रहलाद पटेल अशोक कनौजिया राजीव वर्मा संदीप वर्मा मनोज वर्मा श्याम बिहारी वर्मा राधेश्याम वर्मा पुत्तू लाल वर्मा आर,डी वर्मा आदि लोगों ने संबोधित किया।

बैठक के दौरान महेंद्र वर्मा पूर्व प्रधान, सत्य प्रकाश वर्मा पूर्व प्रधान, यज्ञ दत्त वर्मा, पूर्व प्रधान राधेश्याम वर्मा, सर्वेश वर्मा, उमाशंकर वर्मा पूर्व प्रधान, रामसागर पूर्व प्रधान, उमेश वर्मा पूर्व प्रधान, वेद प्रकाश वर्मा, अभय वर्मा, रामनिवास वर्मा आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

# शहरवासियों को दीपावली से पहले मिला उपहार
# सस्ता हुआ इलेक्ट्रिक बसों का सफर

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

शहर में इलेक्ट्रिक बसों से सफर करने वाले छात्रों, व्यापारियों, नौकरीपेशा, मरीजों और आमजन के लिए राहत भरी खबर है। रविवार से इलेक्ट्रिक बसों का सफर सस्ता हो जाएगा। महानगर इलेक्ट्रिक बस संचालन समिति ने दीपावली का उपहार देते हुए दो से पांच रुपये किराया कम कर दिया है। संशोधित किराया टिकट मशीन में फीड करने के बाद सुबह से लागू करने की भी तैयारी पूरी कर ली गई है। महानगर इलेक्ट्रिक बस संचालन समिति ने शहर के लोगों का इलेक्ट्रिक बसों की तरफ रुझान बढ़ाने तथा राउंड फिगर में किराया करने के उद्देश्य से किराया संशोधित किया है। अब न्यूनतम किराया दस रुपये हो जाएगा। अधिकतम तीन किमी तक 12 की जगह दस रुपये, तीन से छह किमी तक 20 की जगह 15 रुपये तथा छह से दस किमी तक 25 की जगह 20 रुपये किराया लगेगा।



10 किलोमीटर की यात्रा 20 रुपए में और साथ में होगा दुर्घटना बीमा

यात्रियों को अधिकतम दस किमी तक की यात्रा करने पर 20 रुपये ही देने होंगे। धर्मशाला से छात्रसंघ, गोरखनाथ और रोडवेज से कचहरी तक सिर्फ दस रुपये ही किराया लगेगा। यह सुविधा सिर्फ महानगर में अधिकतम दस किमी तक की यात्रा करने पर ही मिलेगी। इससे अधिक दूरी की यात्रा तय करने पर पहले से निर्धात किराया ही देना होगा।किराये में एक रुपये दुर्घटना बीमा भी शामिल है। महानगर के विभिन्न रूटों पर 25 इलेक्ट्रिक बसें चल रही हैं। प्रत्येक दिन करीब 12 हजार लोग इन बसों से यात्रा करते हैं। 100 बसों को चलाने की योजना है। बेड़े में और 25 नई बसें शामिल करने की तैयारी चल रही है।

### अब ऐसे लगेगा किराया

अधिकतम तीन किमी – 12 की जगह 10 रुपये
तीन से छह किमी तक– 20 की जगह 15 रुपये
छह से दस किमी तक– 25 की जगह 20 रुपये

### कुछ प्रमुख रूटों का संशोधित किराया

महुआतर से बरगदवा – दस रुपये
महुआतर से गोरखनाथ – 15 रुपये
महुआतर से रेलवे स्टेशन– 20 रुपये
धर्मशाला से छात्रसंघ – 10 रुपये
धर्मशाला से गोरखनाथ– 10 रुपये
रोडवेज से कचहरी – 10 रुपये।

### घटा किराया किया गया लागू, यात्रियों को मिलेगी राहत

इलेक्ट्रिक बस संचालक समिति के कार्यपालक अधिकारी लव कुमार सिंह ने बताया कि यात्रियों की सुविधा के लिए बसों का किराया संशोधित किया गया है। दस किमी तक के किराए में 2 से 5 रुपए की कमी की गई है ।

## तहसील आप के द्वार कार्यक्रम के तहत आयोजित हुई चौपाल

**जन एक्सप्रेस/रामकोला, कुशीनगर।** विकास खंड अंतर्गत ग्राम पंचायत पगार में उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तहसील आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें ग्रामीणों की समस्याएं सुन कर उसका निस्तारण किया गया। प्रदेश सरकार के निर्देश पर रविवार को तहसील आप के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन विकास खंड रामकोला के ग्राम पंचायत पगार में उप जिलाधिकारी योगेश्वर सिंह की अध्यक्षता में चौपाल का आयोजन किया गया।चौपाल में ग्रामीणों की समस्याओं को सुना गया तथा संबंधित विभाग को निस्तारित करने के लिए निर्देशित किया गया।चौपाल में कुल 19 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए। चौपाल में राजस्व विभाग से संबंधित 6 मामले में से 4 निस्तारित हुए,ग्राम विकास विभाग 7 मामले में से 4 निस्तारित हुए इसी तरह जल जीवन मिशन 2 व पी डब्लू डी से एक एवम् नलकूप विभाग 1 व बिजली विभाग 1 व पी एम किसान सम्मान निधि एक मामले आए। चौपाल में कुल 19 मामले आए जिसमें से 9 प्रार्थना पत्र निस्तारित शेष 10 प्रार्थना पत्र पर संबंधित विभाग को निस्तारित करने का निर्देश दिया गया।

# सीएम सिटी में विदेश भेजने के नाम पर एजेंट कर रहे लोगों की जान का सौदा

- युवकों को टूरिस्ट वीजा पर भेजा लीबिया, जहां बंधक बना किया जा रहा उत्पीड़न

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

मुख्यमंत्री के गृह जनपद गोरखपुर में विदेश भेजने के नाम एजेंटों द्वारा द्वारा रोजगार की तलाश में लगे युवाओं को बनाया जा रहा शिकार जहां एजेंट वर्किंग वीजा के नाम पर टूरिस्ट वीजा पर विदेश भेजने का काम किया जा रहा, विदेश गए युवा उस समय विदेशी कारोबारियों के चंगुल में फंस जाते हैं जब टूरिस्ट वीजा की अवधि समाप्त हो जाती है और युवक वहां काम करते रहते हैं तथा जब उन्हें वेतन नहीं मिलता है। लीबिया में सीमेंट फैक्ट्री में में काम करने के लिए युवकों को वर्किंग नहीं बल्कि टूरिस्ट वीजा पर भेजा गया है। वीजा का समय समाप्त होने के बाद फैक्ट्री व घर में 19 युवकों को बंधक बनाकर काम कराया जा रहा है। स्वजनों की शिकायत का संज्ञान लेते हुए लीबिया स्थित भारतीय दूतावास ने युवकों से संपर्क किया है। उनके 15 नवंबर तक घर लौटने की उम्मीद जताई जा रही है।

### लीबिया में फंसे 19 युवकों की जल्द कराई जाएगी वतन वापसी: डाक्टर रविकांत तिवारी

जन एक्सप्रेस चौरीचौरा प्रतिनिधि से बातचीत के क्रम में विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता डॉक्टर रविकांत तिवारी ने बताया कि लीबिया में फंसे 19 भारतीय नागरिकों की स्वदेश वापसी के लिए प्रयास तेज हो गए हैं। डॉ. तिवारी ने कहा कि विदेश मंत्रालय के अधिकारियों के साथ निरंतर संपर्क में हैं और उनकी सुरक्षित वापसी के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत ने विदेशों में फंसे अपने नागरिकों की सुरक्षा और पुनर्वापसी के लिए एक मजबूत प्रणाली विकसित की है। श्री तिवारी ने सोशल मीडिया पर भी विदेश मंत्री से अपील की है कि फंसे हुए लोगों को जल्दी से जल्दी वतन वापस लाया जाए। यह खबर उन परिवारों के लिए राहत का कारण बन सकती है, जो अपने प्रियजनों की सुरक्षित वापसी की उम्मीद कर रहे हैं। स्थानीय समुदाय ने भी इस मुद्दे पर एकजुटता दिखाई है और फंसे हुए लोगों की मदद के लिए प्रयासरत है।

### जन एक्सप्रेस गगहा प्रतिनिधि के अनुसार

क्षेत्र के गुरुम्ही गांव का धर्मेंद्र दो वर्ष पहले लीबिया गया जिससे एजेंट ने 1.20 लाख रुपये लेकर उसे भेजने के साथ ही बताया था कि हर माह 60 हजार रुपये वेतन मिलेंगे। वहां पहुंचने पर केवल 30 हजार रुपये दिए गए। छह माह पहले उन्हें पता चला कि बेटे को सीमेंट फैक्ट्री में बंधक बनाकर काम कराया जा रहा है।

### चार माह से पासपोर्ट जब्त कर की जा रही पिटाई

स्वजन अनहोनी की आशंका में परेशान हैं। इसके अलावा इटकौली गांव के अब्बास, सिंहोरवा के राजकुमार भी चार महीने से फैक्ट्री में बंद है। फैक्ट्री मालिक ने इनका पासपोर्ट भी अपने पास रख लिया है। घर जाने की बात कहने पर पिटाई की जाती है।राजकुमार का चचेरा भाई विशाल भी लिबिया में फंसा है। चार माह से उसे वेतन नहीं मिल रहा है। सिंहोरवा गांव के मिथिलेश वर्मा के स्वजन का कहना है कि वह फेसबुक पर प्रचार देखकर जालसाज के झांसे में आकर लीबिया चला गया। मैकेनिक के रूप में गए मिथिलेश से घर के शौचालय, बाथरूम साफ करवाया जा रहा है।

# महर्षि वाल्मीकि जयंती पर बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने निकाली शोभायात्रा



**जन एक्सप्रेस । कुरी बाजार गोरखपुर**

महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर कुरी बाजार में हिन्दू समाज को एकजुट करने के लिए रविवार को दुर्गा मंदिर के पास से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा का नेतृत्व बजरंग दल के प्रांत संयोजक हरिनाथ सर्राफ ने किया। शोभा यात्रा कुरी बाजार दुर्गा मंदिर से निकलकर मेन मार्केट होते हुए कस्बे में पहुंची और कस्बे से निकलकर शिव मंदिर पर शोभायात्रा के बाद मिलन समारोह कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बजरंग दल के पूर्वी उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय संयोजक पुर्नेंदु शाही ने किया। यात्रा में सभी ने मिलकर धार्मिक एकता, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक जागरूकता का संदेश दिया। शोभायात्रा में भगवान के जयकारे लगाए गए और धर्म के प्रति सम्मान और आदर का भाव प्रकट किया गया। हरिनाथ सर्राफ ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य यह रहा कि पूरे क्षेत्र के लोगों को एकजुट होकर अपने धर्म और संस्कृति के प्रति जागरूक होने की प्रेरणा लें। शोभा यात्रा में मुख्य रूप से जिला कोषाध्यक्ष रंगीलाल कसौधन, रौनक सिंह, उमेश जायसवाल, अवधेश कसौधन, अरविंद जायसवाल, गोलक विश्वास, चंडी प्रसाद मिश्रा, कृष्णा गुप्ता, सत्यम वर्मा, इन्द्रशेन पाठक, अखिलेश पाठक, अनंत मिश्रा समेत सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल रहे।

## टैबलेट, स्मार्टफोन पाकर खिले विद्यार्थियों के चेहरे, कहा धन्यवाद योगी जी

**जन एक्सप्रेस/पनियरा (महराजगंज)।** पनियरा ब्लॉक में स्थित रामरतन पी.जी. कॉलेज रामपुर मंसूरगंज महराजगंज में रविवार को एम एससी और एम ए अंतिम वर्ष के 154 छात्र -छात्राओं को डिजीशक्ति योजना के अंतर्गत टैबलेट का वितरण किया गया ढ्ढ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पनियरा ब्लाक प्रमुख वेद प्रकाश शुक्ला ने टैबलेट का सदुपयोग करते हुए भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का आवाहन किया ढ्ढ कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्रबंधक रामचंद्र यादव ने छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए डिजीशक्ति की उपयोगिता पर विस्तार से चर्चा की ढ्ढ इसी क्रम में प्राचार्य डॉ.नागेश्वर सिंह ने टैबलेट का सदुपयोग करने की सलाह देते हुए उच्च शिक्षा को अर्जित करने की प्रेरणा दी ढ्ढ कार्यक्रम का संचालन डॉ. दिनेश कुमार यादव ने किया।

# अतिक्रमण पर चलेगा बुलडोजर नगर पंचायत एक्शन मोड में शासन को भेजा पत्र

**जन एक्सप्रेस । रुद्रपुर, देवरिया**

भाजपा सरकार जहां अतिक्रमण को लेकर के सख्त है। तो दूसरी तरफ सरकारी भूमि ,मार्ग पर अगर अतिक्रमण है तो योगी सरकार का बुलडोजर चलना तय है।रुद्रपुर नगर पंचायत कई सालों से अतिक्रमण का शिकार है। उपनगर के जमुनी चौराहा जो पुराना बस स्टेशन के नाम से जाना जाता है कभी यहां से बसे गोरखपुर देवरिया वाराणसी के लिए चलती थी। इस चौराहे पर एक जामुन का पेड़ चौराहे का पहचान था ।वह भी अतिक्रमण का शिकार हो गया । जामुन के पेड़ को काटकर वहां मकान बनावाकर अतिक्रमण कर लिया गया है । आज इस चौराहे की दशा बद से बदतर हो गई है। आज इस चौराहे पर घंटों जाम लगता है। नए बस स्टेशन से इमामबाड़ा, कोतवाली, जामुन चौराहा होते बड़ी-बड़ी बसें कपरवार, बरहज, बड़हलगंज, वाराणसी के



लिए चलती थीं। लेकिन इस मार्ग पर इतना अतिक्रमण हो गया है कि कि लोग घंटो जाम में फंसे रहते हैं। देखा जाए तो यह मार्ग नगर का मेंन मुख्य मार्ग कहा जाता है। जो लोक निर्माण विभाग के दायरे में आता है। इस रोड पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, कोतवाली, इंटर कॉलेज, पीजी कॉलेज पड़ता है, लेकिन इस मार्ग पर दुकानदारों द्वारा, ठेला, खोमचा वालों का इस कदर अतिक्रमण हो गया है कि मुश्किल से एक चार पहिया वाहन निकलने में घण्टों लग जाता है। वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से गंभीर मरीज को लेकर जा रही एंबुलेंस में फंसे गंभीर मरीज अपना दम तोड़ते हुए नजर आते हैं। पूर्व नगर अध्यक्ष के कार्यकाल में बोर्ड की बैठक में अतिक्रमण को लेकर मास्टर प्लान की उम्मीद जगी थी। लेकिन वह भी ठण्डे बस्ते में ही रह गया। इस संबंध में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि छठे लाल निगम ने बताया कि बोर्ड की बैठक में मुख्य मार्ग पर अतिक्रमण के मुद्दे पर बोर्ड द्वारा प्रस्ताव पास कर शासन को मास्टर प्लान के लिए एक माह पहले भेजा गया है, जो अभी पास नहीं हुआ है । हम भी चाहते हैं कि रुद्रपुर अतिक्रमण से मुक्त हो।

# गोरखपुर में मनरेगा योजना में जमकर की जा रही धांधली विभागीय जिम्मेदारों की मेहरबानी से बेखौफ हैं भ्रष्टाचारी

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

जिले के विकास खंड सरदार नगर के भाऊपुर का हालिया घटनाक्रम ने मनरेगा जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम की विश्वसनीयता को सवालों के घेरे में खड़ा कर दिया है परंतु विभागीय जिम्मेदार मेहरबान है।

ग्राम सभा भाऊपुर में 19 अक्टूबर को मस्टरोल संख्या 2748/2749/2750 के माध्यम से 30 मजदूरों की हाजिरी का फोटो अपलोड किया गया, जिसमें मिट्टी कार्य का दावा किया गया। लेकिन स्थलीय निरीक्षण में स्थिति कुछ और ही देखने को मिली। निरीक्षण के दौरान पता चला कि जिस स्थान पर कार्य का दावा किया गया, वहां न तो कोई मजदूर मौजूद थे और न ही कोई गतिविधि हो रही थी।

चिंताजनक बात यह है कि सड़क के दोनों तरफ धान की फसल लगी हुई थी, जिससे स्पष्ट होता है कि मिट्टी



कार्य कहां से आया। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि यदि जिम्मेदार अधिकारी सही तरीके से जांच करते, तो इस तरह की धांधली का खुलासा हो सकता था। डीसी मनरेगा का एक बयान, जांच कर की जाएगी कार्रवाई, पर नहीं होती कार्रवाई डीसी मनरेगा ने कहा कि इस मामले की जांच की जाएगी और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। लेकिन सवाल यह है कि क्या अधिकारियों की निष्क्रियता के चलते वास्तविक कार्रवाई संभव है। मनरेगा योजना में धांधली के संबंध में जब भी डीसी मनरेगा से बातचीत की जाती है तो एक ही जवाब होता है जांच कर की जाएगी कार्रवाई पर नहीं की जाती कार्रवाई।

वर्तमान फोटो यह घटना प्रशासनिक लापरवाही और अधिकारियों की चुप्पी का एक और उदाहरण है, जो ग्रामीणों को उनके अधिकारों से वंचित कर रही है। मनरेगा के माध्यम से जो रोजगार और विकास का आश्वासन दिया गया था, वह अब धुंधला होता नजर आ रहा है।

समुदाय के लिए यह आवश्यक है कि वे अपनी आवाज उठाएं और अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराने की मांग करें, ताकि मनरेगा का सही लाभ उन्हें मिल सके और विकास के उद्देश्य को पूरा किया जा सके।

## शराब पिला कर जमीन बैनामा कराने का पत्नी ने लगाया आरोप, दी तहरीर

**जन एक्सप्रेस/कैंम्पियरगंज।** थाना क्षेत्र के नगर पंचायत चौमुखा निवासिनी रागिनी जायसवाल ने थानाध्यक्ष को दिए तहरीर में आरोप पत्र पर शक के आधार पर प्रार्थना पत्र देते हुए बताया की मेरे पति को अगवा कर लिया गया हैं। आपको बता दें गत माह 13/09/2024 को बबलू जायसवाल कों शराब व मांस मुर्गा खिलाकर कर जमीन कों लिखवा लिया गया।पुलिस इस मामले को लेकर छानबीन शुरू कर दी है। नगर पंचायत निवासी रागिनी जायसवाल पत्नी बबलू जायसवाल ने बताया कि हमारे पति को नशे की हालत में लक्ष्मीना यादव पत्नी आनंद प्रकाश निवासी महावनखोर कैंम्पियरगंज तेरह सितंबर को साजिश से मौजा कैंम्पियरगंज आरजी संख्या 394 से 0.045 हे0 का बैनामा धोखा एवं कपट से करवा लिया गया है। इसकी जानकारी होने पर हमने खरीददार से इस बारे में पूछताछ की तो उन्होंने धमकी देकर भगा दिया। बैनामा के दौरान स्टांप के आधार पर धनराशि का भुगतान भी नहीं किया गया।

# सांसद ने सक्रिय सदस्यता फॉर्म भर किया शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**



भारतीय जनता पार्टी का सक्रिय सदस्यता अभियान शुरू हो गया है रविवार को रविन्द्र नगर भाजपा कार्यालय में जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय और जिला सदस्यता प्रमुख व पूर्व जिलाध्यक्ष लल्लन मिश्र ने सांसद विजय कुमार दूबे और सदर विधायक मनीष जायसवाल को पार्टी की सदस्यता का नवीनीकरण हेतु सक्रिय सदस्यता फार्म भरवाकर जनपद में भाजपा का सक्रिय सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया गया।

सदस्यता के नवीनीकरण के बाद सांसद विजय कुमार दूबे ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सक्रिय सदस्यता का नवीनीकरण करने पर हमें गर्व है। यह एक आंदोलन है जो जमीनी स्तर पर हमारी पार्टी को और मजबूत करेगा और राष्ट्रीय प्रगति के लिए हमारी पार्टी के कार्यकर्ताओं का प्रभावी योगदान सुनिश्चित करेगा। सक्रिय सदस्यता अभियान कार्यकर्ताओं को राष्ट्रहित में कार्य करने की नई उर्जा प्रदान करेगा।

जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय ने कहा कि कुशीनगर जनपद में अबतक लगभग चार लाख लोग भाजपा का प्राथमिक सदस्य बानाएं जा चुके हैं।प्राथमिक सदस्यता अभियान की तरह सक्रिय सदस्यता अभियान भी इतिहास बनाएगा। जिला सदस्यता प्रमुख व पूर्व जिलाध्यक्ष लल्लन मिश्र ने कहा कि सक्रिय सदस्यता पार्टी की आंतरिक लोकतंत्र को मजबूत करता है। मैं जिला के सभी कार्यकर्ताओं का आह्वान करता हूं कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्र प्रथम के संकल्प के साथ सतत आगे बढ़ने वाली बीजेपी सक्रिय सदस्य बनें।

सदर विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी का सक्रिय सदस्य बनकर मैं गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। सभी कार्यकर्ता भाजपा का सक्रिय सदस्य बनें और देश को अधिक सशक्त बनाने में अपना योगदान दें।

इस अवसर पर विवेकानंद शुक्ल, विश्वरंजन कुमार आनन्द, प्रवीण कुमार गुंजन, भुवनेश्वर त्रिपाठी,रितिक सिंह गौतम,मीनू जिंदल, देवेश मिश्र, अरुण राय, जितेन्द्र सिंह आदि उपस्थित थे।

ह्य6

# सात लाख रुपए की नेपाली करेंसी के साथ एक नेपाली समेत दो हिरासत में

**जन एक्सप्रेस । निचलौल/महराजगंज**

इंडो नेपाल सीमा ठूठीबारी में तैनात 22 वी वाहिनी एसएसबी की टीम ने दिन शनिवार की शाम गस्त के दौरान सीमा पार कर रहे दो नागरिकों के पास से सात लाख नेपाली करेंसी बरामद किया। दोनों लोग बरामद करेंसी के बाबत कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं कर सके। जिसके बाद हिरासत में लेते हुए पूछताछ हेतु बीओपी कार्यालय ले जाया गया।।बरामद करेंसी समेत आरोपियों को अग्रिम विधिक कार्यवाही हेतु स्थल सीमा शुल्क चौकी ठूठीबारी को सुपुर्द कर दिया। 22 वाहिनी एसएसबी के जवान बीओपी ठूठीबारी अंतर्गत मरचहवा बाग के समीप ड्यूटी कर रहे थे इसी दौरान दो संदिग्ध बाइकसवार



तेजी से सीमा पार जाते दिखाई दिए। जिनकी तलाशी के क्रम में एक के पास एक हजार के तीन सौ नोट व पांच सौ के दो सौ नोट कुल (चारलाख) व दूसरे बाइकसवार के पास पांच सौ के छ सौ नोट कुल (तीन लाख) नेपाली करेंसी बरामद हुई।आरोपियों की पहचान सुजीत कुमार बधाल निवासी गांव पालिका सुनरी नवलपरासी राष्ट्र नेपाल व जनक बाश्याल निवासी सूरत नगर गुणगांव हरियाणा के रूप में हुई।बरामद नेपाली करेंसी मय आरोपियों को कागजी कार्यवाही के उपरांत स्थल सीमा शुल्क चौकी ठूठीबारी को सुपुर्द कर दिया गया।

## पुलिस लाइन परेड ग्रांउड में कराई गयी मॉक ड्रिल

**जन एक्सप्रेस/कुशीनगर।** जनपद में आगामी त्यौहारों में शांति व सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने हेतु पुलिस अधीक्षक कुशीनगर संतोष कुमार मिश्रा द्वारा कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाए रखने व किसी भी परिस्थितियों का सामना करने हेतु पुलिस लाइन परेड ग्राउण्ड पर बलवा ड्रिल की समस्त 10 पार्टियों को बलवा मॉक ड्रिल व दंगा निरोधक उपकरणों का अभ्यास कराया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन में बलवा ड्रिल एवं टियर गैस सामग्री, फायर सर्विस को चेक किया गया एवं सभी को आदेशित किया गया कि सायरन/पी.ए.सिस्टम चालू हालत में हो सुनिश्चित करें, उक्त ड्रिल के दौरान शस्त्रों एवं दंगा नियंत्रण उपकरणों के संचालन का परीक्षण किया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक कुशीनगर रितेश कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी कसया कुंदन सिंह, क्षेत्राधिकारी सदर अभिषेक प्रताप अजेय, क्षेत्राधिकारी खड्डा उमेश चन्द भट्ट एवं प्रतिसार निरीक्षक सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहें।

# अधर में लटका भोतहा ग्राम सचिवालय भवन निर्माण कार्य, जिम्मेदार बेपरवाह

**जन एक्सप्रेस । लक्ष्मीपुर महराजगंज**

जिम्मेदारों की उदासीनता के चलते ग्राम पंचायतों में ग्राम सचिवालय स्थापित करने की योजना अधर में लटकने से ग्रामीणों को एक छत के तले जाति व निवास प्रमाणपत्र सिंचाई विद्युत चिकित्सा जन्म-मृत्यु पंजीकरण एवं मनरेगा जैसे मसलों का निदान कराने का ख्वाब अभी अधूरा है।जिम्मेदारों की उदासीनता से तैयार भवन भी खंडहर में तब्दील होने लगे हैं। हालात लक्ष्मीपुर क्षेत्र के अधिकतर गांवों में हैं। जिन स्थानों पर इमारतें ठीक ठाक हैं वहां पर भी उनका इस्तेमाल %ग्राम सचिवालय% के रूप में नहीं हो पा रहा और ग्रामीणों के लिए ब्लॉक और तहसीलों के




चक्कर लगाना मजबूरी बन गया है। ग्रामीणों के सहूलियत के लिए बने ग्राम सचिवालयों में ताले लटके हुए हैं। जबकि पंचायत सचिव नदारद रहते हैं। हाल यह है कि ग्राम सचिवालयों में सचिव व पंचायत सहायक नही बैठ रहे हैं। ऐसे में ग्रामीण अपनी समस्याओं को लेकर ब्लॉक, तहसील व जिला मुख्यालय का चक्कर लगाने को मजबूर हैं। ऐसे में ग्रामीण साइबर कैफे का रुख कर रहे हैं। सभी ग्राम पंचायतों में ग्राम सचिवालय बनाए गए हैं। इसके लिए शासन की ओर से पंचायत सहायकों की नियुक्ति की गई है। अधिकारियों की लापरवाही के चलते सचिवालयों पर ताला लटका हुआ है। इतना ही नहीं अधिकांश सचिवालयों में न तो कंप्यूटर की व्यवस्था की गई है और न फर्नीचर की। नाम न छापने की शर्त पर लक्ष्मीपुर के भोतहां के ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम सचिवालय अभी तक बन नही सका है आस पास के गांव में सचिवालय यदा-कदा ही खुलता है और ब्लॉक स्तरीय कामों के लिए ब्लाक मुख्यालय जाना पड़ता है।


### लापरवाह जिम्मेदार पर की जाएगी कार्रवाई: बीडीओ

इस सम्बंध में पूछे जाने पर बीडीओ मृत्युंजय यादव ने बताया कि मामला संज्ञान में नही है, जांच कर कार्रवाई की जायेगी।जबकि सचिवों को अपने अपने ग्राम पंचायत पर बैठने के लिए रोस्टर की व्यवस्था लागू की गई है।लापरवाही करने वालों को बख्शा नही जायेगा।

# अहोई अष्टमी व्रत गुरुवार को

## गुरु पुष्य योग में खरीददारी के साथ करें अहोई अष्टमी की पूजा : स्वामी पूर्णानंदपुरी जी महाराज

**जन एक्सप्रेस । अलीगढ़**





कार्तिक महीने के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को संतान की दीर्घायु एवं सुखी जीवन के लिए रखा महिलाओं द्वारा निर्जला व्रत रखा जाता है। इसे अहोई अष्टमी नाम से जाना जाता है। अहोई अष्टमी का व्रत करवा चौथ के 4 दिन बाद और दीपावली से 8 दिन पहले रखा जाता है।

वैदिक ज्योतिष संस्थान के प्रमुख स्वामी श्री पूर्णानंदपुरी जी महाराज के अनुसार इस बार अष्टमी तिथि 24 अक्टूबर प्रातः 01:18 मिनट से प्रारंभ होकर अगले दिन प्रातः 01:58 मिनट तक रहेगी,तथा पूजन का शुभ मुहूर्त सांय 05:42 मिनट से सांय 06:59 मिनट तक लगभग एक घंटा 17 मिनट की अवधि तक रहेगा। वहीं इस अहोई अष्टमी पर सर्वार्थ सिद्धि, अमृत सिद्धि और गुरु पुष्य एवं साध्य योग का संयोग बनेगा ज्योतिष शास्त्र में इस तरह के योगों को बहुत ही शुभ और फलदायी माना गया है।

इन शुभ संयोगों में विधि पूर्वक भगवान विष्णु, मां लक्ष्मी और चंद्रमा की पूजा करने से मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है, वहीं गुरु पुष्य योग में आभूषण, वाहन, घर, जमीन की खरीदारी करना बहुत ही शुभ माना गया है,मान्यता है कि इस योग में क्रय किया गया आभूषण समय के साथ कई गुना वृद्धि देता है। वहीं इस योग में चने की खरीदारी करने से घर में सुख-समृद्धि में बढ़ोतरी होगी,साथ ही कुंडली में गुरु ग्रह मजबूत होंगे और मां लक्ष्मी की विशेष कृपा भी प्राप्त होती है।अहोई अष्टमी व्रत के महत्व को लेकर स्वामी पूर्णानंदपुरी जी महाराज ने बताया कि अहोई देवी की पूजा तारों की छाँव में की जाती है अतः सांय 06:06 मिनट से तारों के एवं रात्रि 11:59 पर चन्द्रोदय के दर्शन होंगे। इस व्रत को करने से संतान की आयु बढ़ने के साथ निरोगी जीवन मिलता है। अष्टमी तिथि पर पूजन तीर्थ स्नान और दान करने का विशेष महत्व होता है,इस दिन लक्ष्मी और नारायण की पूजा एवं हवन के साथ श्री यंत्र पूजा और लक्ष्मी पूजा करने से सुख,समृद्धि एवं धन धान्य से परिपूर्ण होकर खुशहाली आती है।

## दबंगों ने दलित मजदूर को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा,थाने में दी तहरीर

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

थाना पिनाहट क्षेत्र के अंतर्गत कस्बा भदरौली में ट्रांसपोर्ट की गाड़ी उतरने वाले मजदूर को दबंगों ने दौड़ा-दौड़ा कर मारना पीटना शुरू कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिनाहट में भर्ती कराया हैं। जहां से घायल की गंभीर स्थिति को देखते हुए आगरा रेफर कर दिया है। जानकारी के अनुसार थाना पिनाहट क्षेत्र के अंतर्गत कस्बा भदरौली निवासी 24 वर्षीय देशराज पुत्र सुभाष सिंह जाटव कस्बा भदरौली की ट्रांसपोर्ट कंपनी पर बाजार के दुकानदारों का सामान पहुंचाने का काम करता है। देशराज सोमवार सुबह करीब 10 बजे ट्रांसपोर्ट गाड़ी से दुकानदारों का सामान उतार कर रिक्शे पर रखकर चौकी की बगल वाली गली में ले जा रहा था।तभी भदरौली चौकी के पास वाली गली में अंदर की तरफ से भदरौली निवासी दिग्विजय सिंह तोमर अपनी कार से मुख्य सड़क की तरफ आ रहा था।

## फसलों के लिए वरदान के समान है नैनो उर्वरक



**जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर**

जनपद के बसखारी ब्लॉक के हरैया में स्थित इफको ई बाजार केंद्र पर किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया।पंपलेट बांट कर किसानों को उन्नत खेती की जानकारी दी गई। गोष्ठी में नैनो उर्वरक के उपयोग पर जोर दिया गया। मुख्य अतिथि क्षेत्र प्रबंधक डॉ. देवी प्रसाद, व इफको से उपेंद्र वर्मा उपस्थित रहे।

किसानों को संबोधित करते हुए केंद्र प्रभारी आदित्य तिवारी ने कहा कि कृषि के क्षेत्र में नैनो उर्वरक फसलों के लिए वरदान के समान है। दानेदार यूरिया के माध्यम से फसलों में नत्रजन की जो मात्र दी जाती है। उसका 30 फीसद ही फसलों को मिल पाता है। बाकी 70 फीसद से जमीन और वातावरण दूषित होता है। वही नैनो डीएपी और नैनो तरल यूरिया का फसलों में छिड़काव करने पर 80 फ़ीसदी नत्रजन फसलों को मिलता है। और 20 फ़ीसदी जमीन पर गिरता है।

दानेदार डीएपी व यूरिया की तुलना में नैनो उर्वरक के उपयोग करने से गुणवत्ता युक्त अधिक उपज होगी। वातावरण, पानी व मिट्टी की सेहत में भी सुधार होगा। परिवहन एवं भंडारण के खर्चों में भी कमी आएगी। विक्रय सहायक अभिषेक नायक ने बताया कि नैनो तरल उर्वरक चार से पांच मिली लीटर मात्रा को प्रति लीटर पानी में घोल बनाकर फसल में छिड़काव करना चाहिए।

कम मात्रा में अधिक प्रभावी ढंग से पोषक तत्व मिलते हैं जिससे लागत में कभी आती है। वहीं उत्पादन अच्छा होने से मुनाफा अधिक होगा। हरिबंस शुक्ला, जावेद मलिक, रामविलास मौर्य, जितेंद्र प्रसाद, मनोज कुमार, दीपचंद, संपूर्णानंद, हैप्पी वर्मा, आदि किसान उपस्थित रहे।

## डॉ. राधाकांत शर्मा मथुरा आकाशवाणी से देंगे कार्तिक मास की जानकारी

**जन एक्सप्रेस । वृन्दावन**



ऑल इंडिया रेडियो (आकाशवाणी) के मथुरा-वृन्दावन केंद्र से नगर के युवा साहित्यकार डॉ. राधाकांत शर्मा की हिन्दी वार्ता का प्रसारण 21 अक्टूबर 2024 को किया जाएगा।इस बारे में जानकारी देते हुए आकाशवाणी मथुरा-वृन्दावन केंद्र के कार्यकारी निदेशक डॉक्टर देवेंद्र सारस्वत ने बताया है कि ÷हिन्दू धर्म में कार्तिक मास का महात्म्य÷ विषय पर युवा साहित्यकार डॉ. राधाकांत शर्मा की हिन्दी वार्ता का प्रसारण केंद्र से ÷वनिता लोक÷ कार्यक्रम के अंतर्गत 21 अक्टूबर 2024 को दोपहर 01=15 बजे किया जाएगा। यह प्रसारण 10 मिनट का होगा। जिसे आप सभी श्रोतागण आकाशवाणी के एफ.एम. चैनल संख्या 102.20 पर श्रवण कर सकते हैं।

## जलाओगे दिए, तो कुम्हार का घर भी होगा रोशन : सरदार सिंह

- दियाली का ही दीया प्रज्वलित करे तो कुम्हार की माली-हालत में सुधार होगा

**जन एक्सप्रेस । प्रयागराज**

सिंह ने अपने सहयोगियों के साथ विभिन्न मोहल्ले-मोहल्ले मे भ्रमण कर लोगों के मध्य में यह सन्देश देने की कोशिश करने में प्रयत्नशील है कि कुम्हार का घर रोशन करने के लिए दियाली का ही दीया प्रज्वलित करे।क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सरदार पतविंदर सिंह ने कहा कि दिन रात मेहनत कर दियाली बनाने वाले कुम्हार के घर रोशन करने के लिए मिट्टी की दियाली का उपयोग करें जिससे कुम्हार के घर खुशहाली व उमंग उत्पन्न हो सके अंधेरा कैसा भी हो किसी भी रूप में हो उससे निकलने का एक ही जरिया है दिया जलाए।उपाध्यक्ष सरदार पतविंदर सिंह ने आगे कहा कि इस दीपावली में लोग मिट्टी की दिवाली खरीदेगे और मां लक्ष्मी को मनाएंगे जहां लोगों का पूजा सम्पन्न होगा वही कुम्हार के घर की भी माली हालत में सुधार होगा दीपावली पर धन लक्ष्मी को प्रसन्न करने के लिए मिट्टी के दिवाली के दिया जलाए। जन जागरूकता अभियान में प्रमुख रूप से कौशल किशोर सिंह हरमन सिंह दलजीत कौर सहित तमाम स्वयं सेवक उपस्थित रहे।



फोटो : भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सरदार पतविन्दर

## नैनी पुलिस ने वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर अपहृता को किया बरामद

**जन एक्सप्रेस । प्रयागराज**

नैनी पुलिस अपहरण के दर्ज मुकदमे का सफल अनावरण करते हुए वांछित चल रहे आरोपी को नैनी ओवर ब्रिज के नीचे से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

वही पुलिस को आरोपी के कब्जे से अपहृता को बरामद करने में सफलता मिली।

पुलिस आयुक्त प्रयागराज तरुण गाबा द्वारा वांछित अपराधियो को शीघ्र गिरफ्तारी करने हेतु दिए गए आदेश के क्रम में डी सी पी यमुनानगर विवेक चन्द्र यादव व एसीपी करछना वरुण कुमार के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक नैनी वैभव सिंह द्वारा थाना में दर्ज 587/24धारा 137(2) के आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस द्वारा एक टीम बनाकर लगातार दबिश दी जा रही थी।हमराही के सूचना पर नैनी स्टेशन ओवर ब्रिज के नीचे से आरोपी मो0 हाशिम पुत्र मो0कमरुद्दीन उभारी बलापुर घुरपुर प्रयागराज उम्र लगभग उम्र 21वर्ष को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई की गई।पुलिस के पूछताछ में उसने बताया कि अपहृता को बहला फुसलाकर शादी की नियत से बम्बई ले गया था।

हमराही के सूचना पर नैनी स्टेशन ओवर ब्रिज के नीचे से आरोपी मो0 हाशिम पुत्र मो0कमरुद्दीन उभारी बलापुर घुरपुर प्रयागराज उम्र लगभग उम्र 21वर्ष को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई की गई।पुलिस के पूछताछ में उसने बताया कि अपहृता को बहला फुसलाकर शादी की नीयत से मुम्बई ले गया था।

## ग्राम समाज की जमीन पट्टा किए जाने को लेकर किया गया प्रदर्शन

- मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी बारा जयजीत कौर मिश्रा को सौपा गया

**जन एक्सप्रेस । प्रयागराज**






यमुनानगर के अन्तर्गत बारा तहसील परिसर में डॉ अम्बेडकर वेलफेयर नेटवर्क के कार्यकर्ताओं ने मांगो को लेकर किया प्रदर्शन शनिवार को समाधान दिवस के अवसर पर डा.अम्बेडकर वेलफेयर नेटवर्क के हजारों कार्यकर्ताओं व समर्थकों ने जमकर धरना प्रदर्शन किया।प्रदर्शन के उपरान्त मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी बारा जयजीत कौर मिश्रा को सौंपा गया।संस्थापक उच्च न्यायालय के अधिवक्ता आईपी रामबृज ने बताया कि बारा में सन सत्तर से अस्सी के दौरान चकबंदी आई थी।चकबंदी के दौरान प्रत्येक ग्रामसभा में कम से कम पचास और ज्यादा से ज्यादा सौ बीघा के करीब अतिरिक्त जमीन निकलकर आई थी।चकबन्दी के उपरांत जिन काश्तकारों की भूमिधरी जमीनों से अतिरिक्त जमीने निकल कर आई थी बाद में वही काश्तकार अतिरिक्त जमीनों को अपनी भूमिधरी में मिलाकर आज भी जोतते बोते रहे चले आ रहे हैं। भूमि सुधार कानून के अन्तर्गत भूमिहीन खेतिहर मजदूरों में जिनके घर के अगवारे पिछवाड़े साग सब्जी बोने की जमीन नहीं है जिनका एक साल का दो साल का या तीन साल का लड़का गुजर जाय जिसको कहे कि किसी कारणवश मर जाय तो ऐसे लोगो के पास इतनी भी जमीन नहीं की वो अपनी जमीन में मृत शरीर को खोदकर दफन कर सके।कही नहरा के किनारे कहीं बहरा के किनारे या कहीं नरखोही के किनारे दफनाने का काम करते है।ऐसे भूमिहीन खेतिहर मजदूरों में जिनके पास घर नहीं है उनमें आवासीय पट्टा और जिनके पास खेती बारी नही है उनमें कृषि कार्य का पट्टा किए जाने सम्बन्ध में पिछले वर्ष दो बार रजिस्टर्ड डाक द्वारा सीधे मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार लखनऊ को प्रार्थना पत्र भेजा गया। मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार के अनुसचिन अरविन्द मोहन ने आवश्यक कार्यवाही किए जाने के सम्बन्ध में सीधे जिलाधिकारी प्रयागराज को निर्देशित किया कि उक्त निर्देशित पत्र को जिलाधिकारी प्रयागराज ने सीधे आवश्यक कार्यवाही के लिए उपजिलाधिकारी बारा को निर्देशित किया और उपजिलाधिकारी बारा ने अपने तहसीलदार को और तहसीलदार ने क्षेत्रीय राजस्व निरीक्षको और राजस्व निरीक्षको ने उक्त पत्र को हल्का लेखपालों को जांचोंपरांत आख्या भेजने के लिए सुपुर्द कर दिया।आपको बता दें कि मुख्यमंत्री के विशेष कार्ययोजना में भूमिहीनों में भूमि का आवंटन भी है किन्तु धरातल पर आवंटन के मामले में कार्यवाही शून्य है। वैसे यमुनानगर में ऐसी कोई ग्रामसभा नहीं है जहां पर ग्राम समाज(जीएस)की जमीन बंजर परती ऊसर व सीलिंग तथा भूदान की जमीनें न हो किन्तु मौके पर जमीन खाली नहीं है। क्षेत्रीय भूमाफिया व काश्तकार उक्त ग्राम समाज की जमीने लेखपालों की मिलीभगत से कब्जा करके प्लाटिंग कर रहे है क्षेत्रीय जमीदार अपनी भूमिधारी जमीन में मिलाकर जोत बो रहे है।अभियान चलाकर भूमिहीनो को भूमि आवंटन की कार्यवाही की जाए।इस दौरान अनीता मंजू रीता सविता गुलाब कली सुमन उषा तारा देवी राम बेटी रंजना माया देवी सरिता सावित्री रन्नो देवी गीता आरती उमा गुड्डी ममता राजकुमारी उर्मिला पुष्पा आदि।हजारो की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## युवाओं ने गंगा जमुना सरस्वती एवं संगम घाट पर सफाई अभियान चलाया




**जन एक्सप्रेस । प्रयागराज**

धार्मिक भारत यात्रा फाउंडेशन के युवा सदस्यों ने रविवार सुबह ग्यारह बजे पहुंचकर युवाओं ने गंगा जमुना सरस्वती संगम के घाट पर साफ सफाई अभियान चलाकर लोगो को जागरूक किया। उज्वल सिंह पटेल की अगुवाई में करीब दो घन्टे तक सफाई अभियान चलाया गया। युवाओं ने गंगा को प्रदूषण मुक्त रखने का संकल्प लिया।

इस मौके पर उज्वल सिंह ने युवाओं को स्वच्छता की शपथ दिलाई।और कहा कि गंगा को प्रदूषण मुक्त रखने के लिए हर सम्भव प्रयास करेंगे। प्रदूषण से गंगा को बचाने के लिए लोगों को प्रेरित किया गया।पौधरोपण पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि आज का हमारा संकल्प भावी पीढ़ियों के लिए आक्सीजन प्रदान करेगा। हम सभी को संकल्प लेना चाहिए कि गंगा को गंदगी से बचाएंगे।इस दौरान युवाओं ने धार्मिक भारत यात्रा फाउंडेशन के तहत गंगा सफाई मंदिर जीर्वोद्धार वृद्धा आश्रम और नेत्रहीन बच्चों के विकास के लिए कार्य करने का संकल्प लिया। अभियान के दौरान शनि पाल विनायक बवन्धर हिमांशु आकश विनोद पाल उत्कर्ष पियूष वैभव ओम बसन्त अभिउदय आदि लोग मौजूद रहे।

## बहन बेटियों को सुरक्षित रखना पुलिस की प्राथमिकता

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

जिले भर मे पुलिस द्वारा साइबर अपराध एबं महिला अपराध के लिए थाने पर पुलिस द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर लोगो को जागरूक किया जा रहा है। ऐसा ही एक जागरूकता कार्यक्रम पिढोरा थाने पर आयोजित किया गया है। थाना पिढोरा परिसर में रविवार दोपहर करीब 2 बजे मिशन नारी सुरक्षा के तहत पुलिस ने कार्यक्रम आयोजित किया गयाद्य जिसमे सबसे पहले नदी में डूबे किशोर की आत्मा की शान्ति हेतु दो मिनट का मौन रखा गया।

जिसके बाद थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत के प्रधान और संभ्रांत नागरिक और महिलाओं ने भाग लियाद्य कार्यक्रम में स्कूली छात्र-छात्राएं भी पहुंचे कार्यक्रम की अध्यक्षता थानाध्यक्ष पिढोरा हरीश शर्मा ने की जिसमें लोगों को संबोधित करते हुए समझाया कि नई टेक्नोलॉजी के साथ-साथ साइबर अपराध भी बढ़ गया है। जिससे हमें सतर्क रहने की भी जरूरत है। पुलिस कभी किसी को फोन कर पैसे नहीं मांगती हैद्य फोन पर पैसे मांगने वाले आपके परिवार के सदस्यों को किसी भी मामले में फसाने की झूठी सूचना देकर ठगने का प्रयास करेंगे। जिनसे सतर्क रहना है। महिलाओं और बहन बेटियों को सशक्त बनाना है। थानाध्यक्ष ने सभी को अपना पर्सनल मोबाइल नंबर और सरकारी टोल फ्री नंबर भी नोट कराये है। इस दौरान दलवीर सिंह प्रधान राटोटी, भूपाल सिंह, ओमकार शर्मा, विजय सिंह वर्मा, अम्बेश शर्मा, चख्खन सिंह, डाक्टर सुरेश सिंह मौजूद रहे।

# केन्द्र का यू टर्न : पांच लाख तक के हेल्थ इंश्योरेंस पर जीएसटी नहीं

- विपक्ष के आगे चार माह में चैथी बार मोदी सरकार के झुटनों के बल आने से विपक्षी खुश

**जन एक्सप्रेस । खुर्जा**



एम पी शर्मा



अखलाक अंसारी



अखलाक अंसारी



वेद प्रकाश

कहने को कोई कुछ भी कहे लेकिन यह सही है कि लोकसभा चुनाव परिणाम केन्द्र की मोदी सरकार को खुल कर खेलने नहीं दे रही है। यही कारण है कि बीते चार माह में केन्द्र सरकार विपक्ष के विरोध के कारण चैथी बार यू टर्न लेने को मजबूर हुई है। शनिवार को लाइफ और हेल्थ इंश्योरेंस पर जीएसटी तय करने के लिए बने 13 मंत्रियों के समूह की बैठक में पांच लाख रुपए तक के कबरेज वाले हेल्थ और टर्म इंश्योरेंस के प्रीमियम पर लगने वाले 18 प्रतिशत जीएसटी को पूरी तरह खत्म करने पर सहमति बन गई है। इससे यहां विपक्षी पार्टियों के नेता बेहद खुश है। उनका कहना है कि लोकसभा चुनाव ने भाजपा को बैक फुट पर रहने को विवश कर दिया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एमपी शर्मा एडवोकेट का कहना है कि पांच लाख रुपए तक के कबरेज वाले हेल्थ और टर्म इंश्योरेंस के प्रीमियम पर लगने वाले 18 प्रतिशत जीएसटी को खत्म करने के लिए संसद में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भारी विरोध किया था। इंडिया गठबंधन के 200 सांसदों ने धरना-प्रदर्शन कर इसका विरोध किया था। इसके बावजूद वित्तमंत्री टस से मस नहीं हुईं थीं। उन्होंने कहा कि अब क्या हुआ। आखिर केन्द्र ने यू टर्न क्यों लिया और क्यो मंत्री समूह की बैठक में 18 प्रतिशत जीएसटी को पूरी तरह खत्म करने पर सहमति क्यों बन गई है? नगर पालिका के पूर्व वरिष्ठ सभासद अखलाक अंसारी का कहना है कि विपक्षी नेता राहुल गांधी ने केन्द्र पर मध्यम वर्ग की कमर और सीने में वार करने का आरोप लगाते हुए हेल्थ और टर्म इंश्योरेंस के प्रीमियम पर देश के लोगों से 18 प्रतिशत जीएसटी के रूप में 28 हजार करोड़ रुपए वसूलने का आरोप लगाते हुए इसे समाप्त करने की मांग की थी। लेकिन केन्द्र की मनमानी रुकी नहीं। उन्होंने कहा कि अब महाराष्ट्र और झारखंड के चुनावों में अपनी हार सुनिश्चित देख केन्द्र ने यू टर्न लिया है और मंत्री समूह की बैठक में निर्णय करा कर 18 प्रतिशत जीएसटी को पूरी तरह खत्म करने पर सहमति बनवा दी है? आम आदमी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष केप्टन अर्जुन सिंह ने केन्द्र की मोदी सरकार को यू टर्न वाली सरकार बताया है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा को बहुमत नहीं मिलने से मोदी सरकार मानों फड़फड़ाने लगी है। केन्द्र की मोदी सरकार से चार माह में चैथा यू टर्न लिया है। चैथा यू टर्न पांच लाख रुपए तक के कबरेज वाले हेल्थ और टर्म इंश्योरेंस के प्रीमियम पर लगने वाले 18 प्रतिशत जीएसटी को खत्म करने का निर्णय लेना है। यह यू टर्न विपक्ष के दबाव में लिया गया है। उन्होंने कहा कि तेरह मंत्रियों के समूह की बैठक में शनिवार को यह निर्णय लिया गया है। बसपा के पालिका सभासद वेद प्रकाश केन्द्र की सरकार को गरीब और मध्यम वर्ग विरोधी बताते हैं। उन्होंने कहा कि एक व्यक्ति एक-एक रुपया एकत्रित कर बीमा कराता है और सरकार उसके प्रीमियम पर भी जीएसटी वसूलने से बाज नहीं आती और वह भी 18 प्रतिशत। उन्होंने कहा कि पांच लाख रुपए तक के कबरेज वाले हेल्थ और टर्म इंश्योरेंस के प्रीमियम पर 18 प्रतिशत जीएसटी वसूलना केन्द्र सरकार की मनमानी और धोखा है। उन्होंने कहा कि मंत्री समूह की बैठक का बहाना बंद कर केन्द्र को इस भारी भरकम जीएसटी को तुरंत खत्म कर देना चाहिए।

# जनपद भर में धूमधाम से मना करवा चौथ का त्योहार, सोलह श्रृंगार कर मांगा अखंड सौभाग्य

- सुहागिनों ने अपने पति की दीघार्यु को रखा व्रत, दिन सुनी कथा, मंदिरों में जुटी भीड़

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**





रविवार को जहां करवा चौथ का पर्व धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सुहागिनों ने अपने पति की दीघार्यु की कामना के लिए जनपद भर में सुहागिनों ने करवा चौथ का व्रत रखा। सजधज के सुहागिनों ने मंदिरों में पूजा अर्चना कर कथा सुनी। शाम होते ही घरों में चांद का दीदार करने के लिए इंतजार होने लगा। चांद के निकलते ही पति के हाथों से जल पीकर व्रत खोला। तमाम फौजी और पुलिस कर्मियों की पत्नियों ने भी वीडियो कॉल पर बात करने के बाद अपना व्रत खोला। नवविवाहित जोड़ों ने एक आकर्षण सरप्राइज गिफ्ट भी दिया। साथ ही चांद का दीदार करके अपना व्रत पूरा किया। इधर, जिला कारागार में भी बंद सुहागिनों ने भी अपने पति के लिए व्रत रखा। करवा चौथ को लेकर सुहागिनें कई दिनों से तैयारियों में जुटी हुई थी। रविवार को हर तरफ करवा चौथ का उल्लास देखने को मिला। पति की लंबी आयु की कामना कर सुहागिनों ने करवा चौथ का निर्जला व्रत रखा। त्योहार को लेकर सुबह से घरों में तैयारियों शुरू हो गई थीं। सरगी की रस्म निभाई गई। सुहागिन महिलाओं ने दिन में चंद्रमा, शिव पार्वती, कार्तिकेय और गौरी की पूजा की। दोपहर को घर की बुजुर्ग महिलाओं ने सुहागिनों को घरों में कथा कर पूजन कराया। घरों में पूरे दिन शाम होने वाली पूजा की तैयारियां चलती रही। पकवान बनाने के साथ पूजा का सामान सजाया जाने लगा। शाम को अशोक कॉलोनी, चौक बाजार, होली चौराहा, गोदावरी स्टेट कॉलोनी और निरंजन कुंज कॉलोनी स्थित मंदिर में सुहागिनों ने सजधज कर सामूहिक पूजा अर्चना की। इसके बाद अंधेरा होते ही चंद्र दर्शन का इंतजार करने लगी। देर शाम तमाम लोग छतों पर चढ़कर चांद का इंतजार करते देखे गए। आसमान में चांद निकला तो हर तरफ चांद निकल आया की गूंज सुनाई देने लगी। सुहागिनों ने चांद की पूजा अर्चना करने के बाद अपने जीवन साथी के साथ चंद्रदेव के दर्शन किए और परमात्मा से पति की लंबी आयु की कामना की। चंद्रमा को अर्घ्य देकर पति के हाथों से जल ग्रहण किया और व्रत खोला। जिला कारागार में भी सुहागिनों के लिए करवा चौथ के व्रत पूरा करने के लिए व्यवस्था की गई। जहां महिला बंदियों ने पूजा अर्चना कर अपना व्रत पूरा किया।

### करवा चौथ से पटा सोशल मीडिया का बाजार

आज के समय में कोई भी पर्व हो, उसकी गूंज सोशल मीडिया के तमाम प्लेटफार्म पर दिखाई देती है। करवा चौथ पर भी सुहागिनों ने पूजा अर्चना करने के बाद अपने पति के साथ इंस्टाग्राम और अन्य सोशल मीडिया पर रील बनाकर अपलोड किया। किसी ने व्हाट्सएप पर फोटो साझा कर बधाई संदेश भेजने का सिलसिला जारी रहा। इसके अलावा करवा चौथ को लेकर सुहागिनों के हाथ में लगी मेहंदी चार चांद लगा रही थी। ऐसे में इस पल को महिलाओं ने अपने मोबाइल में कैद किया।

### पर्व के दिन भी उमड़ी बाजार में भीड़

करवा चौथ के दिन भी बाजार में जबरदस्त भीड़ रही। दुल्हन की तरह सजने संवारने के लिए महिलाएं ब्यूटी पार्लर में जुटी रहीं। मेहंदी से सजे हाथ और कलाइयों से घर के तमाम काम काज निपटाती महिलाओं के चेहरे पर करवा चौथ का व्रत रखने की चमक दिन भर बनी रही। बाजार में महिलाओं ने आखिरी दिन भी जमकर चूड़ी, कंगन, कॉस्मेटिक और साड़ी सूट की खरीदारी की। हालांकि आखिरी दिन पर ब्यूटी पॉर्लर में भीड़ अधिक देखने को मिली। जहां महिलाएं नए लुक में तैयार होने के लिए पहुंची।

# वॉलीबॉल प्रतियोगिता में गौतम नगर विजेता शांति नगर उपविजेता टीमों को दी ट्रॉफी

**जन एक्सप्रेस । पूरनपुर**

- विजेता एवं उपविजेता टीमों को नगद धनराशि से किया पुरस्कृत
- ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतियोगिता आयोजित कर खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने की अच्छी पहल

हजारा। ट्रांस शारदा क्षेत्र के गांव राणा प्रताप नगर में एक दिवसीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में ग्राम प्रधान एवं समाजसेवी इकबाल सिंह उर्फ पाले ने उद्घाटन मैच का फीता काटकर खेल प्रारंभ कराया। विजेता एवं उपविजेता टीमों को नगद धनराशि के अलावा ट्रॉफी व अन्य पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया गया है।

खेल के प्रति युवाओं को प्रोत्साहित करने एवं खेल प्रतियोगिता का आयोजन कर ग्रामीण क्षेत्रों में खेल के प्रति उत्साह बढ़ाने के उद्देश्य से ट्रांस शारदा क्षेत्र के गांव राणा प्रताप नगर में एक दिवसीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमें पीलीभीत व लखीमपुर-खीरी की दर्जनों टीमों ने प्रतिभाग किया था जिसमें फाइनल मैच गौतम नगर एवं शांति नगर के मध्य खेला गया रोमांचक मुकाबला के साथ गौतम नगर टीम विजेता घोषित तो वहीं शांतिनगर की टीम उपविजेता रही।खेल प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि कबीरगंज ग्राम प्रधान एवं समाजसेवी व खेलप्रेमी इकबाल सिंह उर्फ पाले ने विजेता टीम को फर्स्ट प्राइज के रूप में तीन हजार एक सौ एक रुपये व ट्राफी सहित अन्य पुरस्कार देकर तो वहीं शांति नगर की उपविजेता टीम को नगद एक हजार एक सौ एक रुपये व ट्राफी के साथ साथ अन्य पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया है। पुरस्कार वितरण के दौरान पूर्व खिलाड़ी एवं पूर्व जिपंस(पति) परमेंदर सिंह ने खिलाड़ियों को अलग से नगद धनराशि देकर पुरस्कृत किया है।पुरस्कार वितरण के दौरान राणा प्रताप नगर की प्रधान रमावती देवी, अनिरुद्ध मदेशिया, सुल्तान हसन गाजी, जगरुप सिंह, रविंद्र सिंह, प्रभजीत सिंह सोनी, अमृतपाल सिंह,नंदू सैनी, अनुराग पांडेय, रोहित मिश्रा आदि मौजूद रहे तो वहीं वालीबाल खेल प्रतियोगिता में दर्शकों ने भी खिलाड़ियों का ताली बजाकर खूब उत्साह बढ़ाते रहे।मैच के निर्णायक की भूमिका में पूर्व प्रधान हरीश खंडूजा,तेज प्रताप सिंह व परमेंदर सिंह आदि रहे तो वहीं गांव के युवकों ने भी जिम्मेदारी निभाई है। वॉलीबॉल टूर्नामेंट खेल प्रतियोगिता का आयोजन करने वाली टीम में प्रमुख रूप से सुनील सिंह, सतीश मदेशिया, सरफुद्दीन अंसारी, रोहित गौतम, सीबू अंसारी, मुन्ना वर्मा, शमशाद खां, प्रियांशु राठौर, विपिन यादव, अंसारी, मुर्तजा अंसारी, गणेश मदेशिया आदि रहे।

# खड़ी ईको से टकराई बाइक, एक की मौत

- पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा, मांगी तहरीर
- बीसलपुर कोतवाली क्षेत्र में हुआ हादसा, परिवार में कोहराम

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**



वाहन की तेज रफ्तार एक बार फिर हादसे का सबब बन गई। अनियंत्रित बाइक सड़क पर खड़ी ईको से टकरा गई। हादसे में एक बाइक सवार की मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना कर जानकारी की। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया हैं। कोतवाली दियोरियाकलां क्षेत्र ग्राम गुलड़िया राधे के रहने वाले अनिल कुमार (25) पुत्र धनपाल मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करते थे। वह शनिवार को वह गांव के ही चंद्रसेन के साथ बीसलपुर गए थे। रात करीब नौ बजे के बाद दोनों बाइक पर सवार होकर गांव लौट रहे थे। बाइक चंद्रसेन चला रहे थे। दियोरियाकलां-बीसलपुर मार्ग पर बड़ागांव चौराहा के पास पहुंचते ही बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर खड़ी ईको से टकरा गई। हादसे में दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर इतनी भीषण थी कि झटका लगते ही पीछे बैठे अनिल कुमार काफी दूर जा गिरे। राहगीरों ने दोनों को सड़क पर पड़ा देखा तो भीड़ जमा हो गई। इसकी सूचना मिलने पर यूपी 112 पुलिस मौके पर पहुंची और जानकारी की। कोतवाल प्रदीप कुमार विश्नोई भी मौके पर आ गए। आनन-फानन में घायलों को अस्पताल भिजवाया गया।

वहां इलाज के दौरान अनिल कुमार की मौत हो गई। घर पर युवकों का इंतजार कर रहे परिजन के पास मौत की खबर पहुंची तो कोहराम मच गया। घायल चंद्रसेन की हालत गंभीर बनी रही। रविवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया हे।

# मझोला महोत्सव- केंद्रीय मंत्री बी एल वर्मा ने दंगल महोत्सव का किया शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

मझोला महोत्सव में पहुंचे केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा ने फीता काटकर मझोला महोत्सव के दंगल का शुभारंभ किया केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा के पहुंचने पर मझोला नगर पंचायत के अध्यक्ष निशांत प्रताप सिंह सहित महोत्सव मे एस. के.पब्लिक स्कूल के प्रबंधक जगजीत सिंह जग्गू प्रशासनिक अधिकारी राजेंद्र सिंह प्रिंस, बलजिंदर सिह 13 ड्रीम्स आदि ने फूलमाला पहनाकर स्वागत किया ढोल नगाड़ों के साथ पहुंचे केंद्रीय मंत्री बीएल वर्मा भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह सहित सभी अतिथिओ का पूर्व सभासद नगर पंचायत पूजा बड़गोती ने हल्दी का टीका लगाकर स्वागत किया सर्व प्रथम उन्होंने फीता काटकर मेला महोत्सव के दंगल का शुभारंभ किया दंगल में पहुंचने विशिष्ट अतिथि परमजीत सिंह पैरी ग्राम प्रधान सूरजपुर ने दंगल कमेटी को 11000 रूपये दिया तथा खिलाड़ियों को 500-500सौ रूपये देकर पुरस्कृत किया खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए खिलाड़ियों को आशीर्वाद अनुभव दिया फीता काटकर दंगल का शुभारंभ किया इस मौके पर निशांत प्रताप सिंह ने सभी का स्वागत किया इस मौके पर दिग्विजय सिंह महामंत्री देशराज भारती, गुरपाल सिंह, महेंद्र गंगवार, मानसिंह राठौर, राजीव प्रताप सिंह, अरुण कुमार सिंह, विकास अग्रवाल, हरीश आदि दर्शक उपस्थित रहे।

# किशोरी को बहला फुसलाकर भगाया

**जन एक्सप्रेस । बीसलपुर**

नाबालिग किशोरी को पड़ोसी गांव का एक युवक बहला फुसलाकर भगा ले गया पीड़ित पिता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि उसकी 17 वर्षीय नाबालिग बेटी अपने मकान में सो रही थी उसी समय थाना बीसलपुर के गांव सिसैया जलालपुर निवासी विनोद कुमार पुत्र राजेन्द्र बहला फुसलाकर भगा ले गया है पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की पुलिस ने तहरीर के आधार पर विनोद कुमार निवासी ग्राम सिसैया जलालपुर थाना बीसलपुर के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

# बस में सवार छात्रों पर फायरिंग, दो छात्र घायल



**जन एक्सप्रेस । मेरठ**

मेरठ में दिल्ली रोड स्थित मेट्रो प्लाजा के सामने फैज-ए-आम इंटर कॉलेज के छात्रों में चलती बस में विवाद हो गया। सरेआम युवकों ने बस में ही छात्र को गोली मार दी। साथी शादाब को बचाने के चक्कर में 12 वीं के छात्र खुर्शीद के हाथ और दूसरे 12वीं के छात्र कासिम की जांघ में गोली लग गई। दोनों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी ली। पुलिस छात्रों से पूछताछ कर रही है।

जानकारी के मुताबिक दिल्ली रोड स्थित फैज-ए-आम इंटर कॉलेज में पढ़ने वाले 12 वीं छात्र शादाब का दसवीं के छात्र उमर ने बीते गुरुवार को क्लास में थूक दिया था। इस बात को लेकर दोनों छात्रों में कहा- सुनी हो गई थी। दोनों पक्षों ने एक दूसरे को देख लेने की धमकी दी थी। शनिवार को भी इस बात को लेकर कहासुनी हुई थी। रविवार को शादाब अपने साथी कासिम और खुर्शीद के सिवाल खास अपने घर जा रहा था। इसी बीच उमर के साथी ब्रहमपुरी थाना क्षेत्र में मेट्रो प्लाजा के पास पहुंच गए तो दोनों पक्षों में विवाद हो गया।

आरोप है कि उमर के साथ वाले युवक ने चलती बस में ही शादाब पर गोली चला दी। शादाब के साथी कासिम निवासी सिवालखास ने तमंचे को छीनने का प्रयास किया तो गोली उसके हाथ को हाथ छूते हुए खुर्शीद की जांघ में लग गई।

लोगों की सूचना पर ब्रह्मपुरी पुलिस मौके पर पहुंची। कासिम और खुर्शीद को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। लिसाड़ीगेट निवासी उमर से भी पुलिस पूछताछ कर रही है। उधर, एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह का कहना है कि थाना प्रभारी को जांच कर कार्रवाई करने के आदेश दिए गए हैं।

# सई तट पर गूंजेंगे वेदमंत्र, रुद्र महायज्ञ निकली जल कलश यात्रा



**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**

जफराबाद। सिरकोनी ब्लाक क्षेत्र के नरईबीर धाम में देवरिया कुटी नियार आश्रम वाराणसी के परमसंत श्री त्रिभुवन दास जी महराज के सानिध्य में नरईबीर धाम परिसर में रुद्र महायज्ञ का आयोजन किया गया है। इसके निमित्त रविवार को यज्ञ स्थल से भव्य जलकलश यात्रा निकाली गई। इस पंचकुंडात्मक महायज्ञ के यज्ञाचार्य काशी से पधारे विद्वान आचार्य श्री शंकर शास्त्री जी हैं। महायज्ञ के निमित्त मंदिर परिसर में बनाया गया भव्य यज्ञ मंडप श्रद्धालुओं की आस्था व आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। श्री त्रिभुवन दास जी महराज ने बताया कि जनसहयोग से जनकल्याण के लिए यह अनुष्ठान किया जा रहा है। रविवार को ही यजमानों का मंडप प्रवेश होगा। सोमवार को अरणि मंथन व पूजन- हवन के बाद शाम को प्रतिदिन सात से दस बजे तक रामकथा शुरू हो जाएगी। इसमें मानस कोविद डा. मदन मोहन मिश्र, अमरनाथ त्रिपाठी, सुधा पांडेय का प्रवचन होगा। महायज्ञ के आयोजन में डा. राजेश पांडेय, योगेश श्रीवास्तव, डा. अजय सिंह, नंदलाल यादव, ओमप्रकाश सिंह, प्रधान आदित्य नारायण सिंह, शेषमणि, संतोष सिंह भोले, सेचन सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोगों की सक्रिय भूमिका है

### हाथी घोड़े के बीच निकली कलश यात्रा

कलश यात्रा में बड़ी संख्या में शामिल पीत वस्त्रधारी महिलाएं आकर्षण का केंद्र बनी रहीं। हाथी-घोड़े गाजे-बाजे के साथ लोग उत्साह पूर्वक जयकारा लगाते चल रहे थे। यात्रा नरईबीर धाम से निकलकर गोपीपुर, धनेजा,राजेपुर, तहरपुर, कजगांव होते हुए वापस सई नदी तट पर पहुंची। यहां से विधि विधान से पूजन अर्चन के बाद कलश में जल लिया गया।

# मोहल्ला बमनपुरी में दो घरों में हुई लाखों रुपए की चोरी

**जन एक्सप्रेस । पूरनपुर**

जनपद की तहसील पूरनपुर नगर के मोहल्ला बमनपुरी के रहने वाले प्रधानाचार्य राजीव वर्मा पुत्र सत्य प्रकाश वर्मा ने रविवार को 1:30 पर बताया कि देररात चोरों ने घर में घुसकर अलमारी से एक किलो चांदी,तीन सोने के हार, एक अंगूठी,एक जोड़ी कुंडल और 50 से 60 हजार रुपए नगद व किराने की दुकान से सामान और पाँच हजार रुपए चोरी कर ले गए। वही मोहल्ले के मुखर कोहली के घर से पाँच हजार रुपए एक नथ, मोबाइल और साड़ी चोरी कर ली। दोनों घरों में चोर छत से घर में घुसे थे। जानकारी लगने पर देररात डायल 112 पुलिस को सूचना दी गई। बताया जा रहा है कि पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लिया जिनके पास से चाँदी बरामद हुई हैं। फिलहाल मामले में कोतवाली पुलिस से शिकायत की गई है।

# कोतवाली शौचालय में अधेड़ के फांसी लगाने के मामले में फिर घिरे पुलिस व प्रशासन

- मृतक की इकलौती पुत्री ने नहीं देखा पिता का चेहरा
- मृतक का जबरन कराया रामघाट पर अंतिम संस्कार

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**



जिलाधिकारी ने दिया पांच लाख रुपए नगद। ग्राम प्रधान राम प्रकाश यादव ने बताया कि शनिवार को ही जिलाधिकारी डा दिनेश चंद्र ने पांच लाख रुपए नगद दिया है। उक्त रकम अभी मेरे पास ही है। शनिवार को पोस्टमार्टम आदि प्रक्रिया में रात होने व रविवार बैंक बंद रहने के कारण सोमवार को मृतक राजगीर मिस्त्री मटरु की पत्नी झिनका के खाते में जमा कर दिया जायेगा। कहा कि डीएम ने और सरकारी मदद का भरोसा दिया है। वहीं बेटी की शादी व परिवार चलाने में मदद करते रहने का आश्वासन दिया।

शाहगंज। राजगीर मिस्त्री आत्महत्या कांड में पुलिस प्रशासन एक बार फिर परिजनों व ग्रामीणों के निशाने पर है। मृतक की पत्नी झिनका देवी व पुत्री पूजा ने फिर से पुलिस पर हत्या का आरोप लगाया है। कहां लाख बार कहने के बाद भी शव को घर नहीं लाने दिया गया। आनन-फानन में दबाव बना रामघाट पर दाह संस्कार कर देने की बात कही। इकलौती संतान पुत्री पूजा को अंतिम समय में पिता का चेहरा तक नहीं दिखाया गया। जिसका उसे बेहद मलाल है। पूजा का कहना है कि पुलिस अंतिम समय तक शव घर आने की बात करती रही। जब पता चला कि वहीं अंतिम संस्कार होगा तब भागे भागे रामघाट पहुंची। लेकिन पहुंचने से पहले ही शव का अंतिम संस्कार चालू कर दिया गया था।वहीं पत्नी ने कहा अंतिम समय में भी मेरे पति घर की चौखट पर नहीं आयें न ही लोगों ने कंधा दिया। यह कह बिलख बिलख रो रही है। वहीं उसे अपने बेटी का विवाह एवं जीवन कैसे कटेगा चिंता सता रही है। घर में कोई पुरुष सदस्य न होने से चिंता वाजिब है। वहीं ग्रामीण महिलाएं पुरुष सांत्वना देने पहुंच रहे हैं। फिलहाल किसी भी पार्टी का कोई नेता व जनप्रतिनिधि सांत्वना देने नहीं पहुंचा है। वहीं गांव में आधा दर्जन पुलिसकर्मी लगायें गये है।

# नाले के खुले मैनहोल में गिरने से गई जान

**जन एक्सप्रेस । मेरठ**

मेरठ के जानीखुर्द नगर पंचायत सिवाल खास की लापरवाही ने शनिवार देर रात एक दो साल के बच्चे की जान ले ली। सिवाल खास में घर के पास खेल रहा एक दो साल का बच्चा नाले के खुले मैनहोल में गिर पड़ा। बालक की नाले में डूबने से मौत हो गई। बालक की मौत से परिवार को मातम छा गया। कस्बा सिवाल खास निवासी फिरोज खान मार्बल का काम करता है। फिरोज का दो साल का पुत्र डेनियल शनिवार शाम सात बजे के करीब घर के बहार खेलते रहा था। इस दौरान डेनियल खेलते हुए अचानक लापता हो गया। इस पर उसकी तलाश शुरू की गई। उसके गुम होने की सूचना कस्बे में लाउडस्पीकर से रात में की गई। लेकिन इसके बाद भी उसका कुछ पता नहीं चल पाया। रात करीब ग्यारह बजे के करीब तलाश के दौरान डेनियल का शव घर के बहार से गुजर रहे नाले से बरामद हुआ। डेनियल का शव बरामद होते ही परिवार में मातम छा गया। गमगीन माहौल में डेनियल का शव का सुपुर्द-ए-खाक किया गया। फिरोज खान के तीन संतानो में डेनियल दूसरे नंबर का था।

उसके बड़ी बहन चार साल और एक एक साल का छोटा भाई है। वहीं नाले में गिर कर डेनियल की मौत की घटना को लेकर ग्रामीणों में भारी रोष है। ग्रामीणों के अनुसार अगर नाले का मैनहोल बंद होता तो नाले में गिरकर डेनियल की मौत नहीं होती।

# मटरू बिंद की हिरासत में मौत मानवाधिकार आयोग ने दर्ज की शिकायत

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**



शाहगंज कोतवाली में हिरासत में हुई मटरू बिंद की मौत का मामला अब राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग तक पहुंच चुका है। इलाहाबाद हाईकोर्ट के अधिवक्ता डॉ. गजेंद्र सिंह यादव द्वारा की गई पैरवी के बाद आयोग ने इस मामले को संज्ञान में लिया और जांच के आदेश दिए हैं। आयोग द्वारा 17398/ढ्ह/2024 डायरी संख्या के तहत इस शिकायत को दर्ज किया गया है, जो पुलिस हिरासत में हुई मौतों से जुड़े मामलों में न्याय दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

गौरतलब है कि मटरू बिंद की मौत को लेकर घटना के बाद से ही परिजन पुलिस पर हत्या का आरोप लगा रहे है। जबकि पुलिस इसे आत्महत्या बताने पर जोर दे रही थी। अधिवक्ता गजेंद्र सिंह यादव ने इस मामले में स्पष्ट रूप से कहा कि पुलिस की शुरूआती जांच में जो लापरवाही और तथ्यों को छिपाने की कोशिश की गई, वह संदेह को और गहरा करती है। इस घटना में मृतक के परिजनों का कहना है कि पुलिस ने मटरू बिंद को जानबूझकर प्रताड़ित किया,

जिसके परिणामस्वरूप उसकी मौत हुई।

मानवाधिकार आयोग द्वारा दर्ज की गई यह शिकायत इस बात की पुष्टि करती है कि अब इस मामले में सिर्फ पुलिस के दावे के आधार पर न्याय नहीं होगा, बल्कि एक निष्पक्ष जांच की उम्मीद की जा रही है। अधिवक्ता गजेंद्र सिंह यादव ने आयोग से मांग की है कि इस मामले में शामिल पुलिसकर्मियों की भूमिका की गहराई से जांच की जाए, ताकि मटरू बिंद के परिवार को न्याय मिल सके।

यह घटना एक बार फिर पुलिस हिरासत में होने वाली मौतों के मामलों पर सवाल उठाती है और मानवाधिकार आयोग का इस पर संज्ञान लेना दर्शाता है कि अब इस तरह की घटनाओं को हल्के में नहीं लिया जाएगा।

अब देखना यह होगा कि क्या पुलिस की जिम्मेदारी तय होती है, या फिर यह मामला भी अन्य मामलों की तरह फाइलों में दबा दिया जाएगा।

# अकरम जौनपुरी का सम्मान महफ़िलें तो सजीं, पर उनकी शायरी अब भी किताब से महरूम

**जन एक्सप्रेस । जौनपुर**




शायरी की दुनिया में ऐसे मौक़े कम आते हैं जब किसी शायर को उसके काम के लिए एक से ज़्यादा महफ़िलों में सिर-आँखों पर बिठाया जाता है। अकरम जौनपुरी ऐसे ही शायर हैं, जिनके कलाम ने आल यूपी तरही नज़्मख्वानी के तहत प्रदेश भर में वाहवाही बटोरी और कई मंचों पर पहले और दूसरे इनाम से नवाज़ा गया। अकरम जौनपुरी के कलाम ने उन महफ़िलों में सिर चढ़कर बोला, जहां उनका हर लफ़्ज़ दिलों पर दस्तक देता रहा।

इसी सम्मान के सिलसिले को आगे बढ़ाते हुए, अंजुमन रजाए मुस्तफा मीरमस्त ने रविवार को अहाता नवाब यूसुफ स्थित मदरसा हानफिया के हॉल में एक खास कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में अकरम जौनपुरी को न केवल गुलपोशी और शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया, बल्कि उनकी शख्सियत और अदबी योगदान पर गहन चर्चा भी हुई। हर कोई मानो इस बात पर सहमत था कि अकरम साहब का कलाम सिर्फ शब्दों का खेल नहीं है, बल्कि वह समाज और इंसानियत के लिए एक आईना है।

वक्ताओं में एडवोकेट मेहदी रज़ा ने विशेष रूप से अकरम जौनपुरी को साहिबे दीवान बनाने की सिफारिश की। उनके मुताबिक, यह हम सबकी जिम्मेदारी है कि अकरम साहब के कलाम को किताब की शक्ल दी जाए ताकि उनकी शायरी की रौशनी आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचे। इस मौके पर उपस्थित अन्य अंजुमन के नुमाइंदों ने भी अकरम के लिखे कलाम को पढ़कर समां बांध दिया। कार्यक्रम में मुस्तइम जौनपुरी, अहमद हफीज जौनपुरी, सजर जौनपुरी, हाफिज हसीन, मौलाना कयामुद्दीन, हसीन बबलू, शकील मंसूरी, अशफाक मंसूरी जैसे अदब के दीवानों ने अपनी मौजूदगी से महफ़िल की रौनक बढ़ाई। संचालन की जिम्मेदारी अजवात कासमी ने बखूबी निभाई। यह एक ऐसा लम्हा था जहां शायरी, इज़्ज़त और इंसानियत का संगम देखने को मिला।

### हंगामा कर जाम लगाने वाले 700 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस । मुजफ्फरनगर**। उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में धार्मिक टिप्पणी को लेकर शनिवार देर रात हुए हंगामे के बाद पुलिस ने सख्ती करते हुए 700 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार भी किया है। सोशल मीडिया पर की गई धार्मिक टिप्पणी से मुजफ्फरनगर के बुढ़ाना में नाराज मुस्लिम समाज के सैकड़ों लोग शनिवार देर रात सड़क पर उतर आए। मुख्य मार्ग पर जाम लगा दिया। लोगों का कहना था कि आरोपी को गिरफ्तार किया जाना चाहिए। सीओ गजेंद्र पाल सिंह ने बताया कि आरोपी गिरफ्तार कर लिया गया है। धार्मिक टिप्पणी को लेकर विरोध जताते हुए सैकड़ों लोगों ने शनिवार रात हंगामा कर जाम लगाया था। इस मामले में 700 लोगों के खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन व अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। इस घटना के मामले में पुलिस ने तीन मुकदमे दर्ज किए हैं। बुढ़ाना में सोशल मीडिया पर एक समुदाय के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट शेयर करने व झूठी अफवाह फैलाने के मामले में पुलिस ने सख्ती बरती है। एसएसपी अभिषेक सिंह ने रविवार दोपहर बुढ़ाना कोतवाली पहुंच कर गणमान्य लोगों की बैठक ली। उनसे शांति बनाए रखने की अपील की एसएसपी ने कहा कि जिस व्यक्ति ने पोस्ट शेयर की थी।

# फसलों में उर्वरक का प्रयोग संतुलित मात्रा में करें: डीएम

**जन एक्सप्रेस । कन्नौज**




जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने विकास खण्ड उमर्दा क्षेत्र के अन्तर्गत साधन सहकारी समिति खामा का किया औचक निरीक्षण । इस मौके पर उन्होंने कृषकों को एन0पी0के0 उर्वरक के वितरण की जॉच की तथा समिति के सचिव को निर्देश दिये कि कृषकों को उनकी जोत के अनुसार ही उर्वरकों का वितरण किया जाये। कहा कि प्रतिदिन जनपद की सहकारी समितियों से उर्वरक वितरण की सूचना उपलब्ध करायी जाये। उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारी/कर्मचारी की उपस्थित/देख-रेख में उर्वरकों का वितरण कराया जा रहा है । जनपद के अन्य अधिकारियों द्वारा भी लगातार उर्वरक वितरण की निगरानी की जा रही है। कहा कि वर्तमान में जनपद में लगभग 35-40 प्रतिशत क्षेत्रफल में आलू की गडाई हो चुकी है। उर्वरकों का संतुलित मात्रा में ही उपयोग किया जाये, जिससे आलू की फसल को आवश्यक पोषक तत्व प्राप्त हो सके तथा उर्वरकों के असंतुलित मात्रा में प्रयोग से होने वाले मृदा, वायु एवं जल प्रदूषण के साथ लागत को भी कम किया जा सके।

श्री शुक्ल ने कहा कि आज जनपद के खुदरा बिक्रेताओ के पास 1603 मी0टन डी0ए0पी0, 5310 मी0टन एन0पी0के0, 4760 मी0टन एस0एस0पी0 13096 मी0टन यूरिया और 2358 मी0टन एम0ओ0पी0 की उपलब्धता है। जनपद में लगभग 253 निजी एवं सहकारी उर्वरक बिक्री केन्द्रों पर डी0ए0पी0 एवं 610 केन्द्रों पर एन0पी0के0, एस0एस0पी0 एवं एम0ओ0पी0 उपलब्ध है। किसान भाई अपने नजदीकी साधन सहकारी समिति एवं निजी उर्वरक बिक्री केन्द्र से आवश्यकतानुसार उर्वरकों का क्रय कर सकते है। जनपद में 1 अक्टूबर से अब तक 4186 मी0टन डी0ए0पी0, 10767.32 मी0टन एन0पी0के0 3300.95 मी0टन एस0एस0पी0 का वितरण हुआ है, तथा दिनांक 19.10.2024 को 396.32 मी0टन डी0ए0पी0 एवं 539.82 मी0टन एन0पी0के0 का वितरण कृषकों को किया गया। उन्होंने कृषक भाइयों को सलाह दी है कि आलू की फसल में डी0ए0पी0 के स्थान पर एन0पी0के0, एन0पी0एस0 एवं एस0एस0पी0 (सुपर) का प्रयोग करना चाहिए। एन0पी0के0 में नाइट्रोजन, फास्फोरस एवं पोटाश तीनों पोषक तत्व पाये जाते है तथा एन0पी0एस0 में 13 प्रतिशत सल्फर की मात्रा भी पायी जाती है, जिससे आलू में चमक एवं बजन के साथ-साथ गुणवत्ता भी बढती है।

उन्होंने कृषक भाइयों से अपील है कि फसलों में उर्वरक का प्रयोग संतुलित मात्रा में करें और अपनी जोत और फसल की आवश्यकतानुसार ही उर्वरक का क्रय करें। कहा है कि जनपद में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक की उपलब्धता है, इसलिए किसान भाई अनावश्यक भंडारण बचे द्य यदि किसी भी किसान भाई को कोई भी समस्या हो तो जिला कृषि अधिकारी, कन्नौज के कार्यालय में स्थापित कन्ट्रोल रूम के दूरभाष नं0 8272893015 एवं 933567380 पर या लिखित रूप में अपनी शिकायत दर्ज करा सकते है। उन्होंने जनपद के समस्त सहकारी एवं निजी क्षेत्र के उर्वरक बिक्रेताओं को निर्देशित किया है, कि कृषकों को उनकी जोत एवं फसल की संस्तुति के आधार पर ही उर्वरक का वितरण करे। यदि उर्वरक के भण्डारण एवं वितरण में किसी भी प्रकार की अनियमितता पायी जायेगी, तो सम्बन्धित के विरूद्ध उर्वरक (कार्वनिक, अकार्वनिक या मिश्रित)(नियंत्रण), आदेश 1985 व उर्वरक (संचलन), आदेश-1973 तथा आवश्यक वस्तु अधिनियम-1955 के तहत कठोर कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

इसी कड़ी में जिला कृषि अधिकारी एवं सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक सहकारिता द्वारा साधन सहकारी समिति अगौस, इन्दरगढ, एवं तिर्वा समिति का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये।

# स्मारक तैयार होते ही होगा अंतरराष्ट्रीय रोमा सम्मेलन : असीम

**जन एक्सप्रेस । कन्नौज**



प्रदेश के समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरूण ने कहा कि रोमा समुदाय का कन्नौज से बहुत गहरा जुड़ाव रहा है। दुनिया भर में रहने वाले रोमा समुदाय के लोगों से ऐसा ऐतिहासिक रूप से स्पष्ट है कि एक हजार साल पहले कन्नौज से बहुत से हमारे पूर्वज पूरी दुनिया में गये, वहां जाकर नाम कमाया। कई बार उनका जीवन बहुत कष्टप्रद रहा। हिटलर ने उनके ऊपर बहुत सारे अत्याचार किये। यह सब को याद करने के लिये प्रधानमंत्री मोदी की इच्छा थी कि एक स्मारक बनाया जाये।

श्री अरूण ने कहा कि हमारा सौभाग्य है कि कन्नौज को आदरणीय मोदी ने यह स्मारक गिफ्ट के रूप में दिया है। यहां पर स्मरण के लिये एक चक्र के रूप में केन्द्रीय स्मारक बन रहा है, जो हमारा म्युजियम है वहां पर एक विशेष रोमा दीर्घा बनायी जायेगी। रोमा की विशेष फिल्म चलाने की व्यवस्था भी की जायेगी। इसके साथ-साथ ठीक बगल में लगभग 500 लोगों के बैठने के लिये मुक्ताकाशी मंच बनाया जा रहा है। जिसमें एक मंच है और लोगों के बैठने के लिये सीढ़ीदार व्यवस्था है। सेमी कर्वड भी है, यहां पर अलग-अलग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का एक मंच बन जायेगा, जिसके लिये आसानी से कार्यक्रम हो सकेगें। यह लगभग 2 माह में बनकर तैयार होगा। और हम लोग आशा करते है कि जल्द ही एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन करेगें।

दुनिया से रोमा समुदाय के लोगों को आमंत्रित करेगें। जो नही आ पायेगे, उन्हें आनलाइन जोड़ेगे, और पूरी दुनिया में रोमा समुदाय के लिये यह पहला स्मारक होगा।

यह कन्नौज के मूल निवासी यानि रोमा और कन्नौज के वर्तमान निवासी हम और आप दोनो के लिये यह बहुत ही अच्छा लिंक बनेगा,

एक जोड़ बनेगा उसको हम लोग तैयार कर रहे है।

# नन्हे वैज्ञानिको ने दिखाई प्रतिभा, जीते पुरुस्कार



**जन एक्सप्रेस । कन्नौज**

भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा आयोजित राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अन्तर्गत जनपद स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन आर के पैलेस बेहरिन में किया गया। जनपद स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में प्रत्येक विकासखण्ड से चयनित 5 छात्र छात्राओं सहित कुल 45 छात्र- छात्राओं ने प्रतिभाग किया साथ ही कुल 45 छात्र-छात्राओं ने क्विज प्रतियोगिता मे प्रतिभाग किया।

विज्ञान क्विज प्रतियोगिता मे दो चरण में छिबरामऊ टीम विजेता घोषित हुईद्य

क्विज प्रतियोगिता में विजेता छात्र-छात्राओं को जिला विद्यालय निरीक्षक डा. पूरन सिंह एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सन्दीप कुमार द्वारा विज्ञान किट, मोमेंटो एवं प्रमाण पत्र, बैग , स्टेशनरी किट, बुक प्रदान कर सम्मानित किया गया।

जनपद स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में निर्णायक मण्डल में राजेश वर्मा, प्रवक्ता, डायट छिबरामऊ, सर्वेश कुमार, सहायक अध्यापक, राजकीय हाईस्कूल बैसावारी अनुज कुमार, प्रवक्ता डायट, छिबरामऊ , संदीप शर्मा, प्रवक्ता, दीनदयाल उपाध्याय राजकीय माडल इंटर कालेज फतेहपुर जसोदा उपस्थित रहे।

प्रतियोगिता में प्रथम स्थान युवराज, उच्च प्राथमिक विद्यालय हरिजनपुर्वा उमर्दा, द्वितीय स्थान हैपी सिंह, कक्षा-8, कम्पोजिट विद्यालय सिकन्दरपुर, तृतीय स्थान परिणिता कक्षा-8 उ0प्रा0वि0 सराय बारामऊ, गुगरापुर, चतुर्थ स्थान सुनैना, कक्षा-7 उच्च प्रा0 वि0 भदौसी, उमर्दा तथा पंचम स्थान -शिखा कक्षा-8 कम्पो0 वि0 कुसुमखोर, गुगरापुर ने प्राप्त किया।

उपरोक्त पांचों विद्यार्थियों को टैबलेट, प्रमाण पत्र, मोमेंटो, बैग स्टेशनरी किट, बुक प्रदान कर सम्मानित किया गया। सभी प्रतिभागी छात्र- छात्राओं को बैग, स्टेशनरी किट, बुक एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

खंड शिक्षा अधिकारी हसेरन संजय कुमार, तालग्राम रमेश चंद्र चौधरी, उमर्दा विश्वनाथ पाठक, कन्नौज विपिन कुमार, छिबरामऊ आनंद द्विवेदी, जिला समन्वयक प्रशिक्षण गौरव दीक्षित, एस आर जी अमित कुमार मिश्रा, संजीव कटियार, विकास कुमारी दीक्षित,जनपद नोडल आशुतोष दुबे, ब्लाक नोडल शशिकांत शुक्ला, आशीष कुमार मिश्र उपस्थित रहे।

# जेब में रखे पटाखे एक साथ दगे, युवक की मौत

**जन एक्सप्रेस । कन्नौज**

एक साथ कई हथगोले दागे जाने से युवक की मौत हो गई। उसका आधे से अधिक शरीर जलकर काला पड़ गया और एक हाथ भी टूट गया। युवक के परिजनों ने उसके दोस्तों पर पटाखों से हमला कर हत्या कर देने के आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है।

घटना सदर कोतवाली क्षेत्र के सफदरगंज मोहल्ले की है। यहां का रहने वाला मोनू बीती शाम अपने साथियों के साथ घूम रहा था। अचानक उसके परिजनों को सूचना मिली कि एक साथ कई हथगोले (दैमार) छूटने से मोनू गम्भीर रूप से घायल हो गया। आनन-फानन में परिजन घटनास्थल पर पहुंचे, जहां से उसे जिला अस्पताल ले गए।

यहां डॉक्टरों ने देखते ही मोनू को मृत घोषित कर दिया। इस मामले को लेकर मोनू के परिजनों में उसके दोस्तों पर पटाखों से हमला कर हत्या कर देने के आरोप लगा दिए। जिसके बाद से पुलिस उसके दोस्तों को पकड़ने के प्रयास में जुट गई। उधर जिला अस्पताल के डॉक्टर ज्ञानेंद्र ने बताया कि रात में कुछ लोग एक युवक को इलाज के लिए लेकर आए थे, लेकिन अस्पताल लाने से पहले ही उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

घटना को लेकर मोहल्लेवासियों ने बताया- युवक की जेब में हथगोले (दैमार पटाखे) रखे हुए थे, जोकि वह खरीदकर घर ले जा रहा था। अचानक से पैर गड्ढे में पड़ने से वह सड़क पर गिर गया। जिससे जेब में रखे सभी हथगोले अचानक से दग गए। इन हथगोलों की बारूद से वह बुरी तरह जल गया। सड़क पर गिरने के कारण ही मोनू का एक हाथ भी टूट गया। फिलहाल पुलिस इस पूरे प्रकरण की जांच कर रही है।

# हाईस्कूल बिलगौव नवीन में करियर मेले का आयोजन किया गया




**जन एक्सप्रेस । रवीन्द्र कुमार भारतवंशी**

सरीला तहसील के राजकीय हाईस्कूल बिलगौव नवीन में कैरियर गाइडेंस प्रोग्राम फॉर गर्ल्स के अन्तर्गत कैरियर मेले का आयोजन किया गया 7 कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन, मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में पधारे श्री असद खाँन जिला श्रम प्रवर्तन अधिकारी हमीरपुर ने अपने उद्बोधन में कहा कि कैरियर केवल नोकरी को ही न समझे अन्य विकल्पों को भी आप अच्छे केरियर के रूप में चुन सकते है, जैसे अन्य विकल्प स्टार्टअप व्यवसाय, खेल, तकनीकि कृषि हो सकते है। विशिष्ट अतिथि श्री राजीव सिंह ने छात्रों से कहाँ कि कैरियर चयन का अंकुरण कक्षा 9 से 12 तक में ही उग जाता है कैरियर चयन में हमेशा अपनी रुचि एवं घर की परिः स्थिति को देखकर ही चयन करे। कैरियर गाइडेंस के नोडल शिक्षक श्री अरुण कुमार जी ने पंख पोर्टल एवंस्विफ्ट चैट के बारे में छात्र/छात्राओं को विस्तार से बताया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डा0 योगेश ज्ञानी ने बताया कि कैरियर चुनने के लिए दृढ़ इच्छा का होनों अतिआवश्यक है। कार्यक्रम में चाइल्ड लाइन हमीरपुर से पधारी दीक्षा सिंह ने भी अपने विचार प्रकट किये। उक्त मेले में ग्रामवासियों/अभिभावकों को भी आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम में गाँव के पूर्व प्रधान श्री हरिगोविन्द खुराना, अरविन्द दीक्षित आदि ग्रामवासी उपस्थिति रहे, स्वअल्पा हार में विशेष सहयोग श्री धर्मेन्द्र कुमार स0अ0 का रहा।

# नाबालिग लड़की को गैर धर्म का युवक भगा ले गया, मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो**



बिल्हौर थाना क्षेत्र के एक गांव से नाबालिक लड़की को गैर धर्म का युवक भगा ले जाने पर पुलिस ने प्रार्थना पत्र के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर तलाश शुरू की वहीं पर कई संगठनों ने इस मामले को आशंका जताते हुए गहरी नाराजगी व्यक्ति की है वहीं पर गांव के लोगों ने बताया कि नाबालिक बेटी थी उसको किसी तरह का कोई ज्ञान नहीं था गैर धर्म का युवक उसको भगा ले गया है उसके बाद से मोबाइल नंबर भी स्विच ऑफ है मां और परिवारी जनों का रो-रो कर बुरा हाल है मां ने पुलिस को एक युवक के नाम प्रार्थनापत्र देकर नाबालिक बच्ची को सकुशल बरामद करने की गुहार लगाई। पुलिस को बताया कि मैंने कभी सोचा भी नहीं था की बेटी इस तरह से भगा ले जाएगा। बिल्हौर कोतवाली प्रभारी अशोक कुमार सरोज ने बताया प्रार्थना पत्र मिलते ही मुकदमा पंजीकृत कर मोबाइल लोकेशन और टीम को लगा दिया गया है जल्द बरामदगी होगी।

# बिल्हौर के त्रिवेणीगंज में किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर लटकी मिली

**जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो**

बिल्हौर कस्बे के त्रिवेणीगंज मोहल्ले में दंपति कन्नौज कार्यक्रम मैं गया हुआ था देर रात जब घर लौट कर आया ताला खोला तो घर के अंदर बेटी फांसी के फंदे से लटक रही थी पुलिस को सूचना दी मौके पर पुलिस ने पहुंचकर उच्च अधिकारियों को अवगत करा फॉरेंसिक टीम बुलाकर जांच कर कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

त्रिवेणीगंज निवासी मनोज कुमार कटियार पुत्र स्व दयाशंकर निवासी मूल निवासी गोहलियापुर पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया शनिवार शाम लगभग 5.30 शाम बजे अपनी पत्नी सीमा के साथ कन्नौज में बच्चे तृप्ति एवम् अर्थव के साथ स्कूल के प्रोग्राम में गया था। वापस आकर देखा था उनकी लड़की आयुषी उम्र लगभग 17 वर्ष जो गैलरी की छत से लटक रही है

उन्होंने हत्या की आशंका व्यक्त की शव को फांसी पर लटकाए जाने की फॉरेंसिक टीम से जांच कराए जाने की मांग की जिस पर पुलिस ने फोरेंसिक टीम को बुलाकर घटना को फॉरेंसिक टीम द्वारा जांच कराने के उपरांत शव का पंचायत नामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए कानपुर भिजवा दिया

बिल्हौर कोतवाली प्रभारी अशोक कुमार सरोज ने बताया शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

# वैवाहिक वादों में मुकदमा कर नहीं मिलता मनचाहा निदान

**जन एक्सप्रेस । कन्नौज**



राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार तहसील सदर के सभागार एव तहसील छिबरामऊ के सभागार एवं नगरपालिका में वैवाहिक विवादों में प्रिलिटिगेशन स्तर पर उसका निवारण किए जाने तथा उपभोक्ताओं के अधिकार के संबंध में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन अपर जिला एव सत्र न्यायाधीश / सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण लवली जायसवाल की देख रेख में किया गया। वैवाहिक विवादों में प्री-लिटिगेशन स्तर पर समाधान किये जाने एवं राष्ट्रीय लोक अदालत 14 दिसम्बर में अधिकाधिक वैवाहिक विवादों को सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारित कराने के लिये प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय विनोद जायसवाल से विचार-विमर्श किया गया। पराविधिक स्वयं सेवक सीमा बानो, मोसमीन बानो, द्वारा तहसील छिबरामऊ में नगरपालिका तथा पराविधिक स्वयं सेवक अनेश द्वारा तहसील सदर के सभागार में वैवाहिक विवादों में प्री-लिटिगेशन स्तर पर निवारण किये जाने के विषय पर प्रकाश डालते हुये उपस्थित जनमानस को बताया गया कि जो भी पक्षकार अपने पारिवारिक / वैवाहिक झगडो का निपटारा बाद करने से पूर्व करवाना चाहते है तो यह प्री-लिटिगेशन स्तर पर प्रार्थनापत्र प्रस्तुत कर अपना विवाद आपसी सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित करा सकते हैं. प्री-लिटिगेशन के कार पर निस्तारित बाद न्यायालय की डिकी के समान होता है एवं उन्हें यह भी बताया कि गरीब एवं निसहाय लोगो को प्राधिकरण की ओर से निशुल्क सरकारी वकील की सुविधा भी उपलब्ध करायी जाती है। पति पत्नी के मध्य विभिन्न कारणों से उत्पन्न हुये वैवाहिक विवाद का समाधान प्री-लिटिगेशन के माध्यम से एवं मध्यस्थता के माध्यम से कराया जाता है। तहसील छिबरामऊ के सभागार में पराविधिक स्वयं सेवक रिया द्वारा शिविर आयोजित कर उपभोगता के अधिकारों के विषय में उपभोक्ता सरंक्षण अधिनियम 1986 के अंतर्गत सुरक्षा का अधिकार, सूचना पाने का अधिकार, चयन का अधिकार, सुनवाई का अधिकार निवारण का अधिकार, उपभोक्ता शिक्षा का अधिकार के विषय पर विस्तार से जानकारी प्रदान की गयी तथा नालसा हैल्पलाईन नम्बर 15100 एवं नालसा ऐप डाउनलोड कर ऐप के लाभ के बारे में भी बताया गया एवं दिनांक 14 दिसम्बर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत का प्रचार प्रसार किया गया।

# औरौताहरपुर गांव में शौच के लिए गया युवक तालाब में डूबा

**जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो**

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के ककवन थाना क्षेत्र के औरोंताहारपुर गांव स्थित एक तालाब में एक युवक के डूब जाने से उसकी मौत हो गई घटना रविवार दोपहर 3ः00 बजे के आसपास की है जब औरौताहारपुर गांव निवासी जय सिंह पुत्र देवी दयाल उम्र 35 वर्ष शौच के लिए गांव के किनारे स्थित एक तालाब में उतरा था तभी पैर फिसल जाने के चलते वह तालाब के गहरे हिस्से में चला गया जहां पर डूब गया स्थानीय लोगों ने शोर शराबा मचाकर किसी तरह बचाने का प्रयास किया लेकिन दलदल अत्यधिक होने के चलते तालाब पर में कोई उतर न सका जिससे उसकी मौत हो गई हालांकि पुलिस प्रशासन को तुरंत सूचना दिए जाने के बाद मौके पर पहुंची ककवन थाना पुलिस टीम में तालाब सूखने के लिए फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर बुलाई दलदल के कारण गोताखोर ने भी तालाब में उतरने की हिम्मत नहीं जुटा पाई जिसके चलते युवक की मौत हो गई गांव का तमाम कूड़ा कचरा इस तालाब में डाला जाता था जिसके चलते दलदल युक्त तालाब में कुछ ही देरी में युवक की मौत हो गई बाद में तालाब का पानी कम होने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायत नामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा थाना प्रभारी अवनीश कुमार सिंह ने बताया कि मानसिक रूप से युवक बीमार भी था तथा अक्सर ही उसको मिर्गी का दौरा भी आ जाता था ऐसे में अनुमान यह भी है कि तालाब में उतरने के दौरान ही उसको दौरा आ गया

# यू विन पोर्टल पर फीडिंग न करने वाले बीपीएम की जायेगी नौकरी

**कागजी घोड़े दौड़ाने व कछुआ चाल जैसी प्रवृत्ति पर चलने वालों पर रखी जाएगी पैनी नजर: डीएम**

**जन एक्सप्रेस । कन्नौज**



जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में यूविन पोर्टल, संचारी रोग नियंत्रण एवं हर घर नल जल योजना से संबंधित बैठक संपन्न हुई।

जिलाधिकारी ने यू विन पोर्टल पर वैक्सीनेशन की फीडिंग कार्य में रुचि न लेने वाले बीपीएम को फटकार लगाते हुए कहा कि अब बहाना बनाना छोड़कर यू विन पोर्टल पर सभी जन्मे बच्चों की फीडिंग शतप्रतिशत की जाए और डिलीवरी प्वाइंट पर ही रजिस्ट्रेशन किया जाए। अभी तक जिन बच्चों का यू विन पोर्टल में फीडिंग का कार्य नहीं हुआ है अगली बैठक तक कार्य पूर्ण कर लिया जाए, नहीं तो नौकरी छोड़ने को तैयार रहे। अब लापरवाही करने वालों को किसी भी प्रकार से बख्शा नहीं जाएगा। कहा कि जब समय से पंजीकरण होगा तभी सही से ड्यू लिस्ट बनेगी। छिबरामऊ की ए एन एम सुरेंद्री दुबे द्वारा पोर्टल पर 33 लोगों को वैक्सीनेशन कर फीड किया गया, जिसकी जांचोपरांत पाया गया कि 19 लोगों ने सही बताया, 9 लोगों से संपर्क नहीं हुआ, किंतु 6 लोगो द्वारा वैक्सीनेशन न होने की बात कही गई, इसी प्रकार तालग्राम की एएनएम चित्रा देवी द्वारा 30 लोगों की वैक्सीनेशन फीडिंग में 3 लोगों द्वारा गलत बताया गया। डीएम ने कड़े निर्देश दिए कि भ्रामक व गलत फीडिंग करने वाले ऐसे लोगों पर यथाशीघ्र विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि यू विन पोर्टल में जो कमियां है उसे ठीक कराकर और बेहतर ढंग से संचालन किया जाए। यह डिजिटल प्लेटफॉर्म है इसमें वैक्सीनेशन की क्वालिटी बेहतर होगी। 17 बच्चों के डबल नाम हैं, उसे समय से ठीक कराया जाए। साथ ही 403 बच्चों को बीसीजी का टीका लगने के बाद भी पोर्टल में फीडिंग न होने पर तत्काल फीड किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि जहां वैक्सीनेशन का कार्य नहीं हुआ है, टीम द्वारा स्पेशल कैंप लगाकर वैक्सीनेशन कराया जाए। श्री शुक्ल ने निर्देश दिए कि सभी संबंधित अधिकारी समन्वय स्थापित कर संचारी रोग नियंत्रण में अपनी- अपनी महती भूमिका निभाएं। जो हॉट स्पॉट एरिया चयनित किए गए हैं वहां स्प्रे, फॉगिंग, साफ़ सफ़ाई कराने के साथ ही स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जाए। अभी तक क्या क्या कार्य हुए हैं, पूरा खाका तैयार कर उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि चिकित्सा प्योर साइंस है, इसे इच्छा शक्ति के साथ प्रयोग कर फिजिकली कार्य करें। प्रोटोकॉल के अनुसार ही दवा दी जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि सीडीपीओ और डीपीओ दस्तक अभियान के तहत माइक्रो प्लान बनाकर आंगनवाड़ी और आशाओं की ड्यूटी लगाई जाए। उन्होंने अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि फाइलों में कागजी घोड़े दौड़ाने के बजाय धरातल में कार्य करें और कछुआ चाल जैसी चलने वाली प्रवृत्ति को भी छोड़े, तेजी से कार्य करने की आदत डाले, प्रत्येक दशा में स्वास्थ्य सेवाएं अच्छी होनी चाहिए। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए की संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान से संबंधित कार्यक्रम कराएं जाएं, के साथ ही विद्यालयों में सुबह प्रेयर के समय संचारी रोगों से बचाव एवं स्वच्छता के विषय में भी जानकारी दी जाए। उन्होंने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए की सभी गौशालाओं का विजिट करें, साफ सफाई कराकर गंदगी हटावाई जाए और बीमार पशुओं के इलाज की व्यवस्था समय से सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि जनपद में 14265 वरिष्ठ नागरिकों के निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष 2201 लोगो के ही आयुष्मान कार्ड बन पाए हैं, शेष वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड तीव्र गति से बनाए जाएं। उन्होंने हर घर नल जल योजना के अंतर्गत निर्देश दिए कि जिन पानी टंकियों में विद्युत कनेक्शन की व्यवस्था नहीं है उसकी सूची उपलब्ध कराई जाए। जहां पानी की सप्लाई शुरू हो जाए, रोड रिपेयरिंग का कार्य शीघ्र किया जाए। शुद्ध पेयजल हेतु पानी की टेस्टिंग समय समय से की जाए। कहा कि जिन टंकी में पहुंच मार्ग नहीं है मनरेगा के तहत पहुंच मार्ग शीघ्र बना दिये जाएंगे। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला विकास अधिकारी सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# जनपद हमीरपुर में फर्जी पत्रकारों एवं हिस्ट्रीशीटर पत्रकारों द्वारा प्रतिनिधियों से मांगी जा रही रंगदारी

**जन एक्सप्रेस । हमीरपुर।** जनपद हमीरपुर में खनन कार्य शुरू होते ही फर्जी पत्रकारों की बाढ़ सी आ गई है पत्रिकारिता की आड़ में उक्त पत्रकार जिनके उपर आपराधिक मुक़दमे दर्ज है वो भी अवैध तरीके की वसूली करते नजर आ रहे है जिनमे कुछ पत्रकारों ने पत्रकारिता को मात्र उगाही एवं रंगदारी का धंधा बना लिया है। बता दे की वार्ड न0 15 के नवनिर्वाचित सभासद राजू गुप्ता द्वारा थाना सुमेरपुर में एवं ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से शिकायत दर्ज कराई है की हिमांशु गुप्ता एवं नंदकिशोर यादव नामक पत्रकारों द्वारा नगर निर्माण कार्यो में रंगदारी मागने का कार्य किया जा रहा है लगातार कई माह से उनके उपर दबाव बनाया जाता है कि यदि वो 5000-5000 रुपए के हिसाब से प्रत्येक माह 20000 रुपए पत्रकारों को नही देंगे तो फर्जी और भ्रामक ख़बर चला कर बदनाम कर दिया जायेगा जिसके चलते अगस्त माह में उनसे रंगदारी की मांग की गई थी परन्तु न देने पर नगर में सभासदों के माध्यम से नालबंध जुआ खिलाने का आरोप लगाते खबरे प्रकाशित हुई थी जिनको थाना सुमेरपुर ने खबरों को निराधार बताते खंडन किया था

# ममता बनर्जी की अपील के बाद भी जूनियर डॉक्टरों का अनशन जारी

■ भूख हड़ताल पर बैठे कई डॉक्टरों की हालत बिगड़ती जा रही है

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राज्य के स्वास्थ्य सचिव नारायण स्वरूप निगम को हटाने से साफ इनकार कर दिया है। साथ ही उन्होंने जूनियर डॉक्टरों से आमरण अनशन खत्म कर काम पर लौटने की अपील की है। हालांकि, सीएम के अनुरोध के बाद भी न्याय और कार्यस्थल की सुरक्षा की मांग को लेकर आमरण अनशन जारी है। दो हफ्ते से अधिक समय से अनशन पर बैठे हुए हैं। भूख हड़ताल पर बैठे कई डॉक्टरों की हालत बिगड़ती जा रही है। भूख हड़ताल पर बैठे छह डॉक्टर अस्पताल में भर्ती हैं, जबकि आठ अन्य अनिश्चितकालीन अनशन पर हैं।




### बैठक के लिए सरकार ने रखी शर्त

हालांकि, मुख्य सचिव ने जूनियर डॉक्टरों को ईमेल भेजकर बैठक के लिए शर्त रखी। उन्होंने कहा था कि अनशन खत्म करने के बाद ही नवान्न (सचिवालय) में सोमवार की बैठक होगी। जूनियर डॉक्टरों की तरफ से अभी इस मेल का जवाब दिया गया है या नहीं, यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। लेकिन सीएम के नियमंत्र पर जूनियर डॉक्टरों ने बैठक में शामिल होने की बात कही। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी मांगें मान ली जाती हैं तो वह भी काम पर लौटना चाहते हैं।

### 16वें दिन भी अनशन जारी

जूनियर डॉक्टर 16 दिनों से धर्मतला में अनशन पर बैठे हैं। इससे पहले शनिवार की शाम को सीएम ने आंदोलनकारी डॉक्टरों से बात करने के लिए राज्य के मुख्य सचिव मनोज पंत को अनशनस्थल पर भेजा। डॉक्टरों को बातचीत के लिए सोमवार को सचिवालय भी बुलाया। मंच पर पहुंचे पंत ने डॉक्टरों की फोन पर ममता बनर्जी से बात कराई। मुख्यमंत्री ने कहा था, अनशन समाप्त करने की अपील कर रही हूं। बातचीत के लिए आइए। हम अपनी क्षमता अनुसार प्रयास कर रहे हैं। लगभग सभी मांगें पूरी हो गई हैं। तीन से चार महीने का समय दीजिए। अस्पतालों में चुनाव कराएंगे। कृपया अनशन समाप्त करें। काम में शामिल हों। हालांकि, प्रदर्शनकारी डॉक्टरों ने अपनी सभी मांगें पूरी होने तक अपनी भूख हड़ताल समाप्त करने से इनकार कर दिया, लेकिन सोमवार को वार्ता में शामिल होने के लिए सहमत हुए।

### क्या बोली थीं सीएम?

सीएम ने कहा था कि स्वास्थ्य सचिव निगम को हटाने को छोड़कर आंदोलनकारियों की सभी मांगों से वह सहमत हैं। स्वास्थ्य विभाग से एक साथ सभी अधिकारियों को नहीं हटाया जा सकता है। पहले ही कई अधिकारियों को हटाया जा चुका है। मुख्यमंत्री ने आंदोलनकारियों को बातचीत के लिए सोमवार को शाम पांच बजे नवान्न (सचिवालय) में बैठक का समय दिया। लेकिन साथ ही यह भी कहा कि आंदोलनकारियों की तरफ से केवल 10 ही प्रतिनिधि आएं।

### डॉक्टरों ने सोमवार तक का दिया था समय

आंदोलनकारी जूनियर डॉक्टरों ने सरकार को चेतावनी दी थी कि अगर सोमवार तक उनकी मांगों पर कोई फैसला नहीं हुआ तो मंगलवार से सभी अस्पतालों में व्यापक हड़ताल होगी। इसमें वरिष्ठ और जूनियर डॉक्टर दोनों शामिल होंगे। उस चेतावनी के 24 घंटे के भीतर राज्य प्रशासन के शीर्ष अधिकारी अनशन मंच पर पहुंचे। मुख्य सचिव के साथ राज्य के गृह सचिव नंदिनी चक्रवर्ती भी थीं। कोलकाता पुलिस के डीसी सेंट्रल इंदिरा मुखोपाध्याय भी मौजूद थीं।

### मुख्य सचिव ने स्वास्थ्य की ली जानकारी

सूत्रों के अनुसार, मुख्य सचिव ने अनशनकारियों की स्वास्थ्य स्थिति की जानकारी ली। साथ ही, आंदोलनकारियों की मांगों पर भी चर्चा हुई। गौरतलब है कि इससे पहले भी आंदोलनकारियों ने मुख्य सचिव के साथ बैठक की थी। यह बैठक पूजा से पहले हुई थी, लेकिन वह विफल रही।

### डॉक्टर्स की ये हैं मांगें

पिछले कुछ दिनों में जब दुर्गा पूजा उत्सव चल रहा था, तब बड़ी संख्या में आम लोग भूख हड़ताल स्थल पर पहुंचे। जूनियर डॉक्टर, आरजी कर अस्पताल की पीड़िता के लिए न्याय और स्वास्थ्य सचिव को तत्काल हटाने की मांग कर रहे हैं। उनकी अन्य मांगों में राज्य के सभी अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों के लिए एक केंद्रीकृत रेफरल प्रणाली की स्थापना, एक बिस्तर रिक्ति निगरानी प्रणाली की शुरुआत, कार्यस्थलों पर सीसीटीवी, ऑन-कॉल रूम और वॉशरूम के लिए आवश्यक प्रावधान सुनिश्चित करने के लिए टास्क फोर्स का गठन शामिल है।

### पांच अक्तूबर से अनशन जारी

डॉक्टर्स की भूख हड़ताल की शुरुआत पांच अक्तूबर को हुई, जो दो चरणों में लगभग 50 दिनों के काम बंद के बाद शुरू हुई। भारतीय चिकित्सा संघ ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से स्थिति बिगड़ने से पहले हस्तक्षेप करने का आग्रह किया था।

## बीजेपी ने महाराष्ट्र के लिए जारी की 99 उम्मीदवारों की सूची

# फडणवीस को नागपुर दक्षिण पश्चिम से टिकट



■ कोलाबा से राहुल नार्वेकर, सतारा से छत्रपति शिवेंद्र राजे भोसले को उम्मीदवार बनाया गया

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई**

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है। पहली सूची में 99 उम्मीदवारों के नाम घोषित किए गए हैं। उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस नागपुर साउथ वेस्ट से, राज्य भाजपा प्रमुख चन्द्रशेखर बावनकुले कामठी से चुनाव लड़ेंगे। इसके अलावा भाजपा ने मंत्री गिरीश महाजन को जामनेर से, मंत्री सुधीर मुनगंटीवार को बल्लारपुर से, आशीष शेलार को वांद्रे वेस्ट से, मंगल प्रभात लोढ़ा को मालाबार हिल से टिकट दिया है। कोलाबा से राहुल नार्वेकर, सतारा से छत्रपति शिवेंद्र राजे भोसले को उम्मीदवार बनाया गया है।

### पूर्व सीएम अशोक चव्हाण की बेटी को भोकर से टिकट

भाजपा ने महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री व भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक चव्हाण की बेटी श्रीजया चव्हाण को पार्टी ने नांदेड़ जिले की भोकर विधानसभा सीट से टिकट दिया है।

### आशीष शेलार को वांद्रे वेस्ट से टिकट

भाजपा ने मुंबई इकाई के प्रमुख आशीष शेलार को वांद्रे वेस्ट से टिकट दिया है। आशीष शेलार महाराष्ट्र सरकार में मंत्री भी रहे हैं।

### पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भी लड़ेंगे चुनाव

भाजपा ने पाटी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष चंद्रकांत पाटिल को कोथरुड सीट से टिकट दिया है। वे मौजूदा महाराष्ट्र सरकार में उच्च और तकनीकी शिक्षा मंत्री हैं।

### विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर कोलाबा से प्रत्याशी

भाजपा ने महाराष्ट्र विधानसभा के अध्यक्ष राहुल सुरेश नार्वेकर को कोलाबा से प्रत्याशी बनाया है। उन्हें सुप्रीम कोर्ट ने शिवसेना विधायकों की अयोग्यता याचिकाओं पर फैसला करने का जिम्मा सौंपा था।

### पूर्व सीएम के बेटे को टिकट

भाजपा ने कंकावली सीट से पूर्व सीएम नारायण राणे के बेटे नीतेश नारायण राणे को टिकट दिया है। महाराष्ट्र में एक चरण में होंगे चुनाव महाराष्ट्र में एक चरण में चुनाव होंगे। 22 अक्तूबर को चुनाव की अधिसूचना जारी की जाएगी। नामांकन की आखिरी तारीख 29 अक्तूबर है। 30 अक्तूबर को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। इसके बाद नामांकन वापसी की आखिरी तारीख 4 नवंबर है। वहीं मतदान की तारीख 20 नवंबर है। मतगणना की तारीख 23 नवंबर है।

### एनसीपी को 50 सीटें देने की पेशकश की गई

भाजपा, शिवसेना (शिंदे) और एनसीपी (अजित) के बीच गठबंधन महाराष्ट्र में महायुति गठबंधन की सरकार है। इसमें भाजपा के साथ एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना और अजित पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी शामिल है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक भाजपा राज्य की 288 विधानसभा सीटों में से 158 सीटों पर चुनाव लड़ सकती है। जबकि एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना को बंटवारें के तहत 70 सीटें मिल सकती हैं और अजित पवार की एनसीपी को 50 सीटें देने की पेशकश की गई है। इसे लेकर अभी महायुति गठबंधन की ओर से अब तक कोई आधिकारिक एलान नहीं किया है।

## एक्सप्रेस खबरें...

### एक बार फिर विमानों में बम की धमकी, आपातकालीन लैंडिंग प्रोटोकॉल सक्रिय, उतारी गईं फ्लाइट्स

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली।** देश भर की तमाम एयरलाइन कंपनियों के विमानों में बम की धमकी मिलने का सिलसिला कई दिनों से जारी है। रविवार को भी कई विमानों में बम होने की धमकी दी गई। इसे लेकर एयरलाइंस ने आपातकालीन लैंडिंग प्रोटोकॉल सक्रिय कर दिया। धमकी मिलने के बाद कई विमानों की आपात लैंडिंग कराई गई। अकासा और विस्तारा एयरलाइंस के प्रवक्ताओं ने बताया कि फ्लाइट में बम की धमकी मिलने के बाद आपातकालीन लैंडिंग कराई गई। रविवार को इंडिगो, विस्तारा, एयर इंडिया और अकासा समेत 20 से अधिक भारतीय विमानों में बम की धमकी मिली। इंडिगो, विस्तारा और एयर इंडिया की छह-छह उड़ानों में बम होने की धमकी दी गई। इंडिगो के प्रवक्ता ने बताया कि इंडिगो की 6ई 58 जेद्दा से मुंबई, 6ई87 कोझिकोड से दम्मम, 6ई11 दिल्ली से इस्तांबुल, 6ई17 मुंबई से इस्तांबुल, 6ई133 पुणे से जोधपुर और 6ई112 गोवा से अहमदाबाद फ्लाइट में बम होने की धमकी मिलने के बाद सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन किया गया। प्रवक्ता ने बताया कि यात्रियों और चालक दल की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। हम संबंधित अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं और सभी आवश्यक सावधानियां बरत रहे हैं।

### टीएमसी ने उपचुनावों के लिए जारी की 6 उम्मीदवारों की लिस्ट, मेदिनीपुर से सुजॉय को मिली टिकट

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की सत्तारूढ पार्टी ने अगले महीने होने वाले विधानसभा उपचुनावों को लेकर छह उम्मीदवारों की सूची जारी की है। आगामी 13 नवंबर को इन सभी छह विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव होने हैं। उनमें कूच बिहार जिले में सीताई, अलीपुरद्वार जिले में मदारीहाट, उत्तर 24 परगना में नैहाटी और हरोआ, पश्चिम मिदनापुर जिले में मेदिनीपुर और बांकुरा जिले में तालडांगरा शामिल हैं। टीएमसी ने उपचुनाव के लिए सिताई से संगीता रॉय को, मदारीहाट (अनुसूचित जाति) सीट से जय प्रकाश तोप्पो को, तालडांगरा से फाल्गुनी सिंघाबाबू, मेदिनीपुर से सुजॉय हाजरा, हरोआ से शेख रबिउल इस्लाम और नैहाटी से सनत डे को टिकट दिया है। इससे पहले शनिवार को बीजेपी ने सभी 6 सीटों के लिए उम्मीदवारों के नामों का एलान किया था।

### संजय राउत का बीजेपी और चुनाव आयोग पर बड़ा आरोप, कहा, मिलीभगत से मतदाता सूची में कर रहे गड़बड़ी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के लिए 20 नवंबर को मतदान होगा। ऐसे में यहां के राजनीतिक दलों ने कमर कस ली है। इस बीच, उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना के सांसद संजय राउत ने भाजपा और चुनाव आयोग को लेकर बड़ी बात कह दी। उन्होंने भाजपा पर चुनाव आयोग की मिली भगत से राज्य में मतदाता सूची से छेड़छाड़ करने का आरोप लगाया है। साथ ही कहा कि विपक्ष इस मुद्दे को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उठाएगा। संजय राउत ने कहा, वे (भाजपा) चुनाव आयोग की मदद से मतदाता सूची में गड़बड़ी करने की कोशिश कर रहे हैं। भाजपा करीब 150 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ रही है और वह उन लोगों को ढूंढ रही है, जिन्होंने महा विकास आघाड़ी को वोट दिया है और उनके स्थान पर फर्जी मतदाताओं को वोट दे रहे हैं। इस बीच, महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए सिर्फ एक महीने के साथ, सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन और विपक्षी महा विकास अघाड़ी दोनों ने अपनी चुनावी तैयारी तेज कर दी है, जो अपने घटकों के बीच सीट बंटवारे की घोषणा करने की दिशा में काम कर रहे हैं। राज्य में 20 नवंबर को मतदान होगा और नतीजे 23 नवंबर को घोषित किए जाएंगे।

### एच1बी वीजा अब बीती बात: केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि भारत-अमेरिका संबंधों में अब एच1बी वीजा की चर्चा बीते दिनों की बात हो गई है। नई दिल्ली स्थित वाणिज्य भवन में एक बैठक के दौरान केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने ये बात कही। उन्होंने कहा कि अब भारत अमेरिका के बीच संबंधों का फोकस आर्थिक और रणनीतिक साझेदारी है। पीयूष गोयल हाल ही में अमेरिका के दौरे से लौटे हैं। अपने दो दिवसीय अमेरिका दौरे में पीयूष गोयल ने न्यूयॉर्क में विभिन्न कंपनियों के सीईओ के साथ बैठक की। अमेरिका में सीईओ के साथ बैठक में केंद्रीय मंत्री ने मोदी सरकार द्वारा किए गए सुधारों, भारत में विदेशी निवेश बढ़ाने, खासकर फार्मास्यूटिकल और हीरा सेक्टर में निवेश बढ़ाने पर चर्चा हुई। भारत में हीरा उद्योग के लिए सूरत एक प्रमुख केंद्र है। ऐसे में सूरत में विदेशी निवेश पर भी चर्चा हुई। अमेरिका दौरे पर पीयूष गोयल ने वहां के करीब 30 बिजनेस लीडर्स से मुलाकात की। पीयूष गोयल अमेरिका दौरे पर वॉशिंगटन भी गए और वहां सीईओ फोरम के 17 सीईओ के साथ बैठक की। इस बैठक में फोरम के पुनर्गठन पर चर्चा हुई। पीयूष गोयल के अमेरिका दौरे पर विभिन्न समझौता ज्ञापनों पर भी हस्ताक्षर हुए।



# ग्रामीण इलाकों में पानी के कनेक्शन में पांच गुना की वृद्धि, जल जीवन मिशन पर सामने आयी अहम रिपोर्ट

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

पिछले पांच वर्षों में भारत में ग्रामीण परिवारों के लिए नल के पानी के कनेक्शन में पांच गुना की वृद्धि देखने को मिली। एसबीआई ने एक रिपोर्ट जारी कर इसकी जानकारी दी। रिपोर्ट में इस प्रगति का श्रेय जल जीवन मिशन (जेजेएम) को दिया गया है। इस मिशन की शुरुआत 15 अगस्त 2019 में की गई थी। इसका एकमात्र लक्ष्य 2024 तक ग्रामीण इलाकों के प्रत्येक घर में नल का पानी उपलब्ध कराना था।



### नल के पानी के कनेक्शन में पांच गुना की वृद्धि

रिपोर्ट के अनुसार, अक्तूबर 2024 तक नल कनेक्शन वाले ग्रामीण परिवारों की संख्या बढ़कर 15.20 करोड़ हो गई। जेजेएम के लॉन्च के दौरान केवल 3.23 ग्रामीण परिवारों के पास ही नल का कनेक्शन था, लेकिन वर्तमान समय में इसमें पांच गुना वृद्धि हुई है। रिपोर्ट में बताया गया, 10 अक्तूबर 2024 तक जेजेएम के तहत 11.96 अतिरिक्त घरों को नल का कनेक्शन प्रदान किया गया। इसी के साथ अब मौजूदा समय में 15.20 करोड़ ग्रामीण परिवार नल के कनेक्शन का लाभ उठा रहे हैं। पिछले पांच वर्षों में इस मिशन ने शानदार तरक्की की है। इसका लक्ष्य 2024 तक 19.34 करोड़ परिवार को नल का कनेक्शन उपलब्ध कराना है। बता दें कि ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों तक पीने योग्य पानी की पहुंच के कारण जीवन की गुणवत्ता में काफी सुधार हुआ है। इससे स्वास्थ्य परिणामों में भी सुधार हुआ है और स्वच्छ पानी के कारण जल से होने वाले खतरे कम हो जाते हैं।

### क्या है जल जीवन मिशन?

जल जीवन मिशन को 2019 में शुरू किया गया था। इसे 3.60 लाख करोड़ की लागत से कार्यांवित किया जा रहा है, जिसमें केंद्र सरकार की तरफ से 2.08 लाख करोड़ और राज्यों की तरफ से 1.52 लाख करोड़ का योगदान है। यह मिशन अपने लक्ष्य को पूरा करने की राह पर है। जेजेएम का लक्ष्य केवल सभी के लिए सुरक्षित पेयजल पहुंचाना है।

# दिल्ली कोचिंग सेंटर मौत मामले में 'सुप्रीम' सुनवाई आज

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली में आईएएस कोचिंग के बेसमेंट में तीन छात्रों की मौत के मामले में सुप्रीम कोर्ट सोमवार को सुनवाई करेगा। अदालत की वेबसाइट पर बताया गया कि 21 अक्तूबर को न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ इस मामले की सुनवाई करेगी। इससे पहले शीर्ष अदालत ने 20 सितंबर को मौत की जांच के लिए केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त उच्च स्तरीय समिति को निर्देश दिया था कि ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए चार सप्ताह के अंदर अंतरिम उपाय पेश करे।

### यह है मामला

गौरतलब है कि दिल्ली के ओल्ड राजेंद्र नगर में 27 जुलाई को एक बड़ा हादसा हुआ था। यहां प्रतियोगी



परीक्षाओं की तैयारी कराने वाली राव एकेडेमी के बेसमेंट में पानी में डूबकर तीन बच्चों की मौत हो गई। राष्ट्रीय राजधानी में 27 जुलाई की शाम अचानक हुई बारिश के कारण लाइब्रेरी में पानी भर गया था। मृतकों दो छात्र और एक छात्रा शामिल थे। तीनों यूपीएससी की तैयारी कर रहे थे। मृतकों की पहचान तेलंगाना निवासी तान्या सोनी, केरल निवासी नेविन डाल्विन और यूपी निवासी श्रेया यादव के रूप में हुई।

# शोक समारोह में स्नैक्स खाने के बाद 200 लोगों की तबीयत बिगड़ी, अस्पताल में किया गया भर्ती



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। गुवाहटी**

असम के गोलाघाट जिले में एक शोक समारोह के दौरान स्नैक्स खाने के बाद फूड पॉयजनिंग के कारण लगभग 200 लोग बीमार हो गए। यह घटना शनिवार रात की है। सरूपथार इलाके के उरीआमघाट के पसघोरिया गांव में कई लोग प्रदीप गोगोई की मां के शोक सभा में शामिल होने के लिए एकत्रित हुए। एक अधिकारी ने बताया कि इस दौरान अतिथियों को पारंपरिक जलपान परोसा गया। अधिकारी ने कहा, जलपान खाने के बाद लोगों ने पेट दर्द, सिर दर्द, उल्टी और दस्त की शिकायत की। 53 लोगों को तुरंत स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। उनमें से दो को जोरहाट मेडिकल कॉलेज और अस्पताल ले जाया गया। अधिकारी ने कहा, पीड़ितों की स्थिति फिलहाल ठीक है। इलाज के बाद कई लोगों को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। करीब 150 लोगों, जिनमें मामूली लक्षण दिखे, वे अभी अपने-अपने घरों में हैं। उनके स्वास्थ्य की निगरानी की जा रही है।

### गांव में मेडिकल कैंप लगाया गया

पथार के भाजपा विधायक बिस्वाजीत फुकन ने अस्पताल का दौरा किया और लोगों की स्वास्थ्य स्थिति के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा, जिला प्रशासन ने मुझे सूचित किया कि खाद्य निरीक्षक गांव का दौरा करेंगे और फूड पॉयजनिंग के कारणों की जांच करेंगे। भाजपा विधायक ने आगे कहा कि गांव के मेडिकल कैंप लगाया गया है और ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि समारोह में आए सभी लोगों के घर पर मेडिकल टीम भेजी गई है। टीम स्वास्थ्य स्थितियों पर बारीकी से नजर बनाए हुए है। फिलहाल किसी भी व्यक्ति में कोई गंभीर लक्षण नहीं दिख रहे हैं।

# हमारे निरंतर प्रयासों का नतीजा

## बुजुर्गों के स्वास्थ्य बीमा को जीएसटी के दायरे से बाहर करने पर बोली ममता



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोलकाता**

केंद्र सरकार ने जीवन बीमा पॉलिसियों और वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम को जीएसटी के दायरे से बाहर करने का फैसला किया। केंद्र के इस फैसले पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने दावा किया कि यह फैसला राज्य सरकार के निरंतर प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि केंद्र सरकार आम लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए करो में कटौती करने को लेकर दबाव में है। एक अधिकारी ने बताया कि राज्य मंत्रिस्तरीय पैनल ने आम लोगों को टैक्स में कटौती का समर्थन किया। आम लोगों के लिए पांच लाख तक कवरेज वाले स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम को भी जीएसटी के दायरे से बाहर किया जा सकता है। वित्त मंत्री की अध्यक्षता में अगले महीने होने वाली जीएसटी परिषद की बैठक में किया जाएगा। स्वास्थ्य और जीवन बीमा प्रीमियम पर जीएसटी को लेकर निर्णय लेने वाले जीओएम ने शनिवार को बैठक की। उन्होंने इस बैठक में पांच लाख से अधिक स्वास्थ्य बीमा 18 फीसदी जीएसटी लगता रहेगा।

### वित्त मंत्री को लिखे एक पत्र की प्रति भी साझा की

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए सीएम ममता बनर्जी ने कहा, हमारे निरंतर प्रयासों का लाभ मिलता दिख रहा है। केंद्र सरकार को देखकर ऐसा लग रहा है कि स्वास्थ्य और जीवनबीमा पर 18 फीसदी जीएसटी के फैसले को वापस लेने के लिए जबाव बनाया गया है। इसके साथ ही उन्होंने अगस्त में वित्त मंत्री को लिखे एक पत्र की प्रति भी साझा की। उन्होंने कहा, मैंने केंद्रीय वित्त मंत्री को चिट्ठी लिखी थी। मैंने उन्हें चेतावनी दी थी कि स्वास्थ्य और चिकित्सा बीमा पर 18 फीसदी जीएसटी लगाने का उनका फैसला कमजोर व्यक्तियों को अपने बीमा कवरेज को सुरक्षित बनाने से रोकेगा।

### देशभर के लाखों परिवारों को बहुत लाभ होगा

ममता बनर्जी ने आगे कहा, यह हमारी तरफ से लगातार दबाव के कारण हुआ है। हमारे नेता जनविरोधी नीतियों के खिलाफ मजबूती से खड़े हुए हैं। हमारे सांसद लड़ रहे हैं। हमारी वित्त मंत्री ने भी अच्छा संघर्ष किया। उन्होंने कहा कि अंतिम निर्णय जीएसटी परिषद का होगा। अगर वह नरम होकर फैसला करेंगे तो देशभर के लाखों परिवारों को बहुत लाभ होगा।

# हैदराबाद के पब में छापा, अवैध गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में 140 गिरफ्तार, इनमें 40 महिलाएं

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। हैदराबाद**

तेलंगाना के हैदराबाद स्थित एक पब में पुलिस की छापेमारी में 140 लोगों को गिरफ्तार किया गया। बंजारा हिल्स स्थित इस पब से गिरफ्तार लोगों में 40 लोग महिलाएं भी शामिल हैं। बताया गया है कि पकड़े गए लोग अवैध गतिविधियों में शामिल थे। बताया गया है कि पुलिस ने खुफिया जानकारी मिलने के बाद रविवार को टीओएस पब में छापेमारी की थी। इसके बाद पब को सील कर दिया गया। 20 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है, जिनमें आधी महिलाएं हैं। पुलिस ने कहा कि आरोपियों पर अलग-अलग धाराओं में मामले दर्ज किए गए हैं। जिन लोगों पर केस हुए हैं, उनमें पब के मालिक, डीजे ऑपरेटर भी शामिल हैं। आरोपियों पर धारा 420, धारा



290 (सार्वजनिक तौर पर उपद्रव करने) और धारा 294 (भद्दे गाने और हरकतों) के मामले में केज दर्ज हुआ है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, यह छापेमारी मुख्य तौर पर पब में अभद्र डांस की शिकायतों को लेकर हुई। शिकायत थी कि पब के मालिकों ने अलग-अलग राज्यों की महिलाओं को कथित तौर पर अभद्र डांस के जरिए पुरुषों को रिझाने और पब का लाभ बढ़ाने के लिए रखा गया था। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि पुलिस अभियान से पहले पब को अवैध गतिविधियों के लिए निगरानी में रखा गया था। इसके बाद ही पुलिस की एक टीम ने पब पर छापेमारी की। बता दें कि पिछले महीने भी इसी तरह हैदराबाद में पांच पब्स में छापेमारी हुई थी। इनका नेतृत्व आबकारी प्रवर्तन विभाग के प्रमुख वीबी कमलासन रेड्डी ने किया था। जिन पब्स पर छापे डाले गए थे, उनमें शरलिंगमपल्ली में कोरम क्लब और जुबिली हिल्स में बेबीलॉन शामिल था।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)